खबरों के 70 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 06 अगस्त 2026 । वर्ष –70 । अंक –257 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ मोदी-शाह की ...
■ आप माफ करने वाले... 04
■ पाकिस्तान : कराची में अज्ञात लोगों ने...
■ दो साल बाद अपने देश लौटना चाहती हैं... 09
■ चांदी की कीमतों में 6,510 रुपए की तेजी
■ एलपीजी सिलेंडर को सरकार जल्द वसूल... 11
■ दिसम्बर से शुरू हो रहे...
■ दो मैचों की टेस्ट... 10

### छात्रों से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा–

# सख्ती नहीं, संवाद की जरूरत



सीजेआई बोले- युवाओं को सुनना सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में हुए सीजेपी के प्रदर्शन के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र में इस तरह के शांतिपूर्ण मार्च और प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों को भी संयम बरतना चाहिए। अधिकारियों को बेहद सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है, ताकि युवा हिंसा का रास्ता न अपनाएं। शीर्ष अदालत ने इस याचिका को अन्य लंबित मामलों के साथ टैग कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान अभद्र भाषा और गाली-गलौज करने वाले युवाओं को सात दिन की कम्युनिटी सर्विस देने और प्रदर्शन के आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका को अन्य लंबित मामलों के साथ टैग कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि- ये युवा हैं। इन्हें सलाह और काउंसलिंग की जरूरत है।

याचिका में मांग की गई थी कि छात्रों के विरोध-प्रदर्शन की आड़ में अभद्र भाषा और गालियों का इस्तेमाल करने वाले युवाओं को सात दिन की सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही प्रदर्शन के आयोजकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि युवाओं के साथ सख्ती से पेश आने के बजाय उन्हें समझाना और उनसे बातचीत करना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी ताकत लोगों को सुनने में है। यह समझने में है कि वे क्या कह रहे हैं, क्यों नाराज हैं और किस वजह से आंदोलन कर रहे हैं।

### हिंसक प्रतिक्रिया से स्थिति और बिगड़ सकती है

पीठ ने कहा कि अगर कुछ भटके हुए लोग पत्थरबाजी जैसी घटनाओं में शामिल भी हो जाएं, तब भी हिंसक प्रतिक्रिया से स्थिति और बिगड़ सकती है। अदालत के मुताबिक, युवाओं को समझाने और उनसे संवाद करने की जरूरत है। अदालत ने कहा कि शक्तिशाली राज्य के नाम पर दूसरी ओर से दिखाई गई आक्रामकता भी हालात को अनावश्यक रूप से गंभीर बना सकती है और आगे हिंसा को जन्म दे सकती है। इसलिए ऐसी स्थिति से बचा जाना चाहिए।

## सार संक्षेप

### रिजिजू ने राहुल और प्रियंका से की मुलाकात

परिसीमन और महिला आरक्षण संशोधन बिल पर मांगा समर्थन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद का गतिरोध तीसरे हफ्ते पहुंच गया है, लेकिन केंद्र सरकार किसी तरह इस हंगामे को खत्म करने की पहल में जुट गई है। इसी पहल के तहत संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और उनसे पार्लियामेंट की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए मदद मांगी। सूत्रों के हवाले से बताया कि राहुल गांधी ने रिजिजू से स्पष्ट कहा कि सदन में गृह मंत्री के बयान के बिना कार्यवाही नहीं चलेगी। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी दलों के नारेबाजी के बीच लोकसभा की बैठक शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर स्थगित होने के तुरंत बाद रिजिजू ने राहुल गांधी से उनके कक्ष में मुलाकात की। रिजिजू ने परिसीमन विधेयक और महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर कांग्रेस का सहयोग मांगा, जिसे सरकार मौजूदा सत्र में फिर से पेश करने के लिए उत्सुक है। रिजिजू ने वायनाड सांसद प्रियंका से भी मुलाकात की।

### पीएम मोदी का वीडियो हटाने पर मेटा ने माफी मांगी

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फेसबुक पोस्ट अस्थायी रूप से हटाए जाने के बाद मेटा ने सरकार से माफी मांग ली है। कंपनी के ग्लोबल अफेयर्स प्रमुख जोएल कपलान ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री की पोस्ट पर लगी रोक तकनीकी गलती थी और इसके लिए मेटा की ओर से खेद जताया गया है।

### बिरादरी की बात

**चूहा**–सुनती हो- महंगाई लक्ष्य से ऊपर पहुंच रही है।
**चुहिया**– हां प्रिये- सड़क से लेकर रसोई तक `आम आदमी के बजट का लक्ष्य' एड़ियां रगड़ रहा है।

### नहीं बदलीं ब्याज दरें, 5. 25 फीसदी पर बरकरार
### आरबीआई ने जीडीपी ग्रोथ का बढ़ाया अनुमान

# लक्ष्य से ऊपर पहुंची महंगाई

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में इस बार भी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया। रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। आरबीआई एमपीसी की बैठक 3 से 5 अगस्त के बीच आयोजित हुई है। इससे पहले जून में हुई पॉलिसी मीटिंग में भी ब्याज दरों को यथावत रखा गया था। साथ ही आरबीआई ने जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान भी बढ़ाया है।



**टार्गेट से ऊपर पहुंची खुदरा महंगाई दर**–आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति की घोषणा के दौरान कहा कि खुदरा महंगाई दर टार्गेट से ऊपर पहुंच गई है। उन्होंने कहा, महंगाई में बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य और ईंधन की कीमतें हैं। कोर महंगाई अभी भी नियंत्रित बनी हुई है। इस साल की तीसरी तिमाही (एफवाई3) में हेडलाइन महंगाई अपने उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हेडलाइन महंगाई बढने का अनुमान है, जिसकी प्रमुख वजह खाद्य और ईंधन से जुड़ा आपूर्ति पक्ष का दबाव होगा। वहीं, कोर महंगाई फिलहाल मध्यम स्तर पर बनी हुई है और इसमें कमी आने की संभावना है। संजय मल्होत्रा ने कहा कि कीमती धातुओं (सोना-चांदी) को छोड़कर देखा जाए तो मूल महंगाई अभी भी नियंत्रित है और पहले के अनुमानों के अनुरूप बनी हुई है।

> चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.6 प्रतिशत था।

**चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई के नए अनुमान**–आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## छात्रों के खिलाफ 'हिंसा' के लिए शाह जिम्मेदार : राहुल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आंदोलनरत छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के लिए गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए छात्रों को नहीं डरने की सलाह दी और कहा कि उन्होंने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर संविधान की रक्षा की है इसलिए वह हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े हैं। श्री गांधी ने बुधवार को 10 जनपथ के बाहर देश के विभिन्न हिस्सों से आए छात्र आंदोलनकारियों के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि- उन्होंने इन युवाओं से बातचीत की है। ये युवा देश के अलग-अलग राज्यों से आए हैं और सभी ने बताया कि उन्होंने किसी प्रकार की हिंसा नहीं की लेकिन उनके साथ हिंसा हुई है और धमकी देकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'जब किसी नागरिक के साथ अन्याय होता है तो उसकी मदद करना हमारा कर्तव्य है। युवाओं को किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

## बच्चों के कंधों पर बंदूक रखकर राजनीति न करें राहुलः भाजपा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रेस कॉफ्रेंस किए जाने के बाद भाजपा ने तत्काल जवाब दिया और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर विद्यार्थियों के नाम पर चुनिंदा तरीके की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उनसे मासूम बच्चों के कंधों पर बंदूक रखकर राजनीति करने की गुरेज करने की अपील की है। पात्रा ने बुधवार को को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा- 'भाजपा ने इस मंच से और सदन में बहुत ही स्पष्टता के साथ कहा था कि 20 तारीख को दिल्ली में 'संसद चलो आंदोलन' के दौरान कोई गोलीबारी नहीं हुई थी और आज भी कह रहा हूं कि उस दिन गोलीबारी नहीं हुई थी। पात्रा ने कांग्रेस और विपक्ष पर आरोप लगाया है कि- वह अपनी राजनीति चमकाने के लिए बिना तथ्यों के आरोप मढ़ने और देश को भ्रमित करने में जुटे हैं, जो गलत है। जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

### सिद्धिविनायक मंदिर दान घोटाले पर कार्रवाई

## 5 साल के चढ़ावे का होगा ऑडिट, 9 गिरफ्तार, 46 कर्मचारी निलंबित

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में कथित दान घोटाले को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। महाराष्ट्र सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर की दान पेटी में पिछले पांच वर्षों के दौरान जमा नकदी और चढ़ावे में मिले सोने-चांदी के आभूषणों का विशेष ऑडिट कराने का फैसला किया है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पांच वर्षों के दान का ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि इस जांच के बाद घोटाले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब राज ठाकरे ने दावा किया कि सिद्धिविनायक मंदिर की दान पेटी से हर साल करीब 18 करोड़ रुपये की हेराफेरी की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक पत्र भी भेजा गया था, जिसमें मंदिर कर्मचारियों की संलिप्तता का उल्लेख था।

### दान पेटी से हर साल करीब 18 करोड़ रुपये की हेराफेरी का दावा

राज ठाकरे के अनुसार, जिन कर्मचारियों पर चोरी का संदेह था, उनके पकड़े जाने के बाद मंदिर में मिलने वाले दान की औसत राशि में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसने स्वयं मई महीने में कानून एवं न्याय विभाग को पत्र लिखकर पिछले पांच वर्षों के दान का विस्तृत ऑडिट कराने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट अध्यक्ष सदा सरवणकर और ट्रस्टी राहुल लोंढे के अनुसार, दान राशि में गड़बड़ी की जानकारी मिलते ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के प्रमुख विश्वास नांगरे पाटिल से ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक : मुख्यमंत्री

◆ शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाने के दिये निर्देश
◆ मुख्यमंत्री ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यवस्थित ग्रामीण विकास और जनकल्याण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक है। शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाई जाए।

नगरों के निकट विद्यमान पंचायतों के प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाये ताकि आसपास के क्षेत्र में सड़कें व अन्य अधोसंरचना व्यवस्थित रूप से विकसित हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि- अगले वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, वीबी जी राम जी योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, विभाग की राज्य मंत्री राधा सिंह, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अतः मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत घरों में गौपालन को भी प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही गो-समितियों को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में बताया गया कि- 10 हजार 554 ग्राम पंचायतों में ऑनलाईन सेवाएं शुरू हुईं हैं।

## नए साल से आ सकते हैं प्लास्टिक वाले नोट

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अगर सबकुछ ठीक रहा तो आप नए साल में प्लास्टिक के नोट का इस्तेमाल कर सकेंगे। दरअसल, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि- आरबीआई अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में पॉलिमर यानी प्लास्टिक के नोट जारी करने की तैयारी कर रहा है। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा के बाद मल्होत्रा ने कहा कि कुछ देशों में पॉलिमर नोट का 30 वर्षों से अधिक समय तक चलने का रिकॉर्ड हैं। ये नोट खासतौर पर कम मूल्य वर्ग के नोटों के लिए उपयोगी होंगे, क्योंकि इनका उपयोग और चलन अधिक होता है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि अभी पॉलिमर के कागज के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इसके बाद उस पर परीक्षण किए जाएंगे और फिर सुरक्षा संबंधी स्वीकृतियां ली जाएंगी। इसके कई चरण और सिक्योरिटी फीचर हैं।



## कांग्रेस : मप्र के सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग, नए गठन की तैयारी शुरू

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने संगठन में व्यापक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के सभी विभागों और प्रकोष्ठों की प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर तक की इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि- यह निर्णय संगठन के पुनर्गठन अभियान के तहत लिया गया है। दिल्ली में पिछले दो दिनों से कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' की समीक्षा बैठक चल रही है। बैठक में प्रदेश संगठन को अधिक सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसी मंथन के बाद सभी विभागों और प्रकोष्ठों को भंग करने का फैसला लिया गया। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने आधिकारिक आदेश जारी कर प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर तक सभी विभागों और प्रकोष्ठों की इकाइयों को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिए हैं।







### बारिश का संकट गहराया

# प्रदेश के 43 जिले औसत वर्षा से पीछे

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में मानसून की रफ्तार फिर धीमी पड़ गई है। लगातार पांच दिनों से कहीं भी व्यापक और भारी बारिश दर्ज नहीं होने से प्रदेश में वर्षा का घाटा बढ़कर 18 प्रतिशत तक पहुंच गया है। हालात यह हैं कि 55 में से 43 जिले सामान्य बारिश से पीछे चल रहे हैं और पूरे सीजन में अब तक औसत से करीब साढ़े तीन इंच कम पानी बरसा है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मौसम प्रणालियां पर्याप्त मजबूत नहीं रहीं, इसलिए प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश ही हुई। हालांकि, अब उत्तर भारत में सक्रिय दो चक्रवाती परिसंचरण और नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

**आज इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**–बुधवार को दतिया, भिंड, छतरपुर, पन्ना और सतना में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



### 18 प्रतिशत पानी की कमी

**पूर्वी मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा प्रभावित**–कम वर्षा से सबसे ज्यादा जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में हालात अधिक चिंताजनक हैं। यहां औसतन 22 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है और सभी जिले सामान्य से पीछे हैं। वहीं पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी 15 प्रतिशत बारिश की कमी बनी हुई है। केवल बड़वानी, भिंड, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, खंडवा और खरगोन ऐसे जिले हैं, जहां औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है।

### कोटे की आधी बारिश भी नहीं हुई

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में अब तक औसतन 16 इंच (407.2 मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस समय तक 19.5 इंच (495.2 मिमी) बारिश हो जानी चाहिए थी। यानी प्रदेश सामान्य से करीब 18 प्रतिशत पीछे है और अब तक सामान्य वर्षा का आधा आंकड़ा भी पूरा नहीं हो सका।

**अब नए सिस्टम से उम्मीद**–मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों में मानसून फिर जोर पकड़ सकता है और प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2026-2028

## पाकिस्तान : विदेशी पत्रकारों को इस्लामाबाद, लाहौर, कराची से बाहर जाने लेनी होगी एनओसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने विदेशी मीडिया कर्मियों पर नई रोक लगाई है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय न्यूज संस्थानों के लिए काम करने वाले पत्रकारों को रिपोर्टिंग असाइनमेंट के लिए इस्लामाबाद, लाहौर और कराची से बाहर जाने से पहले नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना होगा। पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की तरफ से जारी नई गाइडलाइंस देश में काम कर रहे विदेशी मीडिया संस्थानों और पत्रकारों के रजिस्ट्रेशन, एक्रेडिटेशन और मूवमेंट को कंट्रोल करता है। इन नियमों के तहत पत्रकारों को इस्लामाबाद, लाहौर और कराची के अंदर यात्रा करते समय नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की ज़रूरत से छूट दी गई है। एबटाबाद और मरी की पर्सनल यात्रा के लिए वे मंत्रालय के एक्सटर्नल पब्लिसिटी विंग के ज़रिए एनओसी के लिए अप्लाई कर सकते हैं, और तीन दिनों में अप्रूवल मिलने की उम्मीद है।

## 20 मिनट में 7 धमाकेः दुबई में तबाड़तोड़ हमलों से धुआं-धुआं हुआ शहर

**यूएई।** दुबई के जेबेल अली इंडस्ट्रियल क्षेत्र में कई धमाकों हुए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में रात के आसमान में धुएं के घने गुबार छाए हुए दिखाई दे रहे हैं। ईरान की मेहर समाचार एजेंसी ने अमीराती अधिकारियों के हवाले से बताया कि 20 मिनट के अंदर कम से कम सात धमाके हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना का वीडियो बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभी यह साफ नहीं है कि यह घटना किसी हमले का नतीजा थी या कोई औद्योगिक दुर्घटना।

**इराक के मीडिया ने क्या दावा किया-** इराक के समाचार माध्यमों ने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच यमन से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर मिसाइल हमला किया गया। वहीं, ने कहा है कि ये ईरान की कायराना हिमाकत है। वहीं, मेहर की रिपोर्ट में नासा की थर्मल इमेजिंग का हवाला देते हुए बताया गया है कि बंदरगाह से सटे एक गोदाम में आग लग गई थी, जिसका इस्तेमाल ईंधन के भंडारण और ट्रांसफर के लिए किया जाता था। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने या नुकसान की जानकारी तुरंत नहीं मिल पाई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में धमाकों के बाद की तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें रिहायशी इलाके के पास रात के आसमान में काला धुआं उठता दिख रहा है।

**दुबई में कहां स्थित है जेबेल अली**-दुबई शहर के सेंटर से लगभग 25 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित जेबेल अली, यूएई के अहम शॉपिंग हब में से एक है। यहां कृत्रिम द्वीपों का समूह 'पाम जेबेल अली' और दुनिया के सबसे बड़े मानव-निर्मित बंदरगाह के पास एक फ्री ट्रेड जोन है, ताकि अंतरराष्ट्रीय शिपिंग आसानी से हो सके। अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान यूएई हाई अलर्ट पर रहा है, क्योंकि इस इलाके में अमेरिका के सहयोगियों पर तेहरान के जवाबी हमलों में यूएई अक्सर निशाना बनता रहा है।

### शेख हसीना ने किया ऐलान

## 'दिसम्बर में बांग्लादेश लौटूंगी'

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** बांग्लादेश की पूर्व अपदस्थ प्रधानमंत्री और अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने सत्ता से हटाए जाने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। नई दिल्ली में आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उन्हें अपने देश से दूर रहने के लिए मजबूर किया गया, लेकिन वह कभी भी बांग्लादेश की जनता से अलग नहीं हुईं। उन्होंने साफ कहा कि वह हर हाल में अपने देश लौटेंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जेल भेजा जाए या उनकी जान चली जाए, लेकिन जनता के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए वह बांग्लादेश जरूर लौटेंगी। हसीना ने अपने संबोधन में बांग्लादेश की मौजूदा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि जुलाई-अगस्त 2024 का आंदोलन शुरू से शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन नहीं था, बल्कि इसे योजनाबद्ध तरीके से उनकी सरकार को हटाने के अभियान में बदल दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन की आड़ में संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला किया गया। उनके अनुसार, उनकी सरकार ने हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग बनाया था, लेकिन सत्ता बदलने के बाद अंतरिम सरकार ने जांच रोक दी।

**यूनुस सरकार पर कई आरोप लगाए गए**-हसीना ने दावा किया कि अंतरिम यूनुस सरकार ने हिंसा में शामिल लोगों को कानूनी सुरक्षा देकर न्याय प्रक्रिया को कमजोर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों की हत्या करने वालों तक को संरक्षण मिला।

---

### न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1456/अ-6/2026-2027

जबलपुर, दिनांक 30/07/26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती हेमलता रबडे पति श्री लखन रबड़े निवासी- 132 गंजीपुरा नार्मल गर्ल्स स्कूल के सामने के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नजूल ब्लाक नंबर .... प्लाट नं. .... स्थित भूमि खसरा नंबर 288/6/5/1/1/1 में से रकवा 2400 वर्गफुट भूमि पर विक्रय पत्र 18/3/2004 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 17/08/26 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 30/07/2026

पेशी दिनांक- 17/08/2026

र.नं. 1644 — **तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1335/अ-6/2026-2027

जबलपुर, दिनांक 05/08/26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राजेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार सोनी पिता स्व. शंकरलाल सोनी निवासी- उपरैनगंज दीक्षितपुरा जबलपुर के द्वारा मौजा ... नजूल ब्लाक नंबर 8 प्लाट नं. 95 स्थित भूमि खसरा नंबर .... में से रकवा 3965 वर्तमान भूमि पर शंकर लाल (10/5/1990) कुसुम देवी (3/12/17) बालमुकुंद की मृत्यु दिनांक 28/11/2021 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20/08/26 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 05/08/2026

पेशी दिनांक- 20/08/2026

र.नं. 1647 — **तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

### कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करेली जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

janpadkareli@gmail.com.jpkarnar@nic.in

क्र ./4646 ज.पं./2026 — करेली, दि.5.8.2026

**विज्ञप्ति**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला पंचायत (पी.एम. पोषण) नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक/2474/जि.पं./पी.एम. पोषण/2026 नरसिंहपुर दि. 3.7.2026 के द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में किचनशेड की दीवारों में मेनू, संबंधित स्व सहायता समूह का नाम, अध्यक्ष / सचिव का नाम व मो. नं. तथा कार्यरत् रसोईयों के नाम व मोबाईल नंबर दर्ज कराये जाने है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक पेंटर / लेखन कार्य करने वाले व्यक्ति दिनांक 4.8.2026 से दिनांक -11.8.2026 में दोपहर 1 बजे तक आवेदन पत्र जनपद पंचायत करेली में जमा कर सकते है।

| क्र. | लेखन कार्य हेतु कुल शालाओं की संख्या | आवेदन तिथि |
|---|---|---|
| 1 | | |
| | 01 से अधिकतम 126 | दिनांक - 4.8.2026 से दिनांक - 11.8.2026 में दोपहर 1 बजे तक |

लेखन कार्य प्राप्त करने संबंधी अन्य शर्ते एवं नियम कार्यालयीन समय पर जनपद पंचायत करेली में उपस्थित होकर कार्यालय केसूचना पटल पर देखे जा सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत करेली

### CHANGE OF NAME

It is for general information that I, Niharika Barman D/o Late S K Barman R/o Krishna Colony, Near Rajesh Kirana Store, Rajiv Gandhi Ward Damoh Naka, Distt-Jabalpur, Madhya Pradesh - 482002, declare that name of my father has been wrongly written as Santosh Kumar Barman in my Higher Secondary School Marksheet Cum Certificate, B. Com. Annual Part III Statement of Marks, PAN : EQDPB0400A & Driving Licence : MP20N-2019-0288839 and as Santosh Barman in my Caste Certificate No. RS/451/0106/68333/2015. The actual name of my father is S K Barman, which may be amended accordingly.

कृति

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि स्व. श्री जयंती भाई उर्फ बाबू भाई पटेल आत्मज स्व. श्री नानजी भाई पटेल पता 1003 गंगा सागर गढ़ा रोड़ जबलपुर के नाम से पुत्र श्री प्रफुल्ल पटेल पिता स्व. श्री जयंती भाई उर्फ बाबू भाई पटेल के नाम पर नामांतरण हेतु प्रस्तावित है। उनके स्वामित्व की एक नग आरा मशीन( आरा मशीन अनुज्ञप्ति क्रमांक / JBP/SM/2012/67 ) मेक वर्ष 1960 ( माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रेषित सूची में क्रमांक 320 ) क्षमता 10 HP है। वर्तमान में स्थापित स्थल पता -1003 गंगा सागर गढ़ा रोड़ जबलपुर है। पिन कोड 482003 म.प्र. के नाम पर पंजीकृत है। उक्त आरा मशीन लायसेंस का नामांतरण व स्वामित्व हस्तांतरण कर श्री प्रफुल्ल पटेल पिता स्व. श्री जयंती भाई उर्फ बाबूभाई पटेल पता 1003 गंगा सागर गढ़ा रोड़ जबलपुर जिला जबलपुर ( म.प्र. ) के नाम पर दर्ज कराया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संबंध में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपने प्रमाण सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नाम परिवर्तन /हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जाएगी।

**निवेदक**
**श्री प्रफुल्ल पटेल**
**पिता स्व. श्री जयंती भाई उर्फ बाबू भाई पटेल**
**पता -1003 गंगा सागर गढ़ा रोड जबलपुर**

र.नं. 1635

---

# प्रथम पृष्ठ का शेष

### लक्ष्य से ऊपर.....

यह पहले के अनुमान से 10 बेसिस प्वाइंट (0.10 प्रतिशत) कम है। यह अनुमान पहली तिमाही के लिए 5.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही के लिए 4.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के लिए 5.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 5.5 प्रतिशत है। आरबीआई ने यानी इसमें 10 बेसिस प्वाइंट (0.10 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की गई है। मौद्रिक नीति समिति का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में कोर महंगाई 4.3 प्रतिशत रहेगी। उन्होंने कहा, निजी खपत को विवेकाधीन खर्च का मजबूत सपोर्ट मिला है। कुल मिलाकर पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा। जुलाई के पहले सप्ताह से भू-राजनीतिक तनाव दोबारा बढ़ने के कारण एनर्जी की कीमतों में उतार-चढ़ाव तेज हो गया है। वहीं, पहली तिमाही के शुरुआती कॉरपोरेट नतीजे बताते हैं कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का प्रदर्शन अच्छा रहा है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर मजबूत बनी हुई है, लेकिन चालू वित्त वर्ष में इसके पिछले अनुमान से कुछ कम रहने की संभावना है। हालांकि, वैश्विक व्यापार नीति को लेकर बनी अनिश्चितताओं के कारण आगे का परिदृश्य अभी स्पष्ट नहीं है। खासकर महंगाई की दिशा और उसके स्वरूप पर अधिक स्पष्टता आने के बाद ही कोई नीतिगत फैसला लिया जाएगा। संजय मल्होत्रा ने कहा, अल नीनो का असर महंगाई के लिए एक बड़ा जोखिम बना हुआ है। इसके अलावा, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, जिससे निकट अवधि के महंगाई अनुमान पर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, अभी तक व्यापक स्तर पर महंगाई का दबाव सीमित है, लेकिन खाद्य, ईंधन और अन्य इनपुट लागत में बढ़ोतरी का असर आगे चलकर अन्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर भी पड़ सकता है।

### पांच साल के .....

शिकायत की गई थी, जिसके बाद मंदिर में अतिरिक्त पुलिस सुरक्षा तैनात की गई। मार्च में दान पेटी से नकदी गायब होने का मामला सामने आया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में कुछ कर्मचारी छोटी दान पेटियों से नकदी निकालते हुए दिखाई दिए। इसके बाद एसीबी की निगरानी में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजन पेंडुलकर समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अब तक इस मामले में 46 कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है। ट्रस्ट ने पूरे मामले की सीआईडी जांच कराने की भी मांग की है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, दान चोरी के अलावा ऑनलाइन भुगतान लेकर वीआईपी दर्शन कराने, फूल विक्रेताओं और टैक्सी चालकों के माध्यम से अवैध दर्शन कराने वाले नेटवर्क पर भी कार्रवाई की गई है। ट्रस्ट का दावा है कि ऐसी सभी गतिविधियों पर अब रोक लगा दी गई है। सदा सरवणकर ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार किए गए कुछ कर्मचारियों के संबंध पूर्व ट्रस्ट बोर्ड और शिव सेना (यूबीटी) से जुड़े लोगों से थे। हालांकि, इन आरोपों की अभी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

---

### न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं./1123/अ-6/2026-27

जबलपुर, दिनांक ..../...../2026

**आम इश्तहार**

एदत् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सगड़ा प.ह.नं. 28 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका- अनुष्का चौधरी पति/पिता सुनील कु. जैन निवासी नागपुर रोड सगड़ा जिला जबलपुर के द्वारा ग्राम सगड़ा नं.बं. 421 प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. ... तहसील गोरखपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 213/4 रकवा 2800 वर्गफुट पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक..... दिनांक ..... के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। वसीयत के आधार पर नामांतरण

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 06/08/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/7/26 को जारी।

जारी दिनांक 21/07/2026

पेशी दिनांक 06/08/2026

र.नं. 1637 — **तहसीलदार गोरखपुर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग गोरखपुर जबलपुर (म.प्र.)

रा.प्र.क्र. 0054/ अपील/2026-27

श्री मनोज चान्दुरकर पिता स्व. श्री आर. के. चान्दुरकर निवासी म.नं. 1532 रतन कॉलोनी गोरखपुर, जबलपुर ........... अपीलार्थी

विरुद्ध

श्रीमती मोहिनी एल धर्मानी पिता श्री लक्ष्मण धर्मानी निवासी म.नं. 1536 गोरखपुर, जबलपुर ..........गैरअपीलार्थी

**आम सूचना एवं इश्तहार**

एतत् द्वारा प्रत्यर्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री मनोज चान्दुरकर पिता स्व. श्री आर. के. चान्दुरक निवासी म.नं. 1532 रतन कॉलोनी गोरखपुर जबलपुर ( म.प्र. ) द्वारा म.प्र.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44 के अंतर्गत इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई है।

प्रतिअपीलार्थी एवं वादग्रस्त भूमि मौजा गोरखपुर स्थित भूमि डायवर्सन प्लाट नं. 433 शीट नं. 274 रकवा 1240 वर्गफुट स्थित भूमि पर हित रखने वालो को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 17/08/26 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिशाषक के साथ उपस्थित होकर दावे एवं आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते है।

नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नही की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुणदोश के आधार पर किया जावेगा।

आज दिनांक 31/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नियत पेशी दिनांक - 17/08/2026

र.नं. 1641 — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग गोरखपुर जिला जबलपुर**

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

(फौती)

रा.प्र.क्रं/400/अ-6/2026-2027

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मीरा बाई पाल पति भगवती पाल व अन्य नि.- 1427 हनुमान होटल लालमाटी जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 140 प्लाट नं. 1/151 रकवा 936 व.फु./हे. ग्राम .... प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा .... व.फु./हे. पर विक्रय पत्र दिनांक 12/09/2002 मृत्यु दिनांक 24/05/2000 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र विक्रय पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल करियापाथर ब्लाक नं. 140 प्लाट नं. 1/151 रकवा 559 व.फु./हे. ग्राम ... प.ह.नं. .... खसरा नं. .... रकवा ... व.फु./हे. पर रामबाई विधवा जगन्नाथ सा. लालमाटी के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 05/08/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 20/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 20/05/2026

पेशी दिनांक 05/08/2026

र.नं. 1646 — **तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

### FOR CHANGE OF NAME

I, VINAY PRAKASH RAVIDAS S/O BHARAT RAM, residing at H. No. 5, Chandralok Parisar Colony, Foji Kirana Store Ke Samne, Mohaniya, Manegaon, Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005 have changed the name of my minor son ARADHYA RAVIDAS, aged 12 years and he shall hereafter be known as AYAAN RAVIDAS.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Old Name
ARADHYA RAVIDAS
New Name
AYAAN RAVIDAS

कृति

### FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, DEEN DAYAL CHOUDHARY S/o AKCHE LAL CHOUDHARY, residing at Vishwakarma Mohalla, Manegaon, Ranjhi, Post Office Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005, declare that name of mine and my father has been wrongly written as DEEN DAYAL CHAMAR and ACHEEY LAL in my Service Record. The actual name of mine and my father are DEEN DAYAL CHOUDHARY and AKCHE LAL CHOUDHARY respectively, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(DEEN DAYAL CHOUDHARY)
Applicant

कृति

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

(फौती)

रा.प्र.क्रं/737/अ-6/2026-2027

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छाया झा पति स्व. त्रिभुवन दयाल झा नि.- 3133 चुंगी चौकी पूर्वी घमापुर जबलपुर ने मौजा घमापुर नजूल ब्लाक नं./डाय. शीट नं. 150 प्लाट नं. 5/2, 5/3 रकवा 770, 2050 व.फु./हे. खसरा नं. .... रकवा 770, 2050 व.फु./हे. पर वसीयतनामा दिनांक 07/10/1976 के आधार पर क्रेता/खातेदार की मृत्यु दिनांक 11/10/1976, 16/03/2002 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ... ब्लाक नं. 150 प्लाट नं. 5/2, 5/3 रकवा 770, 2050 व.फु./हे. ग्राम घमापुर प.ह.नं. .... खसरा नं. .... रकवा 770, 2050 व.फु./हे. पर पतिराम वल्द लक्ष्मण प्रसाद झा सा. करियापाथर के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/08/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 04/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 04/08/2026

पेशी दिनांक 18/08/2026

र.नं. 1646 — **तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

### FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, SUNIL KUMAR DIWAN S/o RAM NATH, residing at H. No. 175, Poli Pather, Narmada Road, Near Mayur Kala Temple, Housing Board Colony, Gwarighat, Jabalpur (M.P.) 482008, declare that name of mine has been wrongly written as SUNIL KUMAR in my Service Record and Class 10th, 12th Educational Documents and as SUNIL KUMAR KORI in my Aadhar Card No.4788 9874 5052 & PAN Card No.AGPPK7997K. The actual name of mine is SUNIL KUMAR DIWAN, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(SUNIL KUMAR DIWAN )
Applicant

कृति

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं पुष्पराज गोटिया (PUSHPRAJ GONTIYA) उम्र 46 वर्ष आत्मज श्री रामाधीन गोटिया निवासी - म.नं. 1090, नानक नगर, मानेगांव रांझी, लाला लाजपतराय वार्ड क्रं. 70, थाना रांझी जिला जबलपुर म.प्र.- 482005, मैं आयुध निर्माणी खमरिया सेक्शन अग्नी समन अनुभाग, पर्सनल नं. 002539, स्पर्श नं. 819829, सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत हूँ! मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम पुष्पराज (PUSHPRAJ) अंकित हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम पर पुष्पराज गोटिया (PUSHPRAJ GONTIYA) दर्ज है! अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम पुष्पराज की जगह सही नाम पुष्पराज गोटिया (PUSHPRAJ GONTIYA) जाना-पहचाना व दर्ज किया जावें !

पुराना नाम - पुष्पराज
(PUSHPRAJ)
नया नाम - पुष्पराल गोंटिया
(PUSHPRAJ GONTIYA)

कृति

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खम्हरिया वृत्त जबलपुर

रा.प्र.क्र.0407/अ-6/2026-27

**आम ईश्तहार**

ग्राम सालीवाडा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री चैतन्य देव सिन्हा पिता श्री हरिशंकर प्रसाद सिन्हा निवासी:- सी-802. प्लाट नं. 12, रामकृष्ण अपार्टमेंट, द्वारिका न्यू दिल्ली स्थाई निवासी: कर्न सी डी सिन्हा एम.आई.जी. बी/105, हरमु हाउसिंग कालोनी रांची झारखण्ड हालमुकामः- जबलपुर ने ग्राम सालीवाडा प.ह.नं. 76, राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 254 का भाग में से विक्रय प्लाट नं. 110 रकवा 1125 वर्गफुट भूमि के ई-पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 2764 दिनांक 10/02/2014 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। अतः उक्त भूमि के विक्रय पत्र आधार पर नामांतरण तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 12.8.26 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी दिनांक व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। इश्तहार आज दिनांक 5/8/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 05/08/2026

पेशी दिनांक 12/08/2026

र.नं. 1643 — **नायब तहसीलदार खम्हरिया वृत्त जबलपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

(विक्रय-पत्र)

रा.प्र.क्र./3292/अ-6/2026-2027

जबलपुर, दिनांक 04/08/2026

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक गोपाल प्रसाद पटैल पिता झल्कू प्रसाद पटैल निवासी- 406 कटंगी रोड करमेता जबलपुर के द्वारा मौजा करमेता / ब्लॉक .... प्लॉट नं. .... स्थित भूमि खसरा नंबर 465/1 में से रकवा 960 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता सुशील चंद, नंद कुमार शर्मा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24/06/1986 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 27/08/26 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

र.नं. 1633 — **अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

### FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, BASANT KUMAR DAHIYA S/O JAWAHAR LAL DAHIYA, residing at H. No. 49, Near Water Tank, Bajrang Nagar, Madai, Post Office Vehicle Factory, Jabalpur (M.P.) 482009, declare that name of mine and my father has been wrongly written as BASANT KUMAR and JAWAHAR LAL in my Service Record and as BASANT KUMAR & JAWAHAR DAHIYA in my Class 10th, 12th Educational Documents. The actual name of mine and my father are BASANT KUMAR DAHIYA and JAWAHAR LAL DAHIYA reactively, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(BASANT KUMAR DAHIYA)
Applicant

कृति

### न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1774/अ-6/2026-2027

जबलपुर, दिनांक 04/08/26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती आशा शिन्दे व अन्य पिता दिवाकर राव निवासी- दीक्षितपुरा मंजू पथ जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नजूल ब्लाक नंबर .... प्लाट नं. .... स्थित भूमि खसरा नंबर 292 में से रकवा 13024 वर्तमान भूमि पर अभय कुमार, अजय कुमार अन्य पिता की मृत्यु दिनांक 29/10/65 माता की मृत्यु 27/11/20को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20/08/26 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 04/08/2026

पेशी दिनांक- 20/08/2026

र.नं. 1644 — **तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा कॉलोनी जबलपुर में भवन कमांक Jr. LIG 470 श्री यादव राव गजरे पिता श्री नत्थू लाल गजरे के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19.10.2012 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री यादव राव गजरे पिता श्री नत्थू लाल गजरे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23.04.2026 के माध्यम से श्री शुभम जैन पिता श्री नरेन्द्र जैन को विक्रय किया है। अतः श्री शुभम जैन पिता श्री नरेन्द्र जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तातरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण भूखण्ड बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

र.नं. 1642 — **सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खम्हरिया वृत्त जबलपुर

रा.प्र.क्र.0408/अ-6/2026-27

**आम ईश्तहार**

ग्राम सालीवाडा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री चैतन्य देव सिन्हा पिता श्री हरिशंकर प्रसाद सिन्हा निवासी:- सी-802. प्लाट नं. 12, रामकृष्ण अपार्टमेंट, द्वारिका न्यू दिल्ली स्थाई निवासी: कर्न सी डी सिन्हा एम.आई.जी. बी/105, हरमु हाउसिंग कालोनी रांची झारखण्ड हालमुकामः- जबलपुर ने ग्राम सालीवाडा प.ह.नं. 76, राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 254 का भाग में से विक्रय प्लाट नं. 109 रकवा 1125 वर्गफुट भूमि के ई-पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 2765 दिनांक 10/02/2014 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। अतः उक्त भूमि के विक्रय पत्र आधार पर नामांतरण तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 12.8.26 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी दिनांक व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। इश्तहार आज दिनांक 5/8/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 05/08/2026

पेशी दिनांक 12/08/2026

र.नं. 1643 — **नायब तहसीलदार खम्हरिया वृत्त जबलपुर**

### सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि श्री राज कुमार यादव पिता स्व. श्री लालजी पादव निवासी करमेता डिपो के पास, लमती, जबलपुर ( म.प्र ) द्वारा ग्राम/मौजा माढोलात पटवारी हल्का नंबर 25/31 खसरा नंबर 137/4 रकबा 0.128 हेक्टेयर राजस्व निरीक्षक मण्डल जबलपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर स्थित भूमि, श्री अमित सिंह परिहार, पिता श्री यशवंत सिंह परिहार, निवासों मकान नंबर 32. उत्तर मिलौनीगंज बधैया मोहल्ला, जबलपुर के पक्ष में दिनांक 16/02/2019 को निष्पादित विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से विक्रय की गई है।

उक्त भूमि की अब रजिस्ट्री श्रीमती प्रियंका सेन, पत्नी श्री मनोहर कुमार सेन मनोहर कुमार सेन पिता श्री रिखी लाल सेन, दोनों निवासी मकान नंबर पी-579 पानी की टंकी जैन मंदिर के पास शिव नगर, दमोहनाका, जबलपुर के नाम पर कराई जानी है।

उक्त भूमि स्व. श्री लालजी यादव पिता स्व. श्री श्री दब्बू लाल यादव निधन दिनांक 14/03/1989 की पैत्रिक संपत्ति है, जिसमें उनके समस्त वारिसानों का हिस्सा हक निहित है। उक्त वारिसान बहनों श्रीमती मुत्री यादव, श्रीमती मनोरमा यादव एवं श्रीमती किरण यादव एवं अन्य सभी वारिसानों द्वारा भी उक्त विक्रय एवं रजिस्ट्री हेतु अपनी पूर्ण सहमति दी जा चुकी है

अतः यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को दुरुत भूमि के विक्रय अथवा रजिस्ट्री के संबंध में कोई आपत्ति दावा अथवा हक-हिस्सा हो. तो वह इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर, आवश्यक दस्तावेजों प्रमाण प्रमाण पत्र सहित नीचे लिखे पते पर लिखित रूप में सूचित करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त भूमि की राजिस्ट्री की कार्यवाही की जाएगी, जिसके उपरांत प्राप्त होने वाली किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा।

संपर्क पता- श्री मनोहर कुमार सेन पिता श्री रिखी लाल सेन, निवासी मकान नंबर पी-579 पानी की टंकी/जैन मंदिर के पास, शिव नगर, दमोहनाका, जबलपुर

मोबाईल नंबर - 9329285344, 7803945050

स्थानः जबलपुर

दिनांकः 05/08/2026

र.नं. 1645

नीलेश श्रीवास्तव (एडवोकेट)
टी/26, पुराना हाऊसिंग कार्यालय के सामने हाथीताल कालोनी जबलपुर (मप्र) 482001

---

### शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

शुभम्

कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेस -IV, गुरूग्राम -122015 (हरियाणा)

फोन: 0124-4212530/31/32, ईमेल : customercare@shubham.co, वेबसाईट - www.shubham.co

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

यह आपको सूचित किया जाता है कि धरोहर ऋणकर्ता **शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कंपनी लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय 608, 609, छठवीं मंजिल, ब्लॉक-सी अंसल एम्पेरियल टॉवर, कम्युनिटी सेन्टर, नारायणा विहार, न्यू दिल्ली-110028 (इसके पश्चात 'एसएचडीएफसीएल' के रूप में संबोधित) द्वारा आपके ऋण खाते को एनपीए के तौर पर घोषित कर चुका है एवं एसएचडीएफसीएल के आपके ऋण खाते के विरूद्ध संपूर्ण ऋण का भुगतान करने के उत्तरदायी है। आपको उपरोक्त राशि पर अनुबंध दर पर लागू भविष्य ब्याज के साथ प्रासंगिक व्यय, मूल्य, शुल्क आदि का भुगतान करने के उत्तरदायी है। इसलिए इस सूचना के दिनांक से 60 दिवस में एसएचडीएफसीएल को आपके संपूर्ण दायित्व का भुगतान करने के लिए आपको बुलाया जाता है असफल रहने पर एसएचडीएफसीएल को कानून की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करने में सक्षम होगी। ऋणकर्ताओं एवं धरोहर संपत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र. स. | ऋण खाता क्रं. ऋणकर्ता (ओं) का नाम | ऋणी का पता | मांग सूचना दिनांक एवं मांग राशि | सुरक्षित संपत्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 0JBL2409000005090006, मोहम्मद इमरान, सीमा अंसारी | पुत्र गुलाम जिलानी, गोहलपुर, 242, बस्ती नंबर 01, अमखेरा रोड, आयशा नगर, जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482001 | 13-07-2026 एवं ₹ 6,20,821/- | प्लॉट नंबर 01, खसरा नंबर 134, म्यूटेशन के बाद खसरा 134/2 का भाग है , मौजा गुरदा न.ब. 600 प.ह.नं. 24 नया 81 र.न.म. महाराजपुर, वार्ड नंबर 74 तहसील अधारताल, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482001, **क्षेत्रफल**- 800 वर्ग फुट, **चतुर्सीमाः** पूर्व - प्लॉट संख्या 02, पश्चिम - सड़क, उत्तर - सड़क, दक्षिण - प्लॉट संख्या 06 |

स्थान : गुडगाँव

दिनांकः 05-08-2026

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

छात्राओं के मंत्रिमंडल को मुख्यमंत्री ने बैठाया मंच पर, समझी पूरी कार्रवाई

# एआई का भरपूर करें इस्तेमाल लेकिन अपना दिमाग भी लगाएं

## भाई-बहनों को पढ़ने के लिए करें प्रेरित



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अपनी कैबिनेट है। लेकिन, बुधवार को उनका परिचय एक और खास कैबिनेट से हुआ। यह कैबिनेट थी भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय की। इस कैबिनेट से मिलकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव गदगद हो गए। उन्होंने बाकायदा स्कूल की कैबिनेट को मंच पर अपने पास बैठाया और कार्रवाई को समझा।

डॉ. यादव ने पूछा कि मैं यहां आया तो मुझे पता चला कि स्कूल में छात्राओं की कैबिनेट भी है। उन्होंने स्कूल कैबिनेट के सदस्यों को मंच बुलाया और सबका परिचय लिया। 12वीं क्लास की शिवानी ने डॉ. यादव को बताया कि मैं स्कूल की स्पोर्ट्स मिनिस्टर हूं। मैं स्पोर्ट्स पसंद करने वाले बच्चों के मन की बात शिक्षकों को बताती हूं। 12वीं कक्षा की सपना गिरी ने बताया कि मैं कल्चरल मिनिस्टर हूं। स्कूल में जितने सांस्कृतिक प्रोग्राम होते हैं, मैं उन्हें देखती हूं। 11वीं क्लास की दीपिका परते ने बताया कि मेरा काम अनुशासन बनाकर रखना है। मेरा काम छात्रों को सही मार्ग दिखाना है। शालिनी परतेले ने बताया कि मैं डिसिप्लीन मिनिस्टर हूं। मैं स्कूल का अनुशासन बनाए रखती हूं। ये सुनकर डॉ. मोहन यादव मुस्कुराए। उन्होंने कहा कि अनुशासन बनाने वाले के प्रति लोग नाराज रहते हैं। इस पर शालिनी ने जब कहा कि सारे बच्चे अच्छे हैं तो डॉ. यादव हंस पड़े। स्कूल की कैबिनेट मेंबर स्नेहा ने बताया मैं स्कूल की हैड गर्ल हूं। मैं कैबिनेट के काम के साथ-साथ स्कूल की व्यवस्थाओं को भी देखती हूं। डिप्टी हैड गर्ल सालेह खान ने बताया कि मैं स्कूल की व्यवस्था में हाथ बंटाती हूं। सचिव भावना पाठे ने बताया कि मैं सीनियर्स की मदद करती हूं, जो काम बताया जाता है वो करती हूं। स्कूल की कैबिनेट ने बताया कि वे महीने में एक बार टीचरों के साथ बैठक करती है। ये कैबिनेट एक साल के लिए बनती है। बच्चे वोट देते हैं। जैसे चुनाव होते हैं, वैसे ही यहां कैबिनेट बनती है। बाकायदा कैंपेनिंग होती है। कैबिनेट पूरे साल का कैलेंडर बनता है। और, अगर कोई खराब काम करता है उसे हटा भी दिया जाता है।

## छात्राओं के सवाल, मुख्यमंत्री के जवाब : पढ़ाई के साथ खेलों को भी समय दें

छात्रा लारा खत्री ने मुख्यमंत्री से पूछा कि क्या आप इंस्टाग्राम यूज करते हैं और किसे फॉलो करते हैं? इस पर डॉ. यादव ने कहा कि सोशल मीडिया के जमाने में हर राजनेता को वर्तमान जरूरतों के साथ चलना पड़ता है। इंस्टाग्राम भी हमें इस्तेमाल करना पड़ता है। मैं पीएम सर को फॉलो करता हूं। छात्रा एकता राजौरिया ने पूछा कि सिलेबस के साथ और कौनसी पुस्तकें पढ़ें, जो हमारे सामान्य ज्ञान को बढ़ाएं? डॉ. यादव ने कहा कि पाठ्यक्रम की पढ़ाई के अलावा हमें अपने जीवन का लक्ष्य तय करके आगे बढ़ना चाहिए। टारगेट से जुड़े विषयों के अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए। मैंने नौकरी नहीं की, खेती की और व्यवसाय किया। बेटी को डॉक्टर बनाया। अपने छोटे भाई-बहनों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। छात्रा अयोध्या- आपने डॉक्टरेट (पीएचडी) तक की पढ़ाई और खेल विधा में पारंगत होने के लिए कैसे बैलेंस किया? मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी समय निकालें। अपनी दिनभर की दिनचर्या निर्धारित करें। इसमें खेलकूद के लिए भी टाइम दें। सोच-विचार के लिए थोड़ा खाली समय भी निकालें। मैं सीएम हाउस में रहते हुए भी नियमित स्वाध्याय करता हूं। डायरी लिखता हूं और आगे करने वाले कार्यों की लिस्ट बनाता हूं। पिछले कार्यों का मूल्यांकन भी करता हूं। कार्यक्रम में डॉ. यादव ने छात्राओं और शिक्षकों से भी संवाद किया।

छात्रा आकांक्षा ने पूछा कि आप तनाव को हैंडिल करने के लिए क्या करते हैं? इस पर डॉ. यादव ने कहा कि हम जिस स्थिति में हो, अपने मन को पहले से तैयार कर लें। मैं संगीत सुनता हूं, योग और व्यायाम भी करता हूं। तनाव कम करने के लिए दिन के साथ रात में नींद का भी समय निर्धारित करें। छात्रा निकिता कटारा ने पूछा कि आपने इतने सुंदर विद्यालयों के नाम सांदीपनि क्यों रखा? मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता हुई। मित्रता को जीवनभर निभाना चाहिए। छात्रा शालिनी पटेल ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आपको क्या प्रेरणा मिलती है।

### इतना खास है यह स्कूल

स्कूल टीचर शिवानी शर्मा ने बताया कि वर्ष 1958 में स्थापित कमला नेहरू कन्या शासकीय विद्यालय अब मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सहयोग से सांदीपनि विद्यालय के रूप में स्थापित हो चुका है। यहां नर्सरी से कक्षा 12वीं तक 1800 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। सांदीपनि विद्यालय में इन्हें सर्व सुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। यहां विज्ञान, वाणिज्य और कला सहित अन्य पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में स्मार्ट क्लासेस, कंप्यूटर लैब, गणित प्रयोगशाला, लाइब्रेरी है। स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से क्लासेस का संचालन होता है। कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय को हरित विद्यालय श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर नामित किया गया है। राज्य स्तर पर स्कूल सर्टिफिकेशन में विद्यालय को सिल्वर अवॉर्ड मिला है। बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय में कैबिनेट गठित करने के लिए ईवीएम ऐप से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराते हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी चुनाव के लिए नामांकन करते हैं और 8 से 12वीं तक के विद्यार्थी वोटिंग करते हैं।

मूंग-उड़द उपार्जन की अवधि बढ़ी

# उड़द पर मिलेगा 6 सौ रु. प्रति क्विंटल बोनस

**भोपाल, देशबन्धु।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में दो महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द उपार्जन की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब मूंग उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 10 अगस्त तथा मूंग और उड़द उपार्जन की अंतिम तिथि 20 अगस्त निर्धारित की गई है। यह निर्णय प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत किसानों को अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया है। उपार्जन के लिए किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित पंजीयन संबंधी आवश्यक जानकारी दर्ज करानी होगी। विभाग ने बताया कि खाद वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए हाइब्रिड मोड लागू किया गया है।

किसानों के हित में उपार्जन नीति में आंशिक संशोधन करते हुए मूंग की खरीदी किसान के कुल उत्पादन के 60 प्रतिशत तक किए जाने का प्रावधान भी किया गया है। वहीं सरकार ने उड़द उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अतिरिक्त 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

विभाग का कहना है कि इन फैसलों से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

## मंत्री सारंग और पटेल ने सुनी जनसमस्याएं



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और मंत्री लखन पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए विभिन्न विषयों पर संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए तथा जिन मामलों का मौके पर निराकरण संभव था, उनका तत्काल समाधान कराया। जिन प्रकरणों में विस्तृत प्रक्रिया अपेक्षित है, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए भेजा गया। मंत्री सारंग एवं पटेल ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी ओर से प्राप्त जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

सरकार ने संसद में दी जानकारी

# 6.64 करोड़ से अधिक ने नौकरी के लिए कराया पंजीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए सरकारी पोर्टल एनसीएस (नेशनल करियर सर्विस) बड़ा सहारा बना है। श्रम मंत्रालय के मुताबिक अब तक 6.64 करोड़ से ज्यादा नौकरी चाहने वाले इस पोर्टल पर रजिस्टर कर चुके हैं। इनमें से 2.89 करोड़ लोग अभी भी एक्टिव हैं। बुधवार को लोकसभा में केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडवि?या ने जानकारी दी कि एनसीएस अब सिर्फ जॉब सर्च का प्लेटफॉर्म नहीं रहा। यह एक डिजिटल हब बन गया है जहां नौकरी, करियर सलाह, स्किल ट्रेनिंग और सरकारी-निजी दोनों तरह की नौकरियों की जानकारी एक ही जगह मिलती है।

सरकार के आंकड़ों के अनुसार पोर्टल शुरू होने के बाद से अब तक 10.05 करोड़ से ज्यादा नौकरियों की जानकारी यहां जोड़ी गई है। 15 जुलाई तक 17.68 लाख वैकेंसी अभी भी एक्टिव हैं। मंत्रालय ने बताया कि एनसीएस को अब क्लाउड बेस्ड और ओपन सिस्टम में बदला गया है। इसमें लगातार नए फीचर जोड़े जा रहे हैं। अब एआई की मदद से आपकी प्रोफाइल के हिसाब से नौकरी मिलती है। स्किल में क्या कमी है यह भी पता चलता है। पर्सनल जॉब सुझाव, एआई इंटरव्यू कोच और कई भाषाओं में सुविधा के लिए भाषिणी का सपोर्ट भी दिया गया है। नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों के लिए क्लाउड ऐप और वेरिफिकेशन सिस्टम भी बेहतर किया गया है।

**40 से ज्यादा कंपनियों और प्लेटफॉर्म से हाथ मिलाया :** रोजगार के मौके बढ़ाने के लिए मंत्रालय ने 40 से ज्यादा कंपनियों और प्लेटफॉर्म से हाथ मिलाया है। इसमें एपीएनए, स्विगी, रैपिडो, जोमैटो, अमेजन, टीसीएस आईओएन, क्विकर और फाउंडइट जैसे नाम शामिल हैं। इससे युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में भी सीधे मौके मिल रहे हैं। एनसीएस को उद्यम, ई-श्रम, स्किल इंडिया डिजिटल हब, ईपीएफओ, ईएसआईसी, डिजीलॉकर जैसे सरकारी पोर्टल से भी जोड़ा गया है। यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और एएसआरबी जैसी भर्ती एजेंसियों की जानकारी भी यहां मिल जाती है।

# हर शुक्रवार फील्ड में रहेंगे अधिकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का शुभारंभ 7 अगस्त से होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभियान का उद्देश्य क्षेत्रीय भ्रमण, जन-संवाद और निरीक्षण के माध्यम से आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी तथा लोक सेवाओं का समयबद्ध प्रदाय सुनिश्चित करना है।

### कल से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

यह अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार संचालित होगा। इस दिन अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी स्तर पर ऑनलाइन या ऑफलाइन समीक्षा बैठकें आयोजित नहीं की जाएंगी। सभी वरिष्ठ अधिकारियों के लिए फील्ड भ्रमण अनिवार्य रहेगा। अभियान के चार प्रमुख स्तंभ संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी निर्धारित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग प्रत्येक सप्ताह सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनका समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। संभागीय अधिकारियों को भी जिलों में नियमित निरीक्षण करना होगा। अभियान के दौरान सादगी और मितव्ययिता पर विशेष जोर रहेगा तथा अधिकारियों को सीमित वाहनों के उपयोग और वाहन पूलिंग अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशिक्षु अधिकारियों से किया आव्हान

# अधिकारी नवाचार और पारदर्शिता से बदलें व्यवस्था



**भोपाल, देशबन्धु।** लोकतंत्र की असली ताकत सरकारों से अधिक उन अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों में दिखाई देती है, जो योजनाओं और कानूनों को आम जनता तक पहुंचाते हैं। अधिकारियों की भूमिका केवल नियमों का पालन कराने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि व्यवस्था में सुधार, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना भी उनकी जिम्मेदारी है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अधिकारियों से नवाचार और जनहित को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मैं नहीं हम सहकारिता का मंत्र है। अधिकारी नवाचार और पारदर्शिता से व्यवस्था बदलें। तोमर बुधवार को विधानसभा परिसर में सहकारिता, श्रम विभाग एवं उप पुलिस अधीक्षक सहित लगभग 60 प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। ये अधिकारी आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत भ्रमण पर आये हुये हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि रोजगार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक विकास का प्रभावी माध्यम है। इसका मूल मंत्र मैं नहीं, हम है। उन्होंने गुजरात के सफल सहकारिता मॉडल और महिला सहकारी समितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश को भी ऐसे सफल प्रयोगों से सीख लेकर सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना चाहिए। तोमर ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे सही बात कहने का साहस रखें, व्यवस्था को मजबूत करें और जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। अंत में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए मध्यप्रदेश को विकास और सुशासन के नए आयामों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त कर्मचारी पूरी निष्ठा और लगन से करें कार्य : सिलावट



**भोपाल, देशबन्धु।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बुधवार को जल संसाधन विभाग के बोधी परियोजना कार्यालय में विभाग में नवनियुक्त 81 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मंत्री सिलावट ने कहा कि सभी नवनियक्त कर्मचारी पूरी निष्ठा, लग्न एवं समर्पण भावना के साथ कार्य करते हुए जल संसाधन विभाग को सफलता के शीर्ष पर ले जाने में अपना पूरा-पूरा योगदान दें। सिलावट ने सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा, बोधी परियोजना के मुख्य अभियंता आरआर मीना, अधीक्षण यंत्री आशीष महाजन आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत गत वर्षो में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हुई है। वर्ष 2020 से अभी तक कुल 1305 कर्मचारियों को नियुक्तियां प्रदान की गई है, जिनमें 952 कर्मचारियों को नवीन नियुक्तियां एवं 353 कर्मचारियों को अनुकम्पा नियुक्तियाँ प्रदान की गई हैं।

### 81 कर्मचारियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

## प्रो. अन्नापूर्णी सीओएसपीएआर विक्रम साराभाई पदक से हुईं सम्मानित



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय खगोल भौतिकविद् प्रोफेसर अन्नापूर्णी सुब्रमण्यम को अंतरिक्ष अनुसंधान में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित सीओएसपीएआर विक्रम साराभाई पदक-2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें इटली के फ्लोरेंस में आयोजित 46वीं सीओएसपीएआर महासभा के दौरान प्रदान किया गया। वह वर्तमान में बेंगलुरु स्थित भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (आईआईए) की निदेशक हैं।

आईआईए के अनुसार, प्रो. सुब्रमण्यम को आकाशगंगा में तारा समूहों के अध्ययन, ब्लू स्ट्रैगलर स्टार्स, यूवीआईटी/एस्ट्रोसैट, भविष्य की दूरबीन परियोजनाओं और एचडीएसआर से जुड़े शोध में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। यह पदक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और सीओएसपीएआर द्वारा संयुक्त रूप से हर दो वर्ष में विकासशील देशों के उत्कृष्ट अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है। प्रो. सुब्रमण्यम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अपने लिए गौरव का क्षण बताया। वह सीओएसपीएआर विक्रम साराभाई पदक प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला वैज्ञानिक और कुल चौथी भारतीय हैं। इससे पहले यह सम्मान इसरो के पूर्व अध्यक्ष यू.आर. राव, अंतरिक्ष वैज्ञानिक गुरबख्श सिंह लखीना और भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला के निदेशक प्रो. अनिल भारद्वाज को मिल चुका है। यह उपलब्धि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और खगोल अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### सम्मान पाने वाली पहली भारतीय महिला वैज्ञानिक

मिलने पहुंचे आशुतोष तिवारी , नरोत्तम ने फेसबुक पर लिखा

## मतभेद की खबरें गलत, आशुतोष मेरे अनुज



**भोपाल, देशबन्धु।** दतिया उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद नरोत्तम मिश्रा ने सोशल मीडिया पर आशुतोष तिवारी से मतभेद की खबरों को गलत बतरसरञ उन्होंने आशुतोष को 25 वर्षों से पारिवारिक रिश्ते वाला ईमानदार कार्यकर्ता बताया और समर्थकों से एकजुटता बनाए रखने तथा किसी भी भ्रामक चर्चा से दूर रहने की अपील की। उपचुनाव हार के बाद सोशल मीडिया पर नरोत्तम मिश्रा और आशुतोष तिवारी के रिश्तों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कोई इस चुनाव परिणाम को भितरघात से तो कोई नाराजगी से जोड़ रहा है। इसी बीच आशुतोष तिवाारी ने कहा - नरोत्तम मिश्रा से नाता है। इसके बाद उन्होंने लिखा कि दतिया उपचुनाव के बाद सोशल मीडिया पर मेरे और भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को लेकर जो भ्रामक और असत्य बातें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। आशुतोष तिवारी मेरे अनुज हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. ..../अ-6/2026-27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप चौकसे पिता स्व. श्री भैयालाल चौकसे निवासी 1522, बराट रोड, नेपियर टाऊन जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र./दानपत्र क्रमांक/ वसीयत क्र./ फौत दि./.... दिनांक ..... के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक 660 प.ह.नं. 25 स्थित भूमि खसरा नं./ प्लाट नं./203/1, 204/1 रकवा 16146 वर्गफुट पर विक्रेता/ वसीयतकर्ता/ फौतकर्ता/ दानकर्ता विक्रय पत्र दिनांक 21/06/2001 मौजा मढ़ाताल नं.बं. 660 प.ह.नं. 25 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड खसरा क्र. 203/1 एवं 204/1 कुल प्लाट 16146 व.फु. में से विक्रय रकवा 10145 व.फु. से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-11 खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि पर वर्तमान खसरे में भूमि स्वामी के रूप में म.प्र. शासन का नाम दर्ज है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 09.7.26 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21.7.26 इश्तहार किया गया
जारी दिनांक- 21/07/2026
पेशी दिनांक- 06/08/2026

**नायब तहसीलदार,**
र.नं. 1634 **तहसील अधारताल जबलपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 0008/ अ-27/2026 -27

आवेदक मकबूल खान पिता स्व. अब्दुल अहमद निवासी- 2924 ठक्करग्राम जबलपुर द्वारा बटवारा क्रमांक 2626 दिनांक 9/4/73 के माध्यम से मौजा गोहलपुर प.ह.नं. 29 स्थित भूमि संधारण खसरे शी. नं. 200 प्लाट नं. 57 रकवा 3826.5 वर्गफुट पर बटवारानामा मकबूल अहमद पिता अब्दुल अहमद अब्दुल समद मो. अब्दुल लतीफ से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत बटवारा एवं फार्म पी-। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किए जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक- ..... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है, नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा, न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ...... इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक- 30/07/2026
पेशी दिनांक- 18/08/2026

**नायब तहसीलदार,**
र.नं. 1639 **तहसील अधारताल जबलपुर**

**निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 92
2026-2027 दिनांक 31/07/2026
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता जितेन्द्र झा पिता स्व. श्री मुनीश्वर दयाल झा भवन/खसरा क्रं. 2423/1 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426551 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री मुनीश्वर दयाल झा पिता निरंजन झा के भाग पर वार्ड निर्मलचंद जैन जिस पर निर्मित भूतल 597 व.फु. आरसीसी, विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 1649 **कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन : मध्य प्रदेश पवेलियन भी बना आकर्षण का केंद्र

# 3 प्रदर्शनियों में सजी भारत की विरासत



**भोपाल, देशबन्धु।** कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 5 से 8 अगस्त तक आयोजित ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन में भारत की सांस्कृतिक, समुद्री और ज्ञान परंपरा को प्रदर्शित करती तीन विशेष प्रदर्शनियां—'प्रोजेक्ट मौसम', 'वृहत्तर भारत' और 'ज्ञान भारतम्'—प्रतिनिधियों और आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई हैं। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत, वैश्विक सांस्कृतिक संबंधों और प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत किया गया है। आम नागरिक भी 7 और 9 अगस्त को इनका अवलोकन कर सकेंगे।

'प्रोजेक्ट मौसम' में हिंद महासागर क्षेत्र की साझा समुद्री विरासत, प्राचीन व्यापार मार्गों और सांस्कृतिक संपर्कों को इमर्सिव फिल्म, डिजिटल इंटरैक्टिव और व्याख्यात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से दर्शाया गया है। परियोजना का उद्देश्य साझा समुद्री और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। 'वृहत्तर भारत' प्रदर्शनी भारत और एशिया, अफ्रीका सहित विश्व के देशों के हजारों वर्षों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक संबंधों को रेखांकित करती है। सम्राट अशोक, नालंदा, प्रंबनन मंदिर, वायांग कुलित, थाईलैंड की वैदिक परंपरा तथा सिल्क रोड जैसे उदाहरणों के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि 'वृहत्तर भारत' राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद और साझा मानवीय मूल्यों की अवधारणा है। 'ज्ञान भारतम्' प्रदर्शनी भारतीय ज्ञान परंपरा और प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण एवं एआई आधारित डिजिटलीकरण पर केंद्रित है। इसमें 1.19 करोड़ से अधिक पांडुलिपियों के दस्तावेजीकरण की जानकारी के साथ 'लीलावती', 'रेखागणित', सिलिकॉन वेफर पर संरक्षित 'श्रीमद्भगवद्गीता', 'पंचतंत्र' और 'निरुक्त' जैसी दुर्लभ पांडुलिपियां प्रदर्शित की गई हैं। सम्मेलन में मध्य प्रदेश पवेलियन भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना है। सांची स्तूप के मुख्य तोरण द्वार की प्रतिकृति पर आधारित इस पवेलियन में खजुराहो, सांची, भीमबेटका, मांडू, ग्वालियर, ओरछा और महेश्वर सहित प्रदेश की पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहर को आधुनिक माध्यमों से प्रस्तुत किया गया है। गोंड चित्रकला, मृदा शिल्प, नंदना ब्लॉक प्रिंटिंग जैसी लोक कलाओं के साथ 'विंध्य वैली' ब्रांड के स्थानीय उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं। ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन की ये प्रदर्शनियां भारत की सांस्कृतिक विरासत, ज्ञान परंपरा और वैश्विक सांस्कृतिक संबंधों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दे रही हैं।

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 06 अगस्त 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मोदी-शाह की अनुपस्थिति चिंतनीय

संसद के जारी मानसून सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके बाद सबसे प्रभावशाली गृह मंत्री अमित शाह की लगातार गैरमौजूदगी चिंतनीय है। जिसके कारण देश के समक्ष अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पा रही। उनकी अनुपस्थिति के चलते लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों ही सदनों में गतिरोध है। यह भी एक विडंबना है कि जहां एक तरफ़ संसद में अहम मसलों पर चर्चा नहीं हो रही है, वहीं तकरीबन हर रोज दोनों सदनों में हो रहे शोर-शराबे का लाभ उठाकर सरकार चालाकी से शासकीय विधेयक पारित कर रही है। यह संसदीय परम्परा के विपरीत है कि जिन मुद्दों पर प्रतिपक्ष चर्चा चाहता है, उसे सत्ता पक्ष चालाकीपूर्वक टाल रहा है और दूसरी ओर बिना बहस कराये अपनी मर्जी व आवश्यकता के विधेयकों को मंजूर कर कानून रूप दे रहा है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके मित्र दलों के सहयोग से तीन बार बनी सरकारों का यही रवैया रहा है लेकिन आज भारत के सामने जो बेहद महत्वपूर्ण सवाल हैं, उन्हें टालना किसी भी सूरत में लोकतंत्र के हित में नहीं है। यह सीधे-सीधे सरकार का जवाबदेही से मुकरना है।

20 जुलाई से 13 अगस्त तक के लिये तय इस सत्र के दौरान उम्मीद थी कि सरकार जंतर-मंतर पर हुए युवाओं एवं छात्रों के प्रदर्शन और उसके पुलिसिया दमन पर सरकार जवाब देगी। यह प्रदर्शन मई में नीट परीक्षा के रद्द हो जाने के खिलाफ हुआ था। परीक्षा रद्द होने के चलते देश भर में 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या कर ली। करीब डेढ़ माह चले धरना-प्रदर्शन में शामिल लोग 20 जुलाई को संसद की ओर मार्च करना चाहते थे। उन्हें रोकने के लिये प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बड़े पैमाने पर बल प्रयोग किया था। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद प्रदर्शन तो बंद हो गया पर प्रदर्शन स्थल पर युवाओं व छात्र-छात्राओं के साथ हुई पुलिस बर्बरता से लोगों में रोष है। केन्द्र सरकार के वादे के विपरीत बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। कील लगी लाठियां और सादे कपड़ों में पुलिस के साथ ऐसे लोगों ने छात्रों-युवाओं पर कहर बरपाया था जिनके बारे में आरोप है कि वे भाजपा तथा उसके समर्थित संगठनों के कार्यकर्ता थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पैलेट गन से घायल युवक को मीडिया के सामने पेश किया तथा प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवाओं से भी तस्दीक कराई कि प्रदर्शनकारियों के साथ बर्बरता हुई।

संसद के बाहर और भीतर राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रदर्शन में शामिल युवाओं का दमन करने का आदेश किसने दिया? उनके अनुसार गृह मंत्री होने के नाते अमित शाह इसके लिये जिम्मेदार हैं और अगर वे कहते हैं कि उन्हें जानकारी नहीं है कि यह किसके आदेश पर हुआ तो उसका अर्थ है कि वे अयोग्य हैं। दोनों ही मामलों में शाह की जवाबदेही है और उन्हें सदन में आकर जवाब देना चाहिये। पूरा विपक्ष चाहता है कि इस गम्भीर मामले में गृह मंत्री के साथ प्रधानमंत्री को भी संसद में चर्चा कराकर जनता को संतुष्ट करना चाहिये। उन्हें सदनों में आकर उत्तर देने के लिये रोज ही संसद परिसर में विपक्ष द्वारा प्रदर्शन और नारेबाजी की जा रही है। बुधवार को तो समूचे विपक्ष ने मकर द्वार से गांधी प्रतिमा तक मार्च भी निकाला, ताकि सरकार पर दबाव बने।

इधर यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में भी है, जहां छात्रों पर पुलिस के दमन से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हिंसक प्रतिक्रिया कभी समाधान नहीं हो सकती, बल्कि इससे स्थिति और बिगड़ती है। उन्होंने कहा, 'सबसे बड़ी ताकत लोगों की बात सुनना है। यह समझना जरूरी है कि वे क्या कह रहे हैं और किस वजह से आंदोलन कर रहे हैं।'

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि शक्तिशाली राज्य की ओर से अत्यधिक सख्ती बरतने से स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि मामलों को वापस लेने का निर्णय संभवत: इसी सोच के साथ लिया गया होगा। उन्होंने कहा, 'ये युवा हैं। इन्हें उचित सलाह और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। राज्य की ओर से अनावश्यक आक्रामकता स्थिति को और हिंसक बना सकती है। इससे बचना जरूरी है।'

सुप्रीम कोर्ट भी मान रहा है कि आक्रामकता अनावश्यक है। वैसे नीट तथा सीजेपी के उपरोक्त प्रदर्शन के अलावा कई और ऐसे मुद्दे हैं जिन पर देश की सबसे बड़ी पंचायत में सरकार को जवाब देना चाहिये। अयोध्या के राममंदिर में चंदा चोरी का मामला, एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल-डीज़ल की बिक्री, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, असम की बाढ़, ऑपरेशन सिंदूर के मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा शहीदों की संख्या को लेकर संसद के पिछले एक सत्र में झूठ बोलना (बताया गया था कि कोई नुकसान नहीं हुआ पर हाल ही में स्वयं सरकार ने बताया है कि देश के 6 जवान शहीद हुए) आदि।

संसद सत्र से अनुपस्थित रहने का मोदी का पहले से रिकॉर्ड रहा है। उनके 12 वर्षीय कार्यकाल में अनेक ऐसे अवसर आये जब वे संसदीय बैठकों में उपस्थित रहने की बजाय कभी विदेश यात्रा पर निकल गये थे या चुनावी रैलियों को सम्बोधित करते रहे अथवा रोड शो कर रहे थे। खासकर राहुल गांधी सदन में आते हैं तो नरेन्द्र मोदी गायब ही हो जाते हैं। ऐसे में वे सदनों को अक्सर अमित शाह, राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आदि के भरोसे छोड़ जाते हैं। लेकिन अमित शाह पर जब से पुलिस बर्बरता का आरोप लगा है, तभी से वे भी संसद से गुल हैं। मोदी तो आधी रात को रीलें बनाते नज़र आते हैं। यहां तक कि सोमवार को आंध्रप्रदेश में हजारों लोगों के सामूहिक नृत्य का आनंद लेते हुए भी दिखे, लेकिन गृह मंत्री का कोई अता-पता नहीं है। यानी 'एक अकेला सब पर भारी' तथा '56 इंची सीना' होने का दावा करने वाले मोदी और 'चाणक्य' कहलाने वाले अमित शाह दोनों ही विपक्ष का जवाब देने से घबरा रहे हैं।

इन दोनों की अनुपस्थिति जनता को सोशल मीडिया पर और विपक्ष को संसद परिसर में भाजपा सरकार का मजाक उड़ाने के अवसर दे रही है।

इस बीच सरकार ने लाभ उठाते हुए जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र संशोधन विधेयक, पेपर लीक विरोधी कानून आदि बगैर चर्चा के पारित करा लिये। कहा जा रहा है कि यदि सभी शासकीय काम पूरे हो जाएंगे तो संसद का समय पूर्व सत्रावसान भी सम्भव है। जवाबदेही और संवाद से बचना इस सरकार की फ़ितरत और ज़रूरत दोनों ही है।

# आप माफ करने वाले होते कौन हैं

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या तो इतने नादान हैं कि 12 साल देश की सत्ता और लगभग इतने ही वक्त तक गुजरात की सत्ता पर काबिज रहने के बावजूद जनता की नब्ज़ पकड़ना नहीं जानते हैं, या फिर वे इतने चालाक हैं कि जनभावना और आकांक्षाओं को समझने के बावजूद उन्हें उपेक्षित कर केवल वही करते हैं, जो उनके मन को भाता है। कोई आश्चर्य नहीं कि रेडियो पर हर महीने के अंत में जनता से संवाद के नाम पर उनका जो कार्यक्रम चलता है, उसका नाम मन की बात ही रखा गया है। क्योंकि इसमें मोदी अपने मनमुताबिक बातें ही करते हैं, संवाद तो सिरे से गायब रहता है। अब इंस्टाग्राम का इस्तेमाल मोदी तथाकथित तौर पर युवा वर्ग से जुड़ने के लिए कर रहे हैं, मगर यह भी मन की बात का विस्तारित संस्करण ही लगता है।

अभी 31 जुलाई की देर रात नरेन्द्र मोदी ने एक और इंस्टाग्राम रील अपलोड की थी। इसमें उन्होंने अभिभावक जैसा भाव अपनाते हुए उन युवा प्रदर्शनकारियों को 'माफ़' करने की मंशा जताई, जिन्होंने उनके और कथित तौर पर उनकी मां के खिलाफ गालियों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी 'गुमराह बच्चे' थे, जिन्हें सही रास्ता दिखाने की ज़रूरत थी।

बेशक भाजपा के बहुत से नेता नरेन्द्र मोदी को माई-बाप सब समझते हैं, अमृता फड़नवीस ने तो उन्हें बाकायदा नए भारत का राष्ट्रपिता ही बता दिया था। लेकिन मोदी इस मुगालते में न रहें कि भाजपा नेता चापलूसी में आकर उन्हें जो उपाधि दे, वो सच ही हो। सच्चाई यही है कि नरेन्द्र मोदी इस देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं इससे ज्यादा और कुछ नहीं। प्रधानमंत्री होने के नाते उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे जनता की बात सुने, उसके सवालों का जवाब दें और अगर उसने नाराजगी में प्रधानमंत्री की आलोचना की तो उसे सहज स्वीकार भी करें।

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिल्कुल सही सवाल पूछा है कि 'भारत के भविष्य' को माफ करने का अधिकार प्रधानमंत्री को किसने दिया? उन्होंने कहा कि छात्र गंभीर पीड़ा झेल रहे हैं, उन्हें प्रधानमंत्री की माफी नहीं चाहिए। मोदी को खुद छात्रों से माफी मांगनी चाहिए। दिल्ली में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री, उनके सहयोगियों और आरएसएस की सोच के पीछे एक 'खतरनाक और विभाजनकारी' विचार है। उनके अनुसार, यह विचार भारत की विविध पहचान, भाषाओं और इतिहास को महत्वहीन मानता है, जबकि भारत ऐसा कभी स्वीकार नहीं करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि छात्र इसी कारण सड़कों पर हैं और वे अपने-अपने तरीके से भारत की विविध संस्कृति, भाषाओं और इतिहास की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस भारत का इतिहास नहीं बदल सकता और भारत अपने इतिहास को किसी के द्वारा भी रौंदे जाने को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

राहुल गांधी की बात की प्रतिध्वनि ही जंतर-मंतर से लेकर देश भर में हुए प्रदर्शन में दिखाई दी है। इस आंदोलन में भाजपा की विभाजनकारी राजनीति और आडंबरों की भी जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। बेशक इसमें कुछ मौकों पर, कुछ लोगों से भाषा का स्तर गिरा है, लेकिन अब तक देश में ऐसा कानून तो बना नहीं है जिसमें अपशब्दों पर या किसी भी असभ्य टिप्पणी को आपराधिक कृत्य माना जाए। जब अनुराग ठाकुर ने गोली मारो... जैसा बेहूदा नारा मंच से लगाया था, तब भी दिल्ली उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी कि यदि कोई बात मुस्कुराते हुए कही जाए, तो उसमें आपराधिक मंशा (अपराध बोध) नहीं मानी जा सकती। फिर किस लिए प्रदर्शनकारियों पर इस बात के लिए मामले दर्ज किए गए कि उन्होंने नरेन्द्र मोदी के लिए टिप्पणियां कीं। प्रदर्शनकारियों ने तो न केवल हँसते हुए बल्कि नाचते-गाते भी नरेन्द्र मोदी को खूब सुनाया है। इसलिए सरकार को इन लोगों को सज़ा देने का कोई अधिकार नहीं है कि उन्होंने अपना गुस्सा असभ्य तरीके से ज़ाहिर किया।

नरेन्द्र मोदी युवा प्रदर्शनकारियों को बच्चा बता कर खुद को उच्च नैतिक आदर्शों वाला बताने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारियों को बच्चा कहना उनकी राजनीतिक समझ को कम करने का प्रयास करना है।

दरअसल मोदी की माफ करने वाली रील इस विरोध-प्रदर्शन की गंभीरता को कम कर एक पारिवारिक ड्रामे में बदलने की कोशिश है, जो कई बार हम टीवी धारावाहिकों में देखा करते हैं। इस धारावाहिक को छह कड़ियों में बांटे तो पहले एपिसोड में मोदी गुस्से को लिंग के आधार पर चुन रहे हैं। 'हमारी बेटियों' के अपशब्दों के इस्तेमाल पर 'सांस्कृतिक सदमे' की बात वीडियो में है। उसी भीड़ में मौजूद पुरुषों द्वारा वैसी ही भाषा इस्तेमाल करने पर ऐसी कोई बात नहीं कही गई। दूसरे एपिसोड में पितृसत्तात्मक सोच को हावी करते हुए व्यक्ति की पहचान खत्म करने की कोशिश है। 'भटके हुए बच्चों', 'बेटियों', 'मार्गदर्शन की ज़रूरत' है। यह भाषा विरोध-प्रदर्शन को बच्चों की परवरिश से जुड़ी समस्या में बदल देती है। उन्हें ऐसे लोगों के तौर पर पेश करती है जिन्हें नैतिक सुधार की ज़रूरत है, न कि ऐसे नागरिकों के तौर पर जो जायज़ राजनीतिक मांग कर रहे हैं। इस माफीनामे के तीसरे एपिसोड में माफ़ी का दिखावा और असलियत का अंतर देखा जा सकता है। एक तरफ़ माफ़ी मांगने का सार्वजनिक दिखावा किया जा रहा था, तो दूसरी तरफ़ प्रदर्शनकारियों के घर के पते, फ़ोन नंबर, काम की जगह की जानकारी और परिवार के सदस्यों के नाम भाजपा समर्थकों के जरिए सार्वजनिक किए जा रहे थे। मुंबई में हाथ से पुलिस वैन रोकने वाली प्रदर्शनकारी को धमकियां मिलीं, जिनकी शिकायत उसने साइबर सेल में की, जबकि नोएडा की एक बच्ची से वीडियो पर माफ़ी मांगने का दबाव डाला गया और अब भी उसे ट्रोल करने का सिलसिला चल रहा है। तो एक तरफ मोदी वीडियो में बड़प्पन दिखाने का काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ 'सरकारी कार्रवाई' का तंत्र भी चल रहा है।

> सबसे आखिरी छठे एपिसोड में यह दिखाया गया है कि 'माफ़ी' देने का काम कौन करता है। वे खुद को उस सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर रहे हैं, जो माफ़ करने का हक रखता है, और जनता को प्रजा की तरह दिखाते हुए यह बता रहे हैं कि जनता को सीखना चाहिए। सीखने का मतलब मोदी के नज़रिए को ही सही माना जाए। वीडियो न सिर्फ़ विरोध करने वालों की अपनी मर्ज़ी या भूमिका को खत्म करता है, बल्कि यह माहौल भी बनाता है।

चौथे एपिसोड में असल मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए बड़ी सुविधाजनक तरीके से शालीनता का सहारा लिया गया है। गाली-गलौज को असल मुद्दे से ज़्यादा अहमियत देकर पूरी कहानी का रुख बदलने की कोशिश दिखाई दी। क्योंकि मोदी के वीडियो में पेपर लीक के आरोपों या शिक्षा मंत्री के रुख़ और बाद में उनके इस्तीफ़े का कहीं ज़िक्र नहीं है, जबकि यही असली मुद्दा था जिसकी वजह से लाखों लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हुए और उन्होंने वो सारी प्रताड़ना झेली जिसके वे बिल्कुल हकदार नहीं थे। यहां संस्थागत जवाबदेही से बड़ा मुद्दा भाषा के इस्तेमाल को बनाया गया।

इस वीडियो का पांचवां एपिसोड मोदी के व्यवहार और असलियत का फर्क बताता है। एक तरफ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा देश में आगे बढ़ाया गया और फिर 'देश की बेटियां' वाले मुहावरे से लेकर 'अगर दांत जीभ काट लें, तो भी हम उन्हें बाहर नहीं निकालते' वाली बात कही गई। मोदी का यही पैटर्न रहा है, वे बार-बार देश को परिवार बताते हुए, खुद को नेक इरादों वाले, समझदार और सुधार करने वाले पिता या मुखिया के तौर पर पेश करते हैं। उनके नजरिए से देखें तो असहमति का मतलब गुमराह होना है, जिसके लिए उनके धैर्यपूर्ण मार्गदर्शन की ज़रूरत हो।

और सबसे आखिरी छठे एपिसोड में यह दिखाया गया है कि 'माफ़ी' देने का काम कौन करता है। वे खुद को उस सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर रहे हैं, जो माफ़ करने का हक रखता है, और जनता को प्रजा की तरह दिखाते हुए यह बता रहे हैं कि जनता को सीखना चाहिए। सीखने का मतलब मोदी के नज़रिए को ही सही माना जाए। वीडियो न सिर्फ़ विरोध करने वालों की अपनी मर्ज़ी या भूमिका को खत्म करता है, बल्कि यह माहौल भी बनाता है कि जो लोग अभी भी नाराज़ हैं, वे किसी जायज़ सवाल को उठाने के बजाय नेता की उदारता को देखें और अपनी मांगों को हाशिए पर धकेल दें। यह बहुत ही चालाकी भरा कदम था। लेकिन अच्छा है कि देश के युवा ने इसे पहचान लिया और अब राहुल गांधी ने सवाल उछाल ही दिया है कि आप माफ करने वाले होते कौन हैं।

# क्या प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून पारित होने से भाजपा छात्रों का भरोसा जीत सकेगी?

■ कल्याणी शंकर

भारत में राजनीतिक परिदृश्य तेज़ी से बदल रहा है, और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने इतिहास के एक अहम मोड़ का सामना कर रही है। उसे यह सोचने की ज़रूरत है कि जेन जेड को कैसे जोड़ा जाए। मौजूदा मोदी सरकार को जेन जेड के साथ जूझना पड़ा, जिसने एक अचानक आंदोलन शुरू कर दिया जिससे सरकार हैरान रह गई। यह ग्रुप आर्थिक और राजनीतिक घटनाओं की वजह से बदला है। नए प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून का मकसद परीक्षा सम्बंधी सरकारी कामों में पारदर्शिता को बेहतर बनाना है।

जेनरेशन जेड को 'भुला दी गयी पीढ़ी' या बड़े बेबी बूमर और मिलेनियल ग्रुप के 'बीच का बच्चा' बताया गया है। इस पीढ़ी की खासियत आज़ादी, व्यावहारिक सोच और पहले से मौजूद संस्थाओं के प्रति शक की एक अलग भावना है। जेनरेशन जेड ने आर्थिक मंदी, इंटरनेट का आना और ज़रूरी राजनीतिक बदलावों सहित देश और दुनिया भर में कई अहम घटनाओं का अनुभव किया है। इस ग्रुप के कई लोगों को हाल के सालों में रोजगार बाजार में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और वे उदारीकरण नीति के असर से प्रभावित हुए, जिससे मौके और अनिश्चितता दोनों मिले।

यह पीढ़ी असलियत और व्यावहारिकता को महत्व देती है, और खोखले वादों के बजाय असली फ़ायदों पर ध्यान देती है। जेनरेशन जेड के लिए, इसका मतलब है कि वे ध्यान से देखेंगे कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून असली ज़िंदगी पर कैसे असर डालता है। उनका समर्थन पाने के लिए, यह साफ़ तौर पर बताना ज़रूरी है कि कानून का मकसद क्या है और यह लोगों की सुरक्षा कैसे करता है।

> 'जेनरेशन जेड' का भरोसा दोबारा जीतने के लिए लगातार कोशिशों की ज़रूरत होगी। ऐसा माहौल बनाना ज़रूरी है जिसमें पार्टी खुद को एक ऐसी प्रगतिशील पार्टी के तौर पर पेश कर सके जो सभी वर्गों, जिसमें 'जेनरेशन जेड' भी शामिल है, की आवाज़ को अहमियत देती हो। भारतीय राजनीति में 'जेनरेशन जेड' की अहम भूमिका है, इसलिए भाजपा को उनके बीच अपनी छवि बेहतर बनाने पर ध्यान देना होगा।

पिछले हफ्ते, संसद ने राष्ट्रीय और जनता की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकने वाली लीक को रोकने के लिए लीक विरोधी विधेयक पारित किया। इसकी मिली-जुली समीक्षा हुई। यह इस बारे में ज़रूरी सवाल उठाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यक्तिगत आज़ादी के बीच कैसे संतुलन बनाया जाए। आलोचकों का मानना है कि संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा ज़रूरी है, लेकिन विधेयक का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। उन्हें चिंता है कि यह बोलने की आज़ादी जैसी आज़ादी को कमज़ोर कर सकता है और अलग-अलग नज़रियों के लिए जगह कम कर सकता है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी विधेयक परीक्षाओं में जानकारी लीक होने से रोकने के लिए बनाया गया था।

ये चिंताएं जेनरेशन जेड के लिए बहुत ज़रूरी हैं, जो सरकार में जवाबदेही और पारदर्शिता को महत्व देते हैं। कई जेन जेड छात्र इस कानून को पिछली सरकारी कार्रवाइयों का दोहराना मात्र मानते हैं, जहां सुरक्षा के लिए बने कानूनों का इस्तेमाल असहमति को दबाने के लिए किया गया था। वे ज़ाहिर तौर पर सावधान और शक करने वाले हैं।

जेन जेड को वापस जीतने के लिए भाजपा को एक साफ़ रणनीति की ज़रूरत है। ऐसी रणनीति में नीति को बढ़ावा देने या गारंटी वाले नतीजों को सामने लाने से कहीं ज़्यादा कुछ होना चाहिए। इस लक्ष्य को पाने में कई और तरीके मदद कर सकते हैं।

पहला, टाउन हॉल और सोशल मीडिया के ज़रिए जेनरेशन जेड के साथ असली जुड़ाव उन्हें सम्मान और फ़ैसले लेने की प्रक्रिया में शामिल महसूस करा सकता है, जिससे सत्ताधारी पार्टी के साथ उनका सम्पर्क मज़बूत होता है।

दूसरा, आमने-सामने का जुड़ाव मतदाताओं के लिए समुदाय और पुष्टि की भावना को बढ़ावा देता है। साथ ही, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ज़्यादा लोगों तक पहुंच बनाने में मदद कर सकते हैं, खासकर जेन जेड में से ज़्यादा टेक-सैवी लोगों को अपील करते हुए।

तीसरा, लीक विरोधी विधेयक के मकसद और सुरक्षात्मक उपायों को साफ़ तौर पर समझाकर पारदर्शिता को प्राथमिकता देने से जेनरेशन जेड को भरोसा महसूस हो सकता है और वे मोदी सरकार के उनके हितों के प्रति प्रतिबद्धता पर भरोसा कर सकते हैं।

चौथा, इन्फ़ोग्राफ़िक्स और पब्लिक बुलेटिन जैसे आसान फ़ॉर्मेट में जानकारी शेयर करने से ऐसी पीढ़ी आकर्षित हो सकती है जो जल्दी और साफ़ जवाब चाहती है। इसके अलावा, चर्चा में विशेषज्ञों को शामिल करने से पार्टी की विश्वसनीयता मज़बूत हो सकती है और यह दिखा सकती है कि यह सबको साथ लेकर चलने वाली और सुनने वाली पार्टी है।

पांचवीं बात, भाजपा को उन क्षेत्रों में अपनी सफलताओं को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाना और प्रचारित करना चाहिए जो जेनरेशन जेड के मूल्यों से मेल खाते हैं। आर्थिक स्थिरता, रोजगार सृजन, दक्षता विकास पहल, और डिजिटल प्रशासन में सफलता, ये सभी ऐसे विषय हैं जो इस ग्रुप पर सकारात्मक असर डाल सकते हैं।

छठी बात, ऐसे काम के लिए विकास की परियोजनाओं और नीतियों पर ज़ोर देना, जिनका सीधा असर जेन जेड समूह की ज़िंदगी पर पड़ा है, उनकी भलाई के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को मज़बूत करने में मदद कर सकता है।

जेनरेशन जेड को व्यक्तिगत अधिकार की महत्ता के बारे में भरोसा दिलाना सबसे ज़रूरी है। भाजपा को यह बताना चाहिए कि प्रश्नपत्र लीक विरोधी कानून लोकतांत्रिक मूल्यों को कैसे बल प्रदान करता है। उन्हें मौजूद सुरक्षा उपाय दिखाने होंगे, यह बताना होगा कि स्वतंत्र निगरानी होगी, और यह प्रचार करना होगा कि लोगों के पास अपनी चिंताएं बताने के तरीके हैं। इससे इस शक करने वाले समूह के साथ भरोसे की कमी को कम करने में मदद मिल सकती है।

सातवीं बात, नागरिक समाज को शामिल करके और शासन और नीति के बारे में चर्चा में अलग-अलग आवाज़ों को शामिल करके, भाजपा एक ऐसे लोकतांत्रिक फ्रेमवर्क में अपने निवेश को दिखा सकती है जो सामूहिक और व्यक्तिगत अधिकारों को महत्व देता है।

भाजपा सम्पर्क अभियान, नीति पर चर्चा और शैक्षणिक अभियान के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर सकती है। आंकड़ों का विश्लेषण करके और सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी का इस्तेमाल करके, पार्टी अपने संदेश उन मुद्दों पर फोकस कर सकती है जो जेनरेशन जेड के लिए सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। यह तरीका यह पक्का करने में मदद करेगा कि संवाद उनसे व्यक्तिगत स्तर पर जुड़े।

कानून बना परन्तु भाजपा के लिए पीढ़ीगत भरोसा फिर से हासिल करना एक चुनौती है। यह पार्टी के लिए अपने नज़रिए को बदलने और जवाबदेही व पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का एक मौका भी है। 'जेनरेशन जेड' का भरोसा दोबारा जीतने के लिए लगातार कोशिशों की ज़रूरत होगी।

ऐसा माहौल बनाना ज़रूरी है जिसमें पार्टी खुद को एक ऐसी प्रगतिशील पार्टी के तौर पर पेश कर सके जो सभी वर्गों, जिसमें 'जेनरेशन जेड' भी शामिल है, की आवाज़ को अहमियत देती हो। भारतीय राजनीति में 'जेनरेशन जेड' की अहम भूमिका है, इसलिए भाजपा को उनके बीच अपनी छवि बेहतर बनाने पर ध्यान देना होगा। साफ़ रणनीतियों और सच्चे जुड़ाव के ज़रिए भाजपा 'जेनरेशन जेड' के साथ अपने रिश्ते मज़बूत कर सकती है।

## आपके पत्र

### मुआवजे में उलझ कर रह गई विकास की राह

गांव तक सड़क पहुंचना केवल विकास की एक परियोजना नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षित आवागमन तक पहुंच का रास्ता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य भी ग्रामीण बस्तियों को हर मौसम में चलने योग्य सड़कों से जोड़ना है। बिहार में इस दिशा में लंबे समय से काम हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कों का निर्माण भी हुआ है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बिहार में इसके तहत 52,095.37 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका था, जबकि 3,439.10 किलोमीटर सड़क निर्माणाधीन थी। ये आंकड़े बताते हैं कि राज्य में ग्रामीण सड़क संपर्क के विस्तार की दिशा में व्यापक काम हुआ है, लेकिन किसी योजना की सफलता का आकलन केवल किलोमीटर में बनी सड़कों से नहीं किया जा सकता। असली सवाल यह है कि क्या सड़क आखिरी घर तक पहुंची है और क्या वह पूरे साल लोगों के उपयोग के लायक है।

राज्य के कुछ गांव ऐसे हैं जहां आज भी पक्की सड़क गांव के भीतर तक नहीं पहुंच सकी है। इसके पीछे हर बार प्रशासनिक उदासीनता या बजट की कमी ही जिम्मेदार हो, यह जरूरी नहीं। कई बार विकास और निजी जमीन के अधिकार के बीच पैदा हुआ विवाद भी सड़क को रोक देता है। सीतामढ़ी के ललितपुर गांव की स्थिति इसी जटिलता की ओर इशारा करती है। इस गांव के अंदर पक्की सड़क पहुंचाने की राह में कुछ लोगों की निजी जमीन आ रही है। सरकार की ओर से जमीन के बदले मुआवजा देने की व्यवस्था है, लेकिन जमीन मालिकों का कहना है कि उन्हें मिलने वाला मुआवजा जमीन के वास्तविक बाजार मूल्य की तुलना में कम है। इसी असहमति के कारण वे सड़क निर्माण के लिए अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं।

पक्की सड़क न होने का सबसे बड़ा असर बारिश के दिनों में दिखाई देता है। कच्चे रास्ते पर पानी और कीचड़ जमा होने के बाद पैदल चलना भी कठिन हो जाता है। ऐसे समय में एम्बुलेंस या दूसरी गाड़ियों का गांव के अंदर पहुंचना मुश्किल हो जाता है। बीमारी या प्रसव जैसी आपात स्थिति में यह समस्या परिवार के लिए गंभीर संकट बन सकती है। सड़क की कमी का असर केवल मरीज तक सीमित नहीं रहता।

सड़क की समस्या का एक और कम दिखाई देने वाला असर किशोरियों की शिक्षा पर पड़ता है। गांव की किशोरियों के लिए स्कूल तक पहुंचना केवल दूरी का मामला नहीं है। रास्ते की स्थिति, मौसम, परिवहन की उपलब्धता और परिवार की सुरक्षा संबंधी चिंता भी उनकी नियमित पढ़ाई को प्रभावित करती है। जब रास्ता खराब होता है तो स्कूल जाने और लौटने में अधिक समय लगता है। बारिश में कीचड़ और जलभराव के कारण अकेले निकलना कठिन हो जाता है। परिवार कई बार किशोरी को ऐसे रास्ते से भेजने में हिचकिचाता है, खासकर तब जब स्कूल गांव से बाहर हो।

यह समस्या इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्रामीण किशोरियों के लिए शिक्षा का हर अतिरिक्त वर्ष उनके भविष्य के विकल्पों को बढ़ाता है। स्कूल तक पहुंचने में कठिनाई केवल आज की परेशानी नहीं है। इसका संबंध आगे की पढ़ाई, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में उनकी भागीदारी से भी है।

**अंकि कुमारी, सीतामढ़ी बिहार**



## ललित सुरजन की कलम से

### राहुल गांधी नई राह पर?

*'राहुल इतना तो समझ ही रहे होंगे कि भारत की राजनीति में खेल के नियम पूरी तरह बदल चुके हैं, मुहावरे भी बदल गए हैं। यह जानने और चुनावी मैदान में बुरी तरह घायल हो जाने के बावजूद यदि वे किन्हीं पुराने मूल्यों की पुनर्स्थापना करना चाहते हैं, तो स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि इसके लिए उनकी कार्ययोजना क्या है? उसे अमल में आने के लिए क्या वे कोई समयबद्ध कार्यक्रम बना रहे हैं और इसमें उनका साथ कौन देगा? क्या सत्तालोलुप कांग्रेसियों में इतना धीरज और साहस है कि वे उनके साथ-साथ चल सकें? जब राजनीति करने का मूल मकसद ही स्वार्थपूर्ति हो तब सिद्धांतों पर टिके रहने वाले कार्यकर्ता कहां से जुटेंगे?'*

*'जाहिर है कि राहुल गांधी ने अपने लिए एक नया रास्ता चुन लिया है, जिस पर चलने में कदम-कदम पर बाधाएं आएंगी और हौसला कायम रखने के लिए एकमेव अवलंब दृढ़ इच्छाशक्ति का ही होगा। मुझे यहां वह नीतिकथा अनायास याद आ रही है जिसमें बाप-बेटे अपने गधे के साथ कहीं जा रहे हैं और तमाशबीनों की फब्तियां सुन-सुन अपना ही तमाशा बना बैठते हैं। कभी बाप गधे पर सवार तो कभी बेटा, कभी दोनों सवार, तो कभी दोनों पैदल। मतलब यह कि हर ऐरे-गैरे की सलाह मानने की बजाय अपनी बुद्धि से चलना ही श्रेयस्कर है। उम्मीद करना चाहिए कि राहुल गांधी भली-भांति विचार करने के बाद ही एक नए पथ पर चलेंगे और उससे डिगेंगे नहीं।'*

**(देशबन्धु में 13 जून 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/06/blog-post_12.html

## पावन प्रसंग

### नशा, संवेदना और बचपन

स्वामी विवेकानंद ने कहा था हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो चरित्र का निर्माण करे, नशा शिक्षा, चरित्र और आत्मबल तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी उसकी संवेदना और बचपन की मासूमियत है। संवेदना मनुष्य को मनुष्य बनाती है और बचपन उसके व्यक्तित्व की नींव रखता है किंतु आज नशीले पदार्थों का बढ़ता जाल इन दोनों पर सबसे कड़ा प्रहार कर रहा है। नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि विवेक, परिवार, शिक्षा, संस्कृति और भविष्य को भी नष्ट कर देता है। जिस आयु में बच्चों के हाथों में पुस्तकें और सपने होने चाहिए, वहां यदि नशे का जहर पहुंच जाए तो आने वाला पूरा जीवन अंधकारमय हो जाता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में ड्रग्स, सिंथेटिक नशे, हेरोइन, चरस, गांजा, अफीम तथा नशीली गोलियों का प्रसार चिंताजनक रूप से बढ़ा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा विभिन्न सरकारी सर्वेक्षणों के अनुसार देश में करोड़ों लोग किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन करते हैं। 2019 के राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 16 करोड़ लोग शराब, 3 करोड़ से अधिक लोग भांग या गांजा तथा लगभग 2.3 करोड़ लोग ओपिओइड (अफीम, हेरोइन आदि) का सेवन करते पाए गए। इनमें बड़ी संख्या 10 से 17 वर्ष और 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की है। सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में पंजाब, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र तथा गोवा प्रमुख हैं। पंजाब में हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स का गंभीर संकट लंबे समय से चिंता का विषय है। पूर्वोत्तर के राज्यों में सीमा पार से होने वाली तस्करी ने युवाओं को प्रभावित किया है। राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी मादक पदार्थों की तस्करी लगातार बढ़ी है। महानगरों में नशीली गोलियां, कोकीन और पार्टी ड्रग्स तेजी से फैल रहे हैं। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि नशे की शुरुआत अब किशोरावस्था में ही होने लगी है। विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों, पारिवारिक विघटन, बेरोजगारी, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, गलत संगति तथा मानसिक तनाव के कारण अनेक बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। परिणामस्वरूप पढ़ाई छूट जाती है, अपराध बढ़ते हैं, हिंसा और आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित होती है तथा परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से टूटने लगते हैं। नशा सबसे पहले मनुष्य की संवेदना को समाप्त करता है। जो व्यक्ति कभी माता-पिता के प्रति श्रद्धावान था, वही नशे की लत में उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगता है। परिवार की जमा पूंजी नशे की लत में समाप्त हो जाती है। अनेक युवा चोरी, लूट और अन्य अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। धीरे-धीरे रिश्तों की गर्माहट समाप्त होने लगती है और मनुष्य केवल नशे का दास बनकर रह जाता है।

महात्मा गांधी ने कहा था- शराब और नशा मनुष्य की आत्मा का पतन कर देते हैं। डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर का संदेश था- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह संदेश नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए भी उतना ही आवश्यक है। नशे के विरुद्ध केवल कानून पर्याप्त नहीं हैं। परिवार, विद्यालय, समाज, धार्मिक संस्थाएं, मीडिया तथा शासन सभी को मिलकर कार्य करना होगा। बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना, खेल, साहित्य, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना, विद्यालयों में नशामुक्ति शिक्षा को अनिवार्य बनाना तथा नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था करना समय की आवश्यकता है।

**-संजीव ठाकुर**

# स्क्रैप टायर गोदाम में आग लगने से मचा हड़कप



## फायर ब्रिगेड के अमले ने दिखाई तत्परता, आधे घंटे में आग पर पाया काबू



**जबलपुर, देशबन्धु।** खजरी खिरिया बाईपास स्थित पुराने टायर के गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। गोदाम से निकले धुएं के कारण आसपास का पूरा आसमान काला पड़ गया, जिससे स्थानीय लोगों सहित राहगीरों में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड का अमला भी मौके पर पहुंच गया और कड़ी मशक्कत के बाद महज आधे घंटे में ही भीषण आग पर काबू पा लिया गया।

गोदाम फैसल अंसारी का बताया जा रहा है। हादसे के समय फैसल नमाज पढ़ने गये। मोबाइल पर उन्हें सूचना मिली कि उनके गोदाम में आग लग गई। उन्होंने बताया कि अग्नि दुर्घटना में करीब 50 से 60 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। आग लगने के बाद टायरों के जलने से उठे धुएं के कारण पूरे क्षेत्र में अंधेरा सा छा गया।

### दो गाड़ियों में ही हो गया काम

फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 1:50 पर कार्यालय में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। बिना देर किए 8 से 9 गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया किंतु आंख का स्वरूप इतना भयावह नहीं था इसलिए दो गाड़ी पानी से ही आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि दमकल हमले की तत्परता के कारण सूचना मिलने से लेकर आग बुझाने तक में महज 30 से 35 मिनट का वक्त लगा।

### हाईवे पर रुकने लगे थे वाहन

जिस गोदाम में आग लगी वह हाईवे के पास ही स्थित है। ऐसे में धुएं के गुब्बार देखकर राहगीरों की भी थोड़ी देर के लिए आवाजाही थम गई थी। भारी वाहनों के रुकने के कारण बाईपास पर जाम की स्थिति बनने लगी थी जिसे देखते हुए नगर निगम और पुलिस बल ने वाहन चालकों को धीरे-धीरे वहां से रवाना किया और फिर किसी को भी वहां रुकने नहीं दिया।

# तीन साल में कलेक्ट्रेट पहुंची ननि की 150 से ज्यादा शिकायतें लंबित

## जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज, फिर भी नहीं दिया जा रहा ध्यान



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में पहुंचने वाली नगर निगम से संबंधित 150 से ज्यादा शिकायतें लंबित हैं। खास बात यह है कि

देशबन्धु खबर

पेडेंसी सिर्फ इस वर्ष की नहीं है बल्कि इसमें 2024 और 2025 की शिकायतें भी शामिल हैं। जन आकांक्षा पोर्टल पर दिख रही इस पेंडेंसी के कारण नगर निगम की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर से प्रश्न चिन्ह लग रहा है। जन आकांक्षा पोर्टल पर दिख रही इस पेंडेंसी को लेकर निगम प्रशासन इसलिए भी चिंतित है क्योंकि पेंडेंसी की मॉनिटरिंग ना सिर्फ जिला प्रशासन करता है बल्कि भोपाल स्तर पर भी समीक्षा की जाती है।

### अतिक्रमण और स्वास्थ्य में ज्यादा पेंडेंसी

जानकारी के मुताबिक अतिक्रमण और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित जो शिकायतें जन आकांक्षाण पोर्टल में दर्ज हुई हैं, उनकी संख्या सबसे अधिक है। अतिक्रमण शाखा की 46 और स्वास्थ्य विभाग की 25 शिकायतें दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त एनयूएलएम की 2, आवास शाखा की 2, उद्यान विभाग की 1, कॉलोनी सेल की 1, जन्म-मृत्यु शाखा की 9, बाजार विभाग की 11, भवन शाखा की 17, राजस्व विभाग की 8, लोककर्म विभाग की 10, शासकीय योजना की 17, संपदा शाखा 2, स्थापना शाखा 5 शिकायतें पेंडिंग हैं। (आंकड़ा 2024 से लेकर 5 अगस्त तक का है।)

### विभागीय प्रमुखों को निर्देश

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को ही जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अपने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का जल्द से जल्द तथ्यात्मक निराकरण करने कहा है। सबसे पहले उन शिकायतों पर फोकस करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनका निराकरण 2024 से नहीं हुआ है।

## सार-समाचार

### कैरीबैग और डिस्पोजल जब्त कर लगाया पौने तीन लाख का जुर्माना



**जबलपुर, देशबन्धु।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर निगम की टीम ने शहर के व्यावसायिक स्थलों पर औचक निरीक्षण किया। चेकिंग के दौरान 60 बोरी अमानक कैरीबैग, 120 पैकेट प्लास्टिक चम्मच और 100 पैकेट डिस्पोजल आइटम जब्त किए गए। अमानक आइटम को जब्त करने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों पर नियमों का उल्लंघन करने पर 2 लाख 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। उन्होंने बताया कि गंदगी फैलाने, मलबा फेंकने तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन का भंडारण-उपयोग करने वाले 50 से अधिक लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की गई।

### समीर दीक्षित बने भाजपा दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल जी की सहमति से भाजपा दिव्यांग जन कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संदीप रजक ने प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। भाजपा दिव्यांग जन कल्याण प्रकोष्ठ में जबलपुर से समीर दीक्षित को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है।



समीर दीक्षित की नियुक्ति पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू के साथ जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनायें दी हैं।

### नितिन भाटिया बने भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव ने खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। भाजपा खेल प्रकोष्ठ में जबलपुर से नितिन भाटिया को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। नितिन भाटिया वुशु (मार्शल आर्ट) के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहें है एवं इन्होने अंतर्राष्ट्रीय वुशु खेल स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया है साथ ही वुशु खेल स्पर्धा में पांच बार राष्ट्रीय पदक जीता है। श्री भाटिया इसके पूर्व भाजपा मीडिया संपर्क विभाग में प्रदेश सह संयोजक रहें है। इनकी नियुक्ति पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू के साथ जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ ने शुभकामनायें दी हैं।



# त्रिमूर्ति नगर में चाकू मारकर युवक की हत्या

## हमलावरों की तलाश शुरू, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस



**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थानान्तर्गत त्रिमूर्ति नगर में बुधवार शाम 6 बजे के लगभग तीन बदमाशों ने यशवंत ठाकुर नामक युवक की चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यशवंत पर हमला होते देख आसपास के लोगों में चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है। खबर है कि विजय नगर निवासी यशवंत ठाकुर बुधवार शाम 6 बजे के लगभग कृष्णा कालोनी त्रिमूर्ति नगर अपने काम से गया था, जहां पर तीन बदमाशों ने देखा तो घेरकर गाली गलौज करने लगे। यशवंत ने विरोध किया तो उसपर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दिन दहाड़े युवक पर हमला होते देख राह चलते लोगों में चीख पुकार मच गई, यहां तक कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए देखा तो यशवंत खून से लथपथ मृत हालत में पड़ा है।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# जबलपुर मंडल द्वारा माल डिब्बा अनुरक्षण एवं परीक्षण में नया कीर्तिमान स्थापित

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत सतना बीसीएन डिपो ने माल डिब्बों के अनुरक्षण एवं परीक्षण कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं। यह उपलब्धि प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, पश्चिम मध्य रेलवे एवं मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट एवं ईएनएचएम) स्वप्निल पाटिल के नेतृत्व में प्राप्त हुई है।सतना बीसीएन डिपो ने जुलाई 2026 में 289 वैगनों का रूटीन ओवरहॉल आउटटर्न प्राप्त कर अब तक का सर्वोच्च रिकॉर्ड स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक औसत आउटटर्न 240 वैगन रहा है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के 232 वैगनों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

डिपो द्वारा जुलाई 2026 तक 830 मालगाड़ियों (रैक्स) का यार्ड परीक्षण किया गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 765 रैक्स का परीक्षण किया गया था। यह लगभग 8.5 प्रतिशत की वृद्धि है। वर्तमान वर्ष में प्रतिदिन औसतन 6.92 रैक्स का परीक्षण किया जा रहा है। विशेष प्रीमियम रैक्स के परीक्षण की संख्या 99 से बढ़कर 219 हो गई है, जो 121.21 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को प्रदर्शित करती है।

# बिजली कर्मियों और मकान मालिक से मारपीट



**जबलपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र की पंजाब बैंक कॉलोनी में बिजली मीटर लगाने के दौरान विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। कुछ लोगों ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल (एमपीईबी) के कर्मचारी और मकान मालिक के साथ मारपीट कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, एमपीईबी कर्मचारी कमलेश अपनी टीम के साथ बिजली मीटर लगाने के लिए पंजाब बैंक कॉलोनी पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर वहां मौजूद लोगों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने कर्मचारी और मकान मालिक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

घटना में दोनों को चोटें आईं। इसके बाद घायल कर्मचारी और मकान मालिक कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माणाधीन दो मकानों पर चला बुल्डोजर

## सुबह-सुबह कार्रवाई करने पहुंचा नगर निगम अमला



**जबलपुर, देशबन्धु।** पोलीपाथर संत नगरनिहार स्टेट स्थित दो निर्माणधीन मकानों को नगर निगम के अमले ने बुल्डोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 7 बजे नगर निगम भवन शाखा, कॉलोनी सेल, अतिक्रमण शाखा और पुलिस बल संत नगर पहुंचा, जहां स्थित दो निर्माणधीन मकानों को अवैध बताते हुए तोड़ दिया गया। हालाकि मकान मालिकों ने नगर निगम की इस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए कहा कि कार्रवाई से पूर्व उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। उनका दावा है कि मकान का नक्शा भी पास है, इसके बाद भी कार्रवाई कर देना समझ से परे है। उनका कहना है कि कार्रवाई करने पहुंचे अमले मकान तोड़ने का आदेश मांगा गया लेकिन किसी ने भी आदेश की कॉपी नहीं दिखाई और सीधे ही बुल्डोजर चलाना शुरु कर दिया और 15 मिनट के अंदर मकानों को जमींदोज कर अमला वहां से रवाना हो गया। बताया जा रहा है कि मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है।

# सिविक सेंटर को व्यवस्थित करने सभी लीजधारी एवं व्यापारियों के साथ जेडीए अध्यक्ष की बैठक



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सिविक सेंटर योजना क्रमांक 18, विकास बाजार एवं चौपाटी क्षेत्र को व्यवस्थित, स्वच्छ एवं और सर्वसुविधायुक्त बनाने के उद्देश्य से सकारात्मक चर्चा लीजधारियों, व्यापारियों, संस्थान प्रमुखों एवं चौपाटी के दुकानदारों से तीन दिवसीय विस्तृत बैठकों के माध्यम से हुई। जिसमें सभी अपेक्षितजनों ने अपने सुझाव दिए, हमारी प्राथमिकता है कि तीन दिवसीय विस्तृत बैठक के पश्चात् सिविक सेंटर को व्यवस्थित बनाने नगर निगम, जिला एवं पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर, रणनीति बनाकर जेडीए के समक्ष आये विषयों का क्रियान्वन होगा यह बात जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन समस्त लीजधारियों, व्यापारियों, संस्थान संचालकों के साथ आयोजित तीन दिवसीय बैठक के समापन दिवस पर कही ।

बैठकों के समापन दिवस पर जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन की अध्यक्षता में जबलपुर विकास प्राधिकरण के मीटिंग हॉल में उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी, प्रभारी सीईओ संजय खरे की उपस्थिति में सभी अपेक्षितजनों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# इनरव्हील क्लब आफ जबलपुर साउथ का 32 वां पद स्थापना दिवस संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** इनरव्हील क्लब आफ जबलपुर साउथ के पद स्थापना समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती सुरेखा परमार एवं विशिष्ठ अतिथि डिस्ट्रिकट एडिटर प्रज्ञा मोहिले के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026-2027 के लिए नीति अवस्थी अध्यक्षा एवं नुपर अग्रवाल को सचिव नियुक्त किया गया।इसके साथ ही नई कार्यकारिणी गठित की गई। इस वर्ष की थीम 'ग्रो एन्ड फ्लरीश' बढ़ें, खिलें, और समाज को भी खिलने देवें रखी गई।

समारोह का मुख्य आकर्षण आटेज्म जागरूकता पर आधारित विशेष कार्यक्रम रहा,जिसमे बच्चों ने समाज को संवेदनशीलता एवं समावेशिता का प्रेरणा दाई संदेश दिया। इस अवसर पर पेरालम्पिक विजेता ईशान के उत्कृष्ट स्केटिंग प्रदर्शन ने उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में विकलांग सेवा भारती के विशेष बच्चों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों का स्टाल भी आकर्षण का केंद्र रहा। सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाहन करते हुए क्लब द्वारा गलगला सरस्वती शिशु मंदिर की प्राचार्या को विद्यालय की बालिकाओ के लिए खेल सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर क्लब स्मारिका 'उन्मेश' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के 6 नये सदस्यों ने सेवा के साथ कार्य करने की शपथ ग्रहण की।

इस आयोजन में इनरव्हील डिस्ट्रिकट 326 की पी डी सी राजरुपराह,पी डी सी मनीषा श्रीवास्तव, एवं क्लब के सदस्यों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के लिए शुभ कामनाएं दीं।

# मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियानः तत्काल होगा समस्या का समाधान

## निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कल 7 अगस्त को सुहागी संभाग में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के शिविर के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले

आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक हितग्राहियों तक लाभ पहुंचे।

उन्होंने कहा कि शिविर में नागरिकों को अपनी विभिन्न समस्याओं का समाधान तत्काल देने का प्रयास करें। निगमायुक्त ने विभागीय प्रमुख और संभागीय अधिकारियों को फील्ड पर रहकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा।

बता दें कि मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में पीएम स्वनिधि योजना, संबल योजना, क्रेडिट कार्ड, नल कनेक्शन, आवासीय परियोजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र, बाजार लायसेंस, फायर एनओसी, भवन अनुज्ञा, विद्युत व्यवस्था, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण के साथ केन्द्र एवं राज्य शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिलेगा। बैठक में अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, वीएन बाजपेयी, सौरभ मिश्रा, अशफाक परवेज कुरैशी, मनोज श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त अंकिता जैन, शिवांगी महाजन सहित अन्य मौजूद थे।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाई किशोर कुमार जयंती





**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर कलाकार मंच द्वारा किशोर कुमार की जयंती संगीत में कार्यक्रम मानस भवन में एक आयोजित किया गया संगीत प्रेमियों के लिए किशोर कुमार, लता, रफी साहब के सदाबहार नगमें प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा वैलेंटाइन के संचालक पप्पू साहू सहयोगी और उनके मित्र मंडल अफजल खान, बबलू जायसवाल द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित सुधीर साहू, श्रीमती रंजना, बृजेश गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात फिल्मी गीतों का कार्यक्रम जिसमें किशोर कुमार के गाए हुए गीत अफजल खान, पप्पू सहयोगी, विकास शर्मा, रितेश चंदेल, टिकरिया, मनीष तिवारी और जब जैन निधि सिंह, दामिनी तिवारी और मुंबई से आए शशि कपूर ने खचाखच भरी मानस भवन में शानदार प्रस्तुति कर लोगों का दिल जीत लिया कार्यक्रम में अतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र विधायक डॉक्टर अभिलाष पांडे , धीरज पटेरिया भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर पूर्व क्षेत्र विधायक लखन घनघोरिया, कमलेश अग्रवाल, सुधांशु गुप्ता कार्यक्रम मैं मानव सेवा सम्मान मनीष जैन, सोनू बचवानी, सुधीर साहू चौधरी, कृष्ण कुमार साहू इंजीनियर मुकेश साहू, रमेश साहू पत्रकार श्रीमती आभा, दीपक साहू को दिया गया ।



# जबलपुर प्राईड ग्रुप द्वारा 41 सी सेनेटरी पैड मशीन प्रदान की गई

**जबलपुर,देशबन्धु।** समाज सेवा में अग्रणी जबलपुर प्राईड ग्रुप द्वारा समाज हेतु लगातार सेवा कार्य किए जाते रहे प्राईड ग्रुप द्वारा लगभग 3 वर्ष पूर्व जबलपुर शहर के सभी महिला स्कूलों और कॉलेज में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाने का संकल्प लिया गया था आज उसी कड़ी में हितकारिणी कन्या शाला बी.टी. तिराहा गढ़ा में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई प्राईड ग्रुप द्वारा यह 41 वीं सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई इसके साथ ही हितकारिणी कन्या शाला में पढ़ने वाली ऐसी ऐसी बच्चियां जो अपनी फीस चुका पाने में असमर्थ थी उन 6 बच्चियों के लिए जबलपुर प्राइड ग्रुप द्वारा पूरे वर्ष भर की फीस भी प्रदान की गई। इस अवसर पर राइट ग्रुप के अध्यक्ष परमजीत सिंह कलसी, संरक्षक एसपी दत्ता, प्रशासन संचालक जीपी अग्रवाल उपाध्यक्ष संतोष पटेल की वित्त संचालक महेंद्र सिंह बेदी, सुभाष अग्रवाल श्रीनिवास महाराणा, श्री कृष्ण अग्रवाल सुनील गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## धनुष यज्ञ राम लीलासदर बैठक में कुरचानिया अध्यक्ष बने



**जबलपुर, देशबन्धु।** धनुष यज्ञ राम लीलासदर बैठक में सर्वसम्मती से सीताराम कुरचानिया अध्यक्ष 11वीं निर्वाचित हुई बैठक में मधुर तिवारी अभिषेक चौकसे प्रवण अवस्थी, राहुल रजक डॉक्टर शंकर पांडे नरेश तिवारी शिव दत्त चौबे मनोहर लाल अग्निहोत्री विजय ठाकुर संदीप चौकसे संतोष तिवारी प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेई, अभय नयडू, सतीश पाठ अशीष पाठक आकाश नयडू, आदि अपस्थित थे

# कुल शरीफ के साथ दो दिवसीय उर्स का हुआ समापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** हज़रत सैय्यदना सरकार शहीदे मिल्लत अल्लामा सैय्यद अब्दुल वदूद कादरी सूफ़ी रब्बानी रहमतुल्लाह अलैह एवं कुत्बे जबलपुर हज़रत अल्लामा अल्हाज सैय्यद मोहम्मद दाऊदुल कादरी नश्तर रब्बानी रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक कुल शरीफ और दुआ-ए-खैर के साथ संपन्न हो गया। उर्स के अवसर पर मंगलवार रात्रि 10 बजे मुस्लिम बहुल क्षेत्र मंडी मदार टेकरी स्थित दरबारे रब्बानी में वली अहद साहिबे सज्जादा पीरज़ादा सैयद असजद रब्बानी, नायब सज्जादा नशीन मसनदे मसीहे मिल्लत दरबारे रब्बानी सैयद अशहद रब्बानी एवं सैयद अरशद रब्बानी की सरपरस्ती में शहीदे आज़म कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस में खतीबुल हिन्द हज़रत अल्लामा सैयद मुमताज़ रब्बानी साहब बॉदा शरीफ व हस्सानुल हिन्द हज़रत अल्लामा सैय्यद मिस्बाहुल मुराद जाफ़री , सज्जादा नशीन मकनपुर शरीफ ने विशेष ख़िताब फरमाया एवं अपने नूरानी बयान से उपस्थित अकीदतमंदों को दीन की महत्वपूर्ण शिक्षाओं से अवगत कराया। महफ़िल में इंटरनेशनल नातख़्वाँ एवं मद्दाह-ए-अहले बैत शब्बीर बरकाती (गुजरात) ने अपनी दिलकश आवाज़ में नात व मनक़बत पेश कर समा बाँध दिया, महफ़िल का समापन अल सुबह सलातो-सलाम के साथ सज्जादा नशीन हज़रत सैयद अरशद रब्बानी साहब की दुआ पर हुआ जिस में उन्होंने मसलके आला हज़रत पर सख़्ती से क़ायम रहने पर ज़ोर दिया। बुधवार प्रातः 8 बजे दरबारे रब्बानी में कुरआनख़ानी, कुल शरीफ और दुआ-ए-खैर का आयोजन किया गया। नायब सज्जादा नशीन दरबारे रब्बानी हज़रत सैयद इरफ़ान अशहद रब्बानी ने उर्स में शिरकत करने वाले सभी अकीदतमंदों, मेहमानों एवं सहयोगियों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



# लायंस क्लब का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह



**जबलपुर,देशबन्धु।** पीड़ित मानवता की सेवा में अग्रसर लायंस क्लब जबलपुर, जबलपुर सिटी , जबलपुर उदय एवं जबलपुर जाबालि का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह होटल कल्चुरी में रंगारंग आतिशबाज़ी एवं ढोल घमाकों के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई (छत्तीसगढ़) से पधारे द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी.एम.जे.एफ लायन अनिल अग्रवाल, शपथ अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन नरेन्द्र जैन, विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रकाश चांडक, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन भरत अग्रहरि, रीज़न चेयरपर्सन लायन अरविंद झिंगरन एवं लायन नीलम खरे , जोन चेयरपर्सन लायन भरत सिंह लोधी, लायन मनीषा सोनी, लायन ज्योति तिवारी एवं लायन रश्मि गुप्ता को स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन के पश्चात ध्वज वंदना का पठन श्रीमती सिमरन कौर द्वारा किया गया। शपथ अधिकारी द्वारा क्लब में जुड़े नये सदस्यों नंदलाल डेंगरा, विनोद जैन , हरीश खटवानी एवं सत्र 2026-27 के लिये क्लब अध्यक्ष लायन राजेश डेंगरा , सचिव लायन उमाशंकर सिंह कोषाध्यक्ष लायन राजीव शर्मा, अध्यक्ष लायन चंचल बाजपेई लायन, शिवकुमारी द्विवेदी लायन सुनीता अग्रवाल एवं कार्यकारिणी के सभी लायन सदस्यों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन हेतु शपथ दिलाई गई। लायन के.के. गुमास्ता एवं लायन अरविन्द झिंगरन द्वारा संपादित क्लब की पत्रिका 'संकल्प ' का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया , तत्पश्चात् डेंगरा परिवार द्वारा मुख्य अतिथि के हाथ से ' राजकुमारी बाई बाल निकेतन अनाथालय' को सहायता राशि प्रदान की गई। आयोजन में लायन मिर्जा रमानी, मुकेश अग्रवाल , अजय गुप्ता, मथुरा चौबे, लायन सुलोचना अग्रहरि,एम एम नेमा, गिरीश वर्मा, ज्ञान जायसवाल,शरद सोनी ,आर के सोनी, पप्पी खान ,विजय कुमार , धीरेन्द्र सिंह, मो . शमशेद , इंद्रजीत सिंह चक्कल, राजीव नेमा ,संदीप गुप्ता, संतोष नेमा , राजबहोर साहू एवं अन्य क्लबों के सम्माननीय लायन सदस्यों की उपस्थिति रही। आमंत्रित सम्माननीय अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# सेंट मेरी स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह



**जबलपुर,देशबन्धु।** सेंट मैरीस हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रबंधन के वाइस प्रेसिडेंट रेव. फादर अब्राहम पी.जे. एवं प्राचार्य श्रीमति मीनाती एस चार्ल्स के दिशा निर्देशन में छात्र संघ परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अनचित कुमार, सीनियर सिक्योरिटी ऑफिसर, ऑर्डनेंस फैक्ट्री एवं डॉ. मंजरी कुमार रहे। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत सैंपलिंग प्रदान करते हुए किया गया छात्र संघ परिषद के गठन एवं उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी, टीम भावना एवं आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से परिषद का गठन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई। विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम दोनों के विद्यार्थियों को नेतृत्व का अवसर प्रदान करते हुए शाला नायक निशांत मार्को एवं भूषण भास्करन दुबे एवं शाला नायिका श्रेया सोनी तथा राधिका राव का चयन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को डिसीप्लेन मिनिस्टर आर्थन यादव, प्रीतिका सिंह, तान्या परस्ते कल्चरल मिनिस्टर कृष्णो मुलिक, यान तिर्की, भूमिका सिंह राजपूत एवं स्पोर्ट मिनिस्टर वैभव मिश्रा अंशिका चौधरी, अंश मिश्रा को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। विद्यार्थियों की टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय को चार हाउस-बनाए गए। विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता को विकसित करने के उद्देश्य से पाँच क्लबों का भी गठन किया गया है। इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण, स्वास्थ्य, साहित्य, वैज्ञानिक सोच, कला एवं मीडिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी रुचि एवं प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिले। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अनचित कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, मेहनत, जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला ।

## वर्षा की कामना को लेकर वरुण गायत्री जप एवं यज्ञ

**जबलपुर,देशबन्धु।** वर्षा की कमी और संभावित जल संकट को देखते हुए अखिल भारतीय गायत्री परिवार ट्रस्ट, जबलपुर ने 6 और 7 अगस्त को 'वरुण गायत्री जप एवं यज्ञ' का आयोजन करने का निर्णय लिया है। आयोजन का उद्देश्य आध्यात्मिक साधना के माध्यम से पर्याप्त वर्षा की प्रार्थना करना तथा समाज में जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देना है। ट्रस्ट द्वारा जारी सूचना के अनुसार 6 अगस्त, गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर में प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक वरुण गायत्री मंत्र का अखंड जप होगा। इसके बाद सायं 6 से 7 बजे तक दीप महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। वहीं 7 अगस्त, शुक्रवार को प्रातः 8 से 12 बजे के बीच सभी साधक अपने-अपने घरों में विधिवत गायत्री यज्ञ करेंगे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 06 अगस्त 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, श्रावण कृष्ण पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-भरणी**

मेष - अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इस कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा।

वृषभ - आज आपका मन अनेक प्रकार की परेशानियों से घिरा रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। घर में पारिवारिक सदस्य और स्नेहीजनों की तरफ से विरोध का वातावरण निर्मित होगा।

मिथुन - आज आर्थिक, सामाजिक और कुंटुंबजनों से लाभ का दिन है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी होगा। क-899-790

कर्क - आज का दिन आप के व्यवसाय के लिए लाभदायी है। आप पर उच्च अधिकारियों की कृपा रहेगी। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। पदोन्नति की संभावना है।

सिंह - आज का दिन आलस्य तथा थकान में गुजरेगा। स्वभाव में उग्रता के कारण मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी। पेट दर्द के कारण परेशानी होगी।

कन्या - आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आपमें आवेश और क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर भी संयम बरतने की जरुरत है।

तुला - आज सांसारिक जीवन का विशेष रूप से आनंद उठा सकते हैं। परिजनों के साथ सामाजिक काम के सिलसिले में बाहर जा सकते हैं।

वृश्चिक - पारिवारिक सुख- शांति के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

धनु - हाथ में लिए हुए काम में असफलता मिलने से हताशा आएगी। संतान की शिक्षा या स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। यात्रा न करना आपके लिए लाभदायक होगा।

मकर - आप का आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आज प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। घर में परिजनों के साथ विवाद से मन में अशांति रहेगी।

कुंभ - चिंताओं के बादल हटने से आप मानसिक हल्कापन महसूस करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक गुजरेगा।

मीन - आज आप को खर्च पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। क्रोध और जिह्वा पर संयम रखें। अन्यथा किसी से विवाद होने की आशंका है। मॉ-257-790

1,6,3,9-16,64,32,95,42,50,89,01

## शक्तिभवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा

**जबलपुर,देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन में स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाई जाएगी। इस बात का निर्णय पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन फ़िरोज कुमार मेश्राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी व मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत परिवार द्वारा आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई। कार्यपालक निदेशक फ़िरोज कुमार मेश्राम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शक्तिभवन में आकर्षक रोशनी की जाएगी। सुरक्षा विभाग के सुरक्षा सैनिक आकर्षक परेड और बैंड दल देशभक्ति गीतों की धुन प्रस्तुत करेंगे। प्रदेश की विद्युत कंपनियों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्युत अभियंताओं व कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। न्यनूतम विद्युत दुर्घटना के लिए प्रदेश के विद्युत सर्किल कार्यालय को चलित शील्ड प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित करने वाले क्षेत्र व विद्युत गृह को शील्ड प्रदान की जाएगी।

## अलीम कांग्रेस ओबीसी संगठन सिवनी जिला के सह प्रभारी बने



**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( ओबीसी विभाग ) कार्यकारी अध्यक्ष पवन पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा की अनुशंसा पर कांग्रेस (ओबीसी विभाग) राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद यादव के आदेशनुसार एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मन्सा अनुरूप एवं ओबीसी प्रदेश प्रभारी रमेश मौर्य , अजय गजराज हटेवार द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी को सिवनी जिला ओबीसी विभाग का सह प्रभारी नियुक्त किया है ।



## सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा होगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा का भव्य स्वागत

**जबलपुर,देशबन्धु।** सनातन धर्म सबको आपस में जोड़ने का कार्य करता है। जीव जंतुओं,जल, वन, प्रकृति को भगवत स्वरूप मानकर पूजन अर्चन करने की परांपरा श्रीकृष्ण ने लीलाओं में प्रदर्शित करने का सरल उपाय शोभायात्रा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को धर्म के मार्ग में जोड़ने श्रीकृष्ण से परिचित कराना है। आपसी सहयोग और समर्थन से ही संस्कारधानी जबलपुर में धार्मिक आयोजनों में निरंतर वृद्धि हुई है। सनातन धर्म महासभा जबलपुर के जन जन को ऐकत्रित में निरंतर प्रयास जारी हैं। उक्त उद्गार जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य ने अन्नपूर्णा मंदिर गल्ला मंडी निवाड़गंज में सनातन धर्म महासभा जबलपुर, समरसता सेवा संगठन की जन्माष्टमी शोभायात्रा की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में कहे। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि मंचों से भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। विभिन्न समाजों की परांपरागत विधियों से स्वागत किया जायेगा। बैठक में आचार्य वासुदेव शास्त्री, श्याम साहनी, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन गुड्डा, संजय गोस्वामी, आलोक पाठक, अरूण अग्रवाल, शरद काबरा, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल,जगदीश साहू,पवन पांडेय, मनोज सेठ, रत्नेश मिश्रा, संतोष झरिया, संजय पटेल, के के बस्सी, नितिन अग्रवाल, बल्लू पटेल, श्रीकांत साहू, उज्जवल पचौरी, विनीत तिवारी, आशु रजक, शिवरतन पटेल, अभिनव यादव, प्रशांत केसरवानी, विध्येश भापकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## जनगणना कार्य का कर्मचारियों को मानदेय अतिशीघ्र दिया जाए


**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मई और जून माह की भीषण गर्मी में कर्मचारियों ने जनगणना का कार्य पूर्ण ईमानदारी से किया था। जनगणना ट्रेनिंग और सर्वे कार्य के दौरान शासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया था की जनगणना में लगे सभी लोक सेवकों को उनका मानदेय उनके खाते में अतिशीघ्र पहुँचा दिया जाएगा। परंतु आज दिनांक तक लोकसेवकों के खाते में राशि नहीं पहुँची है। अतः संगठन शासन से मांग करता है की लोकसेवकों के खाते में जनगणना कार्य की राशि अतिशीघ्र पहुँचाई जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, दिनेश गोंड, गुडविन चार्ल्स, संतोष चौरसिया, राजकुमार यादव, दीपेश जैन, एनोस विक्टर, सुधीर अवधिया, देवेन्द्र भट, फिलिप अन्थोनी, सुरेंद्र चौधरी, मनमोहन चैधरी, राकेश गुप्ता, गोपीशाह, , त्रिलोक सिंह, वसुमुद्दीन, देवेन्द्र पटेल, अशोक कोष्टी, अनूप दहाट, अशोक परस्ते, महेन्द्र प्रधान, योगेश ठाकरे, वीरेंद्र श्रीवास, आदि ने शासन से मांग की है ।

# विद्युत फेडरेशन के प्रांतीय सम्मेलन की बैठक आज सतना में

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के जोनल सचिव बी पी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि फेडरेशन का प्रांतीय सम्मेलन, बैठक का आयोजन 06 अगस्त को सतना के श्रम कल्याण केन्द्र में किया जा रहा है। इस अवसर पर फेडरेशन के मार्गदर्शक एम.जी सक्सेना का फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर फेडरेशन द्वारा किए गए कार्यों प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। राकेश डी पी पाठक ने बताया कि बैठक में संविदा कर्मियों की नियमित नियुक्ति की विसंगतियां, आउट सोर्स कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति, संविदा अनुकंपा आश्रितों को नियमित नियुक्ति की विसंगतियों, 2012 के पूर्व के अनुकंपा आश्रितों को नियुक्ति देने, कंपनी कैडर कार्मिकों, नियमित कर्मचारियों और सम्माननीय पेंशनर्स की समस्यायों एवं फेडरेशन की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा होगी। फेडरेशन की भविष्य की रुप रेखा का भी निर्धारण किया जायेगा। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, खूबचंद शर्मा,एन के यादव, बी पी पटेल,दिनेश दुबे,उमाशंकर मेहता, सुरेश बाबू खरे, नरेंद्र मिश्रा,आर के कौशिक, रामेश्वर गांगे, अफसार अहमद,जी एल चौरसिया,गोपाल चौहान, ए के पांडे, डी एस माथुर, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे सहित पूरे प्रदेश से फेडरेशन के पदाधिकारी शामिल होंगे।



## सल्लेखना पूर्वक समाधि सम्पन्न



**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज निवासी स्व. हुकमचंद जैन बचैया वालों की धर्मपत्नी एवं आजाद जैन की माताजी श्रीमती सुशीला रानी जैन का आज प्रातः 11 बजे पूज्य आर्यिका 105 गुरु मति माता ससंघ एवं आर्यिका 105 दृढ़ मति माता ससंघ सानिध्य में सल्लेखना पूर्वक समाधि हो गई है। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।

# गैंगस्टर करता था अवैध हथियार सप्लाई



## एक पिस्टल, दो कट्टा व तीन कारतूस बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज पुलिस ने जारी डिग्री के पास से तीन शातिर बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के पास से एक पिस्टल, दो कट्टे व तीन कारतूस बरामद किये गये है। आरोपी गिरोह बनाकर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। उन्होंने गैंगस्टर छोटू चौबे से अवैध हथियार खरीदे थे। पुलिस ने उक्त हथियारों को जब्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सीएसपी कोतवाली अखिलेश गौर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थाना ग्वारीघाट के हत्या के प्रयास प्रकरण में फरार आरोपी पिस्टल लेकर जीरो डिग्री के पास घूम रहा है। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल ही मौके पर दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपी दीपक जाटव पिता शंकर लाल जाटव उम्र 36 वर्ष निवासी सुख सागर ग्वारीघाट को दबोचा। जिसके पास से 1520 रूपये की नगदी एवं एक पिस्टल बरामद की गई, जिसकी मैग्जीन में एक कारतूस लोड था। पूछताछ में आरोपी दीपक ने बताया कि वह अपने साथी आकाश पटेल एवं आनंद चैधरी के साथ मिलकर संगठित रूप से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का व्यवसाय करता है। छोटू चैबे से दो माह पूर्व 2 पिस्टल एवं 4 कट्टे तथा सभी के 5-5 कारतूस खरीदे थे। जिसमें 1 पिस्टल, 1 कारतूस स्वयं के पास होना तथा 1-1 कट्टा एवं कारतूस दोनों साथियों के पास होना बताया। इसके अलावा एक पिस्टल एवं 2 कट्टे अज्ञात व्यक्तियों को बेचना बताया। उसके एवं दोनों साथियों पास के हथियारो को बेचने का सौदा करने की बात हेतु उसके साथी आकाश पटेल एवं आनंद चैधरी हथियार सहित आने वाले है। इसी दौश्रान आरोपी आकाश व आनंद चैधरी पहुंचे, जिन्हें भी पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी आनंद चैधरी के पास से एक कट्टा, एक कारतूस व छह सौ रुपये की नगदी बरामद की। इसी प्रकार आरोपी आकाश के पास से कट्टा-कारतूस व नौ सौ रुपये की नगदी जब्त की गई।

शातिर बदमाश है तीनों आरोपी-पुलिस ने बताया कि पकड़े गये तीनों आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के है। जिनमें आरोपी दीपक जाटव जो भोपाल में पंजीबद्ध हत्या के प्रकरण में जमानत पर है तथा ग्वारीघाट के हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार था। जिसके विरूद्ध एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है। इसी प्रकार आकाश पटेल के नौ व आनंद चैधरी के खिलाफ आबकारी एक्ट के पांच अपराध पंजीबद्ध है।

## बदलेगी एमयू कुलपति नियुक्ति की शर्त

### हाईकोर्ट में चुनौती के बाद सरकार का यू-टर्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, एमयू के कुलपति की नियुक्ति में सरकारी मेडिकल कालेज में प्रोफेसर के रूप में 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य करने वाली शर्त पर सरकार अब पीछे हटेगी। हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि इस प्रावधान को हटाने के लिए विधानसभा में नया विधेयक लाया जाएगा। बिल पारित होने के बाद कुलपति नियुक्ति की पूर्व व्यवस्था फिर लागू हो जाएगी। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिर्स प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने सरकार के बयान को रिकार्ड पर लेते हुए विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई सात अगस्त को होगी। दरअसल, जबलपुर के सुखसागर मेडिकल कालेज के प्रोफेसर डॉ. पंकज कमल धरडे ने एमपी आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, संशोधन अधिनियम, 2023 को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। संशोधन के तहत कुलपति पद के लिए सरकारी मेडिकल कालेज में प्रोफेसर के रूप में 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य किया गया था। याचिका में कहा गया कि इस शर्त से निजी मेडिकल कालेजों और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत अनुभवी प्रोफेसरों व शिक्षाविदों के लिए कुलपति पद के अवसर बंद हो गए। इसे याचिकाकर्ता ने मनमाना और भेदभावपूर्ण बताया है। सरकार के रुख में बदलाव के बाद हाईकोर्ट ने याचिका को संबंधित प्रकरण के साथ संलग्न कर संयुक्त सुनवाई के निर्देश दिए हैं।

## मेडिकल में डॉक्टरो से मारपीट करने वाले मरीज और परिजनों पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों से मारपीट करने वाले मरीज और उनके परिचितों के खिलाफ गढ़ा पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस ने बताया कि मेडिकल कालेज के कार्यकारी अधिष्ठाता डॉ. आशीष सेठी ने लिखित शिकायत की कि मेडिकल कॉलेज की कैजुअल्टी में रात्रिकालीन ड्यूटी में तैनात डॉक्टर सचिन दुल, डॉ अमन गुप्ता, डॉ शशिशेखर सिंह, डॉ प्रतीक, के साथ मरीज आरूष पटेल निवासी जय भवानी कॉलोनी सिहोरा के द्वारा एवं उनके परिजन, मित्र सामर्थ गुप्ता, अर्पित आयुष गुप्ता, राम भूषण तिवारी, शिव द्वारा चिकित्सा शासकीय कार्य के दौरान शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उक्त लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 121(1), 132, 191(2), 221 बीएनएस तथा 3ध्4 म.प्र.चिकित्सक या चिकित्सा से संबंधित व्यक्तियों की सुरक्षा अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## संस्कार कांवड़ यात्रा के संबंध में कलेक्टर व एसपी ने जारी किये आवश्यक दिशा-निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर में द्वितीय सोमवार को निकाली जाने वाली संस्कार कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। बुधवार को जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी सम्पत उपाध्याय, निगामायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने खमरिया मटामर स्थित कैलाशधाम मंदिर पहुंचकर पूरा जायजा लिया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि द्वितीय सावन सोमवार के अवसर पर संस्कार कांवड यात्रा 10 अगस्त 2026 को प्रात: 7 बजे मॉ नर्मदा तट ग्वारीघाट से निकाली जावेगी। जो बादशाह हलवाई मंदिर, रामपुर चैक, छोटी लाईन फाटक चैराहा, शास्त्री ब्रिज, तीन पत्ती चैक, मालवीय चैक, बड़ा फुहारा, सराफा चैक, बेलबाग तिराहा, घमापुर चैक, कांचघर चैक, सतपुला ब्रिज, पनेहरा पैट्रोल पंप, गोकलपुर, रांझी, खमरिया बाजार होते हुये मटामर स्थित कैलाशधाम में समाप्त होगी। अधिकारियों ने पूरा जायजा लेने के बाद बैरिकेटिंग, वैकल्पिक मार्ग आदि की व्यवस्थाओं के सम्बंध में चर्चा करते हुये मौके पर उपस्थित एमपीईबी, प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिस को व्यवस्थाओं के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## तबीयत बिगड़ने से हुआ दुष्कर्म का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र निवासी स्कूल में पढ़ रही एक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक उसे जबरन एक होटल में लेकर जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना से घबराई किशोरी का स्वास्थ्य खराब हो गया। उसके बाद परिजन के पूछताछ करने पर उसने घटना की जानकारी दी। आरोपी मदर टेरेसा नगर निवासी नीलेश चौबे को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया है।



निजी स्कूल में हायर सेकेंडरी की छात्रा की नीलेश चौबे से कुछ समय से जान-पहचान थी। दोनों में बातचीत होती थी। मंगलवार को घर से स्कूल गई। स्कूल के बाहर नीलेश मिला। उसने किशोरी को स्कूल जाने से रोक लिया। अपनी बातों में फंसाकर और डरा-धमकाकर उसे अपने घर ले लिया। उसे घुमाने का बोलकर विजय नगर स्थित एआर कैफे एंड रेस्टोरेंट ले गया। कैफे में उसने एक किराया कमरे पर लिया, जहां किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा को रक्तस्त्राव होने लगा। उसका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा।आरोपी किशोरी को अपने साथ स्कूल तक ले गया। उसे गेट के बाहर छोड़कर भाग गया। स्कूल के अवकाश के समय के काफी देर बाद तक किशोरी घर नहीं पहुंची, तो परिजन परेशान हुए। उसकी तलाश करते हुए स्कूल पहुंचे तो किशोरी बाहर मिली। वह दर्द और कमजोरी महसूस कर रही थी। उसे अस्वस्थ्य समझकर परिजन ने पूछताछ की तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी।पुलिस ने आरोपी को भेजा जेलपरिजन उसे तुरंत माढ़ोताल थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने अस्वस्थ्य किशोरी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। उसके बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनाक्रम से जुड़े कैफे के फुटेज देख रही है। मामले में आरोपी नीलेश चैब को गिरफ्तार किया। आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# सौ करोड से अधिक मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सौरभ शर्मा को मिली जमानत

## हाईकोर्ट से मिली सशर्त राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** सौ करोड़ से अधिक मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किये गये आरटीओ विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को हाईकोर्ट से जमानत का लाभ मिल गया है। हाईकोर्ट जस्टिस अजय कुमार निरंकारी ने अपने आदेश में कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय जांच पूरी कर न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत कर चुका है। न्यायालय ने आरोप भी तय कर दिये है। विचाराधीन कैदी विगत 16 माह से न्यायिक हिरासत में है और ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनवाई पूरी करने में समय लगने की संभावना है। एकलपीठ ने इस आधार पर आरोपी को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया।

याचिकाकर्ता सौरभ शर्मा की तरफ से जमानत के लिए हाईकोर्ट में स्थाई जमानत के लिए आवेदन किया गया था। जमानत आवेदन में कहा गया था कि वह मध्य प्रदेश राज्य के परिवहन विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ था और स्वेच्छा से सेवानिवृत्त गया था। उस पर आरोप है कि उसने परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और अन्य संबंधित संस्थाओं के नाम पर कुछ चल और अचल संपत्तियाँ, निवेश और वित्तीय लेनदेन किये है। सार्वजनिक सेवा में अपने कार्यकाल के दौरान ज्ञात आय के स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। लोकायुक्त द्वारा 19 दिसंबर 2024 को दी गयी दबिश के दौरान आवेदक के विभिन्न परिसरों से नकद, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान बरामद किए गए थे। इसके अलावा उसी तारीख को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सह-आरोपी चेतन सिंह गौर के नाम पर रजिस्टर्ड एक गाड़ी से कैश और सोने की ईंटें बरामद कीं थी। जिसका इस्तेमाल मौजूदा आवेदक कर रहा था। इसी आधार पर प्रवर्तन निदेशालय भोपाल के द्वारा उसके खिलाफ 21 दिसम्बर 2024 को प्रकरण दर्ज किया गया था। लोकायुक्त द्वारा दर्ज किये गये प्रकरण में आवेदक न्यायिक हिरासत में था। न्यायिक हिरासत के दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने 10 फरवरी 2025 औपचारिक रूप से उसे गिरफ्तार किया था। लोकायुक्त द्वारा दर्ज प्रकरण में निर्धारित समय सीमा में चालान प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण उसे जमानत का लाभ मिल गया था।वह विगत 16 माह से न्यायिक अभिरक्षा में है और अपराध में अधिकतम सजा सात साल है। जमानत आवेदन का विरोध करते हुए प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से कहा गया कि आरोपी को जमानत पर रिहा किया जाता है, तो इस बात का उचित डर है कि वह गवाहों को प्रभावित तथा सबूतों के साथ छेड़छाड़ या कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश कर सकता है। आरोपी अपराध से मिली कमाई से हासिल की गई संपत्तियों को छिपाने, ट्रांसफर करने, किसी और को देने या ठिकाने लगाने की कोशिश कर सकता है।

एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि कथित अपराध के लिए अधिकतम सजा सात साल है और सुनवाई के निकट भविष्य में खत्म होने की संभावना नहीं है। आवेदक विगत 16 माह से न्यायिक अभिरक्षा में है। वर्तमान परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए आवेदक को जमानत का लाभ प्रदान किया जाता है। ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के अनुसार दस लाख रुपये का पर्सनल बॉन्ड और उतनी ही राशि की एक सॉल्वेंट स्थानीय जमानत जमा करे। एकलपीठ ने आवेदक को सशर्त जमानत का लाभ प्रदान किया।

## पति नहीं माता-पिता के साथ रहना है

### हाईकोर्ट ने किया बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका निराकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** मायके पक्ष द्वारा पत्नी का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर रखे जाने का आरोप लगाते हुए पति ने हाईकोर्ट में दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने समक्ष पूर्व में पारित आदेश का पालन करते हुए मैहर पुलिस द्वारा महिला को पेष किया गया। महिला ने युगल पीठ ने बताया कि वह स्वेच्छा से अपने माता-पिता के साथ रहना चाहती है। युगलपीठ महिला के बयान को रिकॉर्ड में लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

मैहर जिले के उदयपुर निवासी रोहित कुमार चैधरी की से दायर याचिका में कहा गया था कि मई माह में प्रेम विवाह प्रेम विवाह करने के कारण मायके पक्ष वाले मायके के लोग उससे रंजिष रखते थे। पुलिस के माध्यम से मायके पक्ष के लोगो ने उन्हें तथा परिजनों को प्रताड़ित कर रहे थे। जिसमें दो पुलिसकर्मियों की भूमिका अहम थी। प्रताड़ना से त्रस्त होकर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने दोनों को बालिग मानते हुए पुलिस व जिला प्रशासन को सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में आवश्यकता अनुसार सुरक्षा पर निर्णय लेने के आदेष जारी किये थे। मायके पक्ष की नाराजगी के कारण वह अपनी पत्नी व भाई के साथ दिल्ली जाकर रहने लगा था। मायके पक्ष के लोग विगत 26 जुलाई को दिल्ली पहुंच गये और उसके तथा भाई के साथ मारपीट करने हुए पत्नी का अपहरण कर ले गये। जिसकी रिपोर्ट उनसे दिल्ली के संबंधित थाने में दर्ज करवाई है। इस दौरान पत्नी का फोन आया कि मायके पक्ष वाले लोग उसे कमरे में बांधकर रखते है और किसी से मिलने नही देते है। किसी तरफ अवसर पाकर फोन कर रही है। युगल पीठ ने सुनवाई करते हुए महिला को पेष करने के निर्देश जारी किये थे। याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई महिला ने न्यायालय में उपस्थित होकर युगलपीठ को बताया कि वह अपने पति के साथ नही रहना चाहती है। युगलपीठ ने महिला को इच्छा अनुसार अपने माता-पिता के साथ जाने की अनुमति प्रदान करते हुए याचिकाकर्ता को हिन्दू मैरिज एक्ट के तहत कानूनी विकल्प के उपयोग की स्वतंत्रता प्रदान की है।




## एचबीए चुनावः स्क्रूटनी में सभी 75 नामांकन पत्र वैध

### आज नामांकन वापसी की अंतिम तिथि, इसके बाद घोषित होगी प्रत्याशियों की फाईनल सूची

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के चुनाव अंतर्गत बुधवार को स्क्रूटनी प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसमें सभी 75 नामांकन वैध पाए गए। कुल 77 नामांकन क्रय किए गए थे, जिनमें से अध्यक्ष पद के दो दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा नहीं किए। इस तरह अब मैदान में कुल 75 प्रत्याशी हैं। आज गुरुवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इसके बाद प्रत्याशियों की फाइनल सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। मतगदान 17 अगस्त को होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी संजय सेठ, चुनाव अधिकारी हिमांशु तिवारी, राजकमल चतुर्वेदी, मनीष जैन, आशीष श्रीवास्तव, नितिन गुप्ता, सुधाकर मणि पटेल, एटी फरीदी, राकेश तिवारी, वंदना श्रोति ने आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

**अध्यक्ष पद के छह उम्मीदवार मैदान में**-हाईकोर्ट बार एसोसियेशन अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता मृगेन्द्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष संजय वर्मा व धन्य कुमार जैन, पूर्व सचिव परितोष त्रिवेदी, संपूर्ण तिवारी व शंभूदयाल गुप्ता के रूप में कुल छह प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। इस तरह छह कोणीय मुकाबले का समीकरण सामने है। नाम वापसी के बाद तस्वीर पूरी तरह साफ होगी।

## नियुक्ति के पहले वर्ष से ही पूरा वेतन दिया जायेः हाईकोर्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने राज्य सरकार के कर्मियों को नियुक्ति के पहले वर्ष से ही पूरा वेतन देने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता अधारताल जबलपुर निवासी अमित वर्मा सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता राज्य सरकार के कर्मचारी है। उन्हें नियुक्ति के पहले वर्ष 70 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 80 प्रतिशत और तीसरे वर्ष 90 प्रतिशत वेतन दिया जा रहा है। राज्य शासन का सर्कुलर संविधान के विपरीत है। हाईकोर्ट ने वसीम अकरम और विनीता तिवारी मामले में भी राज्य सरकार के कर्मियों को पहले वर्ष से पूरा वेतन देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर राहत प्रदान कर दी।

## सिंगोद स्कूल में फिर शुरू होगी पढ़ाई, याचिका निराकृत

### सरकार के आश्वासन पर कोर्ट ने किया मामला समाप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने सिंगोद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनागर को बंद किए जाने के मामले में याचिका का निराकरण कर दिया है। एकलपीठ ने चार अगस्त को अंतिम सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दिए गए आश्वासन को रिकार्ड पर लेते हुए याचिका का निराकरण किया। सरकार की ओर से बताया गया कि सिंगोद का विद्यालय पूर्व की तरह संचालित किया जाएगा और विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

दरअसल, सिंगोद स्थित शासकीय विद्यालय को बंद कर विद्यार्थियों की पढ़ाई दूसरे स्थान पर संचालित किए जाने के खिलाफ याचिका दायर की गई थी। याचिका में स्कूल को पुनः खोलने और पूर्व में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निर्बाध रूप से पढ़ाई जारी रखने की व्यवस्था करने की मांग की गई थी। मामले में सरकार की ओर से न्यायालय को बताया गया कि सिंगोद के पुराने विद्यालय को कक्षा छह से दसवीं तक वरिष्ठ बुनियादी हाई स्कूल के नाम से जारी रखा जाएगा। वहीं सिंगोद से करीब 18 किलोमीटर दूर रैपुरा पनागर में नए भवन में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संचालन भी किया जाएगा। विद्यार्थियों को अपनी सुविधा के अनुसार दोनों विद्यालयों में प्रवेश लेकर पढ़ाई करने की अनुमति होगी। विद्यालय संचालन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात भी सरकार ने कही।

## सोलह साल बाद वसूली पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** नरसिंहपुर पुलिस के सिपाही को करीब 16 साल तक निर्धारित वेतन और वेतनवृद्धि देने के बाद विभाग ने वेतन निर्धारण में गलती बताते हुए अधिक भुगतान की राशि वसूलने का आदेश जारी कर दिया। हाईकोर्ट ने नरसिंहपुर के पुलिस अधीक्षक के इस आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायालय ने कहा कि वसूली से कर्मचारी के वेतन में कमी होती है और उसके विरुद्ध प्रतिकूल नागरिक परिणाम होते हैं, इसलिए ऐसा आदेश जारी करने से पहले उसे सुनवाई का अवसर देना जरूरी है। कोर्ट ने वसूल की गई राशि, यदि कोई हो, वापस करने के निर्देश भी दिए हैं। दरअसल यह मामला नरसिंहपुर निवासी हीरालाल यादव की ओर से दायर किया गया था। जिसमें आवेदक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण 20 अक्टूबर 1998 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद आपराधिक अपील में उन्हें 14 दिसंबर 2004 को बरी कर दिया गया। इसके बाद 27 जुलाई 2005 को उन्हें सिपाही के पद पर पुनः सेवा में बहाल किया गया। बहाली के बाद विभागीय जांच हुई। इसमें एक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने की सजा दी गई। साथ ही सेवा से बाहर रहने की अवधि को नो वर्कए नो-पे माना गया और उन्हें काल्पनिक लाभ देने के निर्देश दिये गये। विभाग ने एक जनवरी 2006 को हीरालाल यादव का वेतन 7070 रुपये और ग्रेड-पे 1900 रुपये निर्धारित किया। इसके बाद उन्हें वेतनवृद्धि और अन्य लाभ मिलते रहे। करीब 16 साल बाद एक जनवरी 2022 को विभाग को पता चला कि उन्हें अधिक वेतन का भुगतान हो रहा है। इसके बाद वेतन और ग्रेड-पे में सुधार कर कथित अधिक भुगतान की राशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

## जैन साध्वियों को टक्कर मारने वाले को जमानत नहीं

### अर्जी वापस लेने की प्रार्थना पर खारिज

**जबलपुर,देशबन्धु** मप्र हाईकोर्ट ने रीवा में तीन जैन साध्वियों को कार से टक्कर मारने के बाद करीब 270 किलोमीटर तक फरार हुए आरोपी रशीद आबाद अली शाह को जमानत से इनकार कर दिया। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ में जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने जमानत का कड़ा विरोध किया। कोर्ट के रुख को देखते हुए आरोपी की ओर से अर्जी वापस लेने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने जमानत आवेदन निरस्त कर दिया।

दरअसल 20 मई को रीवा कलेक्ट्रेट के सामने तीन जैन साध्वियां सडक़ किनारे पैदल विहार कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में षुति मति माता की मौके पर मृत्यु हो गई। उपसमिति माता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि घायल आर्यिका माता का उपचार जारी है। हादसे के बाद आरोपी कार समेत फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज से वाहन की पहचान होने पर पुलिस ने अलर्ट जारी किया। करीब 270 किलोमीटर दूर जबलपुर के बहोरीपार टोल प्लाजा पर बरगी पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वह फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में है। सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह और शासकीय अधिवक्ता अमित पांडे ने घटना की गंभीरता और हादसे के बाद आरोपी के फरार होने का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया।

## पुलिस और अधिवक्ता दोनों कानून के सम्मान का उदाहरण बनें: हाईकोर्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में पुलिस और अधिवक्ताओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि दोनों ही न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कानून लागू करने वाली पुलिस और उसकी रक्षा करने वाली विधि बिरादरी यदि परस्पर सम्मान, शालीनता और कानून के अनुरूप आचरण करेंगी, तभी न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास मजबूत होगा। जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने यह टिप्पणी ट्रैफिक जांच के दौरान पुलिस कर्मियों पर मारपीट व अभद्रता के आरोप संबंधी याचिका का निराकरण करते हुए की। न्यायालय ने कहा कि अधिवक्ता केवल पक्षकार के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि न्यायालय के अधिकारी भी हैं। इसलिए उनसे कानून और वैधानिक व्यवस्था के प्रति सर्वोच्च सम्मान की अपेक्षा की जाती है। वहीं पुलिस कर्मियों को भी कानून का पालन कराते समय धैर्य, शिष्टाचार और संयम बनाए रखना चाहिए। ट्रैफिक जांच के दौरान अभद्र भाषा, वाहन की चाबी छीनने या अनावश्यक विवाद जैसी शिकायतें सामने आती रहती हैं। आरोप सही हों या नहीं, इसकी जांच हर मामले में होगी, लेकिन कानून लागू करते समय दृढ़ता के साथ निष्पक्षता और सभ्य व्यवहार भी आवश्यक है। कोर्ट ने एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश देने से इन्कार करते हुए कहा कि शिकायत पहले से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के समक्ष जांचाधीन है। इसलिए जबलपुर पुलिस अधीक्षक को 13 जुलाई 2026 के अभ्यावेदन पर कानून के अनुसार स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्णय लेने के निर्देश देते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

अधिकारियों ने किया एसटीपी निर्माण कार्य का निरीक्षण, कहा-

# गुणवत्ता से समय-सीमा में काम करें

**पाटन,देशबन्धु।** पाटन नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने बुधवार को नगर परिषद पनागर अंतर्गत लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट (एलडब्ल्यूएम) योजना के तहत निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री अभिषेक शिवहरे, सहायक यंत्री एसके गुप्ता, सहायक यंत्री राजेंद्र कुमार सोनी,पीडीएमसी टीम के रेजिडेंट इंजीनियर हुसैन तथा सहायक रेजिडेंट इंजीनियर स्वप्निल वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति,गुणवत्ता,सुरक्षा व्यवस्था एवं तकनीकी मानकों का विस्तृत अवलोकन किया। अधिकारियों ने संबंधित एजेंसी को स्वीकृत ड्रॉइंग एवं



तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के उपरांत परियोजना स्थल पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, पीडीएमसी टीम तथा ठेकेदार स्टाफ ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सोशल एक्सपर्ट बी.के.नामदेव, पीडीएमसी टीम के सदस्य एवं ठेकेदार स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# घोड़ाटाकन रोड के गड्ढों से राहगीर हो रहे परेशान

**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडम से सिहोरा मार्ग पर कुंडम से10 किलोमीटर दूर घोड़ाटाकन के घाट पर जंगल ऊपर से मोरम और पत्थर रोड में गिर रहे हैं, जिससे यातायात वाहनों में डबल वाहन क्रॉस होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घोड़ाटाकन के ग्रामीणों ने अधिकारियों को मीडिया के माध्यम से अवगत करना चाहते हैं कि ठेकेदार या लोक निर्माण के अधिकारियों द्वारा अनदेखा कर रहे वहीं पर गोविंद सिंह मरावी और बेड़ी लाल वरकड़े और ग्रामीण जनों का कहना है रोड के ठेकेदार ना कोई देखरेख कर रहे है ना कोई अधिकारी वहां गड्ढे पर कोई भी रिपेयरिंग कार्य नहीं किया जा रहा है, इसलिए राहगीर घटना दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि डेढ़ साल पहले ही रोड का निर्माण हुआ है और वह अभी से टूटने लगी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग की है।



# शहपुरा नगर सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर टोल प्लाजा को स्थानांतरित करने की मांग

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** शहपुरा टोल प्लाजा को लेकर क्षेत्र में बढ़ते विरोध के बीच मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट मुख्य अभियंता भोपाल को प्रेषित की है। जबलपुर संभागीय प्रबंधक द्वारा एक अगस्त को भेजे गए प्रतिवेदन में स्थानीय विरोध, करणी सेना परिवार द्वारा सौंपे गए ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता का उल्लेख किया गया है।



प्रतिवेदन के अनुसार 31 जुलाई को जबलपुर-नरसिंहपुर-पिपरिया मार्ग स्थित शहपुरा टोल प्लाजा पर करणी सेना परिवार, जबलपुर तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रदर्शन कर निगम के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें रखी गई हैं। इनमें शहपुरा नगर सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर टोल प्लाजा को स्थानांतरित करना, सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ही टोल वसूली प्रारंभ करना, टोल क्षेत्र की आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं में सुधार करना तथा सड़क पूरी तरह तैयार होने तक टोल टैक्स की वसूली स्थगित रखना शामिल है। एमपीआरडीसी ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि प्रदर्शनकारियों को निगम की ओर से मौखिक रूप से समझाइश दी गई, लेकिन संगठन के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो चार से पांच दिनों के भीतर टोल प्लाजा पर धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इस चेतावनी को भी प्रतिवेदन में दर्ज किया गया है। संभागीय प्रबंधक ने मुख्य अभियंता से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। साथ ही पत्र की प्रतिलिपि निगम के प्रबंध संचालक, कलेक्टर जबलपुर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय दंडाधिकारी शहपुरा तथा थाना प्रभारी शहपुरा को भी भेजी गई है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रशासनिक एवं पुलिस स्तर पर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है कि शहपुरा टोल प्लाजा को लेकर स्थानीय नागरिकों में लंबे समय से असंतोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है तथा कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त है। इसके बावजूद टोल वसूली किए जाने पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

## सार-समाचार



### नशा मुक्ति अभियान के प्रथम दिवस का शुभारंभ

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शहपुरा द्वारा आयोजित नशा मुक्ति अभियान के प्रथम दिवस का शुभारंभ बुधवार को हायर सेकेंडरी कन्या विद्यालय परिसर में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राकेश नवेरिया, समाजसेवी एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र बंधु जैन, पार्षद कविता सिंह, पार्षद जया साहू, उपनिरीक्षक संतोष पटेल तथा मंडल अध्यक्ष अखिलेश नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। युवाओं को नशे और कुसंगति से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और अनुशासन को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया गया। समाजसेवी एव पत्रकार राजेंद्र बन्धु जैन ने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है। यदि वह मेहनत, ईमानदारी और श्रम को अपने जीवन का आधार बनाएगा तो सफलता निश्चित मिलेगी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वरिष्ठ राजयोगिनी वीके उषा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्थान द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 10 करोड़ लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। ब्रह्माकुमारी संस्थान भी इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अधिक से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाएगा।

### भोले की गौशाला अग्रणी भूमिका निभाने का प्रयास

**कुंडम, देशबन्धु।** भोले की गौशाला फाउंडेशन समाजसेवा के क्षेत्र में कई तरह के कार्य करने के लिए संकल्पित है, जैसे वृद्ध और असहाय लोगों की सहायता, उनकी चिकित्सा, गरीब बच्चों की शिक्षा, गौवंश की सेवा, सड़कों पर घायल एवं लावारिस घूम रहे गौवंशं के रखरखाव, चिकित्सा एवं उनकी सेवा की व्यवस्था, प्राकृतिक आपदा में प्रभावित आहत लोगों की सेवा के तहत समाजसेवा के क्षेत्र में भोले की गौशाला अग्रणी भूमिका निभाने के प्रयास को सार्थक मूर्तरूप देने का कार्य कर रही रही है। संस्था संपूर्ण भारत में क्रमबद्ध विस्तार की ओर अग्रसर है। निकट समय में जबलपुर मध्य प्रदेश में हरियाली को विस्तार देने एवं पर्यावरण संरक्षण के निहित 10 हजार फलदार/छायादार वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प को पूरा कर जबलपुर को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने को कटिबद्ध है। इसी कड़ी के द्वितीय चरण में रविवार को स्थान एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला बस्ती संख्या 1 चित्तरंजनदास वार्ड 39 लेमा गार्डन के सामने गोहलपुर, जबलपुर में 251 पौधों का रोपण किया। इस मौके पर भोले की गौशाला फाउंडेशन के स्थापक निदेशक संदीप बोस ने बताया कि संस्था द्वारा जबलपुर को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए आगे अभियान को जारी रखते हुए पौधरोपण किया जाएगा। इस दौरान पर संस्था के पदाधिकारी, सदस्य, वार्ड पार्षद, विद्यालय के शिक्षक, कर्मी तथा स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

### 51 पीपल के पेड़ लगाकर मनाया छात्रावास अधीक्षक राकेश महोबिया का जन्मदिन

**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडम बालक आदिवासी छात्रावास अधीक्षक राकेश महोबिया ने हॉस्टल के समीप 51 पीपल के पौधे रोपकर अपना जन्मदिवस मनाया। इस दौरान होने पर्यावरण के प्रति छात्रों को जागरूक किया। इस अवसर पर हॉस्टल के समस्त छात्रों ने अपने गुरु के दीर्घायु की कामना करते हुए, उन्हें बधाई प्रेषित की।



# 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर पाटन में अधिकारियों की बैठक आयोजित

**पाटन, देशबन्धु।** आगामी 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को तहसील सभागार स्थित अनुविभागीय कार्यालय पाटन में पूर्व तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) माननेन्द्र सिंह ने की। बैठक में विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों के प्रमुख उपस्थित रहे।



### ध्वजारोहण, प्रभातफेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय, विभागों को सौंपी जिम्मेदारियां

बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुचारु एवं सफल आयोजन के लिए सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अनुविभागीय अधिकारी ने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में तय किया गया कि 15 अगस्त को समस्त शासकीय,अर्द्धशासकीय एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रातः 7 बजे से 8 बजे के बीच ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं छात्र-छात्राओं के साथ प्रभात फेरी निकालेंगे और सुबह 8:30 बजे तक झंडा चौक बाजार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बैठक के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी (कृषि),अनुविभागीय अधिकारी (लोक निर्माण विभाग), कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री निशा, पीएम श्री विद्यालय की प्राचार्य सुषमा कोरी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खंड चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी,मत्स्य निरीक्षक, वन परिक्षेत्र अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक पूजा जैन,मुख्य अभियंता,ब्लॉक समन्वयक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'चाकू गैंग' कर रही दिनदहाड़े लूट

- **ट्रक रुकवाकर यूपीआई से वसूले 5 हजार, मोबाइल लूटकर फरार**

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले के सीतापुर क्षेत्र में हाईवे पर दिनदहाड़े हुई कथित लूट की वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, केला लादकर भुसावल से बनारस जा रहे ट्रक चालक को तीन युवकों ने मोटरसाइकिल से ओवरटेक कर रास्ते में रोक लिया। इसके बाद कथित तौर पर चाकू की नोक पर पैसे नकदी की मांग की गई और जब चालक ने पैसे नहीं होने की बात कही तो उसके मोबाइल से यूपीआई स्कैनर के जरिए 5,000 रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। इतना ही नहीं, आरोप है कि बदमाश चालक के भतीजे का मोबाइल फोन भी छीनकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता राजकुमार पटेल निवासी लदबद, जिला सीधी ने पुलिस को बताया कि वह अपने क्लीनर रोहित कुमार पटेल और भतीजे राकेश कुमार पटेल के साथ ट्रक से केला लेकर बनारस जा रहा था। दोपहर करीब 12.30 बजे सीतापुर से आगे महुगड़ा स्थित बब्लू ढाबे के पास तीन युवक मोटरसाइकिल से पहुंचे और ट्रक के सामने बाइक लगाकर उसे रोक दिया। आरोपियों ने कथित तौर पर चाकू दिखाकर पहले 3,000 और फिर जान से मारने की धमकी देकर 2,000 और यूपीआई के माध्यम से अपने स्कैनर पर ट्रांसफर करा लिए। वारदात के बाद आरोपी भतीजे का मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ढाबे पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर आरोपियों की पहचान सोहित द्विवेदी, अर्पित तिवारी और चंदन सिंह के रूप में की। एएसपी शशिकांत सरयाम ने बताया कि एक आरोपी को पकड़ लिया गया है जबकि दो आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।



# गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

**पनागर, देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय, पनागर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. पी. के. जैन प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अवधेश दुबे एवं उपप्राचार्य डॉ. गायत्री मरावी के मार्गदर्शन में गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सुश्री दीक्षा देवी चौधरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 30 छात्र स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र से गाजर घास का उन्मूलन कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।




# बंजारी माता मंदिर परिसर में हनुमान मूर्ति के सामने बैठे वानर, भक्तों ने दूर से लिया आशीर्वाद

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम स्थित प्रसिद्ध बंजारी माता मंदिर परिसर में आज सुबह एक अद्भुत और भक्तिपूर्ण दृश्य देखने को मिला। परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में, सुबह की आरती और पूजा के समय, एक लाल मुंह वाला बंदर सीधे भगवान हनुमान की मूर्ति के सामने आकर बैठ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों अरविन्द सिंह गौर, पुजारी हरिप्रसाद, ब्रह्मचारी सुधीश महाराज के अनुसार, बंदर बिल्कुल शांत भाव से मूर्ति के सामने बैठा रहा, जैसे वह स्वयं पूजा में लीन हो। सुबह की बेला में मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु इस दृश्य को देखकर चकित रह गए और इसे भगवान का चमत्कार मानने लगे।

चूंकि बंदर ठीक मूर्ति के सामने और द्वार के बीच में बैठा था, भक्तों ने सुरक्षा की दृष्टि से और बंदर की एकाग्रता में खलल न डालने के लिए पास जाने के बजाय दूर से ही दर्शन लाभ लिया। आरती के दौरान बंदर वहीं स्थिर रहा, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया।

इस घटना की खबर मिलते ही आसपास के क्षेत्र से भी लोग इस अनोखे दृश्य को देखने के लिए मंदिर परिसर में एकत्र होने लगे। भक्तों ने के लिए यह एक अलौकिक अनुभव था, जिसे उन्होंने दूर से नमन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।

# सेवा सहकारी समितियों व निजी उर्वरक विक्रेताओं की नई उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में बैठक

**कुंडम, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कुंडम के निर्देशानुसार सेवा सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं की नई उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में बैठक का आयोजन तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक अगस्त से ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण प्रणाली पर रोक लगा दी गई है। . सहकारी समिति एवं निजी विक्रेता निर्धारित प्रारूप में उर्वरक वितरण की जानकारी तैयार करेंगे।. सहकारी समिति एवं निजी विक्रेता प्रतिदिन उर्वरक वितरण की जानकारी एसडीओ कुंडम को देंगे। किसान का आधार कार्ड, बही की फोटोकॉपी फार्मर आईडी एवं मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा। . समिति/विक्रेता अपना रिकॉर्ड दुरुस्त करके रखें। कभी भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है। जिन किसानों को डबल लॉक से उर्वरक लेना है, वो 0761-181 टॉल फ्री नंबर में हेल्पलाइन 77720 11001 फोन लगा कर उर्वरक बुक कर सकते हैं।



# पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम 8 अगस्त को

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साइंटिस्ट्स, इंजीनियर्स एवं आर्किटेक्ट्स प्रभाग (आरईआरएफ) द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 8 अगस्त शनिवार को शाम 6 बजे ब्रह्माकुमारीज शिव स्मृति भवन, नेपियर टाउन, भंवरताल गार्डन के समीप, जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के प्रति समाज को सजग और तैयार करना है।

# डम्पर ने छात्रा को मारी टक्कर, हालत गंभीर

### गुस्साए ग्रामीणों ने कर दी डंपर में तोड़फोड़

**रीवा देशबन्धु।** खनिज माफियाओं का आतंक लगातार जारी है,हालात यह है कि इनके ऊपर ना पुलिस नकेल कस पा रही और नहीं खनिज विभाग जिससे इनके हौसले बुलंद है। ताजा मामला रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम भोलगढ से सामने आया है जहा अवैध उत्खनन लोड कर आ रहे तेज रफ्तार हाईवे ने कपूरी रोड के पास 13 वर्षीय छात्रा को जोरदार टक्कर मार दिया।

घटना के दौरान छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए रीवा से जबलपुर रेफर कर दिया गया। घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन घटना क्रम का वीडियो अब सामने आया है, वही घटना से गुसाये ग्रामीणों ने हाइवा वाहन पर जमकर की तोड़फोड़ की, इस दौरान मौके पर भारी भीड़ एकत्रित रही। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से दिन रात अवैध उत्खनन लोड कर डम्फर निकलते है जिससे चलते ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है, वही रीवा जिले में पदस्थ खनिज विभाग के जिम्मेदार गहरी नींद में सो रहे है, उनको अपनी जिम्मेदारी का एहसास माह में एक दो बार ही होता और कोरम पूरा कर फिर शो जाते है।



## जापानः भूकंप के एक हफ्ते बाद भी 8,000 से ज्यादा लोग नहीं लौटे घर

**टोक्यो,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिमी जापान के कुमामोटो प्रीफेक्चर में आए 7.1 तीव्रता के भूकंप को एक हफ्ता बीत चुका है। बड़ी संख्या में लोग मारे गए और कुछ बेघर हो गए। राहत शिविरों में जिंदगी गुजारने को लोग मजबूर हैं। मंगलवार को बहुत ज्यादा गर्मी के बीच पानी की सप्लाई भी बंद हो गई। 8,000 से अधिक लोग अभी भी इवैक्युएशन शेल्टर में हैं। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, लोग 150 इवैक्युएशन शेल्टर में शरण ले रहे थे और भूकंप में लगभग 12,000 इमारतों को नुकसान होने का अनुमान है। स्कूलों के जिम, सामुदायिक केंद्रों और कक्षाओं में बनाए गए राहत शिविरों को इवैक्युएशन शेल्टर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। इनमें से कई शिविरों में एयर कंडीशनिंग की सुविधा नहीं है। बड़ी संख्या में लोग अपनी कारों, पार्कों या क्षतिग्रस्त घरों के बाहर रात बिताने को विवश हैं। कथित तौर पर हीट स्ट्रोक से बचने के लिए कार में सो रहे एक शख्स की मौत भी हो गई। क्योडो न्यूज एजेंसी के अनुसार, सोमवार को एक इवैक्युएशन शेल्टर के दौरे के बाद, प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने कहा कि सरकार भूकंप को 'अत्यधिक गंभीर आपदा' घोषित करेगी, जिससे स्थानीय सरकारों को निर्माण कार्य के लिए ज्यादा सब्सिडी मिल सकेगी, और वे पीड़ितों की मदद के लिए खास कदम उठा सकेंगे।

### ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते को लेकर दी चेतावनी

# 'बर्बादी' से पहले आखिरी मौका



**वॉशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास परमाणु समझौते को स्वीकार करने का एक 'आखिरी मौका' है, वरना उसे 'बर्बादी' का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने उस हमले को रोक दिया था जो 'दूसरे विश्व युद्ध के बाद का सबसे बड़ा हमला' हो सकता था, ताकि कूटनीति को एक आखिरी मौका दिया जा सके।

व्हाइट हाउस में बोलते हुए श्री ट्रंप ने कहा कि क्षेत्रीय ताकतों के अनुरोध पर तेहरान के साथ बातचीत चल रही है, जबकि ईरान ने वॉशिंगटन के साथ किसी भी तरह की बातचीत से साफ इनकार किया है। इससे अमेरिका-ईरान कूटनीति की स्थिति को लेकर गहरी अनिश्चितता पैदा हो गई है और नए सवाल उठ रहे हैं कि क्या कोई समाधान निकलेगा या सैन्य टकराव होगा। श्री ट्रंप ने कहा कि कूटनीतिक प्रगति के संकेतों और क्षेत्रीय सहयोगियों की अपील के बाद उन्होंने ईरान के खिलाफ एक बड़े अमेरिकी सैन्य अभियान को रोक दिया था, लेकिन चेतावनी दी कि समझौते का मौका तेजी से खत्म हो रहा है। श्री ट्रंप ने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद हमें कुछ हासिल हो जाए, लेकिन मैं उन्हें बर्बादी से पहले हर आखिरी मौका देना चाहता हूं।' 'यह ईरान के लिए एक अच्छे समझौते पर हस्ताक्षर करने का आखिरी मौका है।' श्री ट्रंप ने ज़ोर देकर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत 'अभी चल रही है' और यह बातचीत ईरान के साथ-साथ सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर के कहने पर हो रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने उन हमलों को रोक दिया जो 'दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा हमला' हो सकते थे, क्योंकि कूटनीति से समाधान की उम्मीद बढ़ रही थी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को राष्ट्रपति के इस दावे का खंडन करते हुये कहा कि वाशिंगटन के साथ कोई सीधी बातचीत नहीं हो रही है। मंत्रालय ने कहा कि अभी उनकी बातचीत सिर्फ़ ओमान के साथ हो रही है, जो होर्मुज़ जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा के अस्थायी इंतज़ाम को लेकर है। इस सार्वजनिक खंडन से श्री ट्रंप की हालिया कूटनीतिक कोशिशों को लेकर बनी गहरी अनिश्चितता सामने आ गई।

## पेजेश्किकयान ने इस्तीफे की अटकलों को किया खारिज



**अगर मैं इस्तीफा देता हूं तो आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा करूंगा कि मैंने इस्तीफा दे दिया है : मसूद पेजेश्किकयान**

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्किकयान ने इस्तीफा देने से जुड़ी अटकलों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि वह अपने पद पर बने रहने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और देश के सैन्य नेतृत्व के साथ समन्वय में काम कर रहे हैं। श्री पेज़ेश्किकयान ने ईरान के सरकारी समाचार चैनल को दिये गये एक साक्षात्कार में कहा, ' मैं इस्तीफा नहीं दूंगा और अडिग रहूंगा। अगर मैं इस्तीफा देता हूं तो आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा करूंगा कि मैंने इस्तीफा दे दिया है। ' श्री पेजेश्किकयान का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब वरिष्ठ धर्मगुरु मोहम्मद बाकिर खर्राज़ी ने दावा किया कि श्री पेजेश्किकयान कई बार इस्तीफा देने की धमकी दे चुके हैं। उन्होंने अपनी चेतावनी तभी वापस ली थी जब उनसे कहा गया कि भविष्य में पेश किया गया कोई भी इस्तीफा स्वीकार कर लिया जायेगा। श्री पेज़ेश्किकयान की स्थिति को लेकर महीनों से अफ़वाहें चल रही हैं। 'ईरान इंटरनेशनल' ने मई में रिपोर्ट दी थी कि राष्ट्रपति ने सर्वोच्च नेता अली ख़ामेनेई के दफ़्तर को इस्तीफ़ा सौंप दिया है। उन्होंने आरोप लगाया था कि अहम फ़ैसलों के मामले में उनके प्रशासन को दरकिनार कर दिया गया, जबकि कट्टरपंथी गुटों ने नियंत्रण मज़बूत कर लिया। उस समय ईरानी अधिकारियों ने इन रिपोर्टों का खंडन किया था।

## ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों को दी चेतावनी

**तेहरान।** तेहरान ने चेतावनी दी है कि वह मंजूर शिपिंग कॉरिडोर को बदलने या नौसेना की नाकेबंदी बनाए रखने की कोशिश करने वाले अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाएगा। ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहसेन रेजाई ने सोमवार को कहा कि ईरान ने ऐलान किया है कि वह ऐसे किसी भी अमेरिकी वॉरशिप को टारगेट करेगा जो होर्मुज स्ट्रेट को पार करने के लिए तेहरान द्वारा दिए गए रास्ते से अलग रास्ता अपनाने की कोशिश करेगा। ईरान की सरकारी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में रेजाई ने कहा, 'हम दूसरा कॉरिडोर खुलने नहीं देंगे। अगर वे (अमेरिका) वॉरशिप भी तैनात करते हैं, तो भी हम उन्हें निशाना बनाएंगे।' रेजाई ने यह भी चेतावनी दी कि अगर देश ने ईरान पर नौसैनिकों की नाकेबंदी जारी रखा तो वे अमेरिका के जहाजों और बेस को निशाना बनाएंगे।उन्होंने कहा, 'अमेरिका के जहाजों और बेस को निश्चित रूप से गंभीर खतरा होगा। हम बैठकर अमेरिका को नौसेना की नाकेबंदी जारी रखते हुए नहीं देखेंगे।' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले एक-दो दिन में बातचीत शुरू हो जाएगी। उन्होंने धमकी दी थी कि तेहरान के साथ नई प्लान की गई बातचीत ईरान के लिए देश पर खतरनाक हमलों से पहले डील करने का आखिरी मौका है।

### सार संक्षेप

#### नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल पुलिसकर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल होने के आरोप में पुलिसकर्मी को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के प्रवक्ता ने आधिकारिक बयान में कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ 'जीरो-टॉलरेंस' नीति को मज़बूत करने के लिए की गई सख्त कार्रवाई के तहत, कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने सिलेक्शन ग्रेड कॉन्स्टेबल आफताब अहमद को एनडीपीएस मामले में शामिल होने के कारण नौकरी से बर्खास्त कर दिया है।

#### मोदी ने पूर्व राज्यपाल डॉ. डीवाई पाटिल के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद, समाजसेवी और पूर्व राज्यपाल पद्मश्री डॉ. डीवाई पाटिल के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। उन्होंने मंगलवार को कोल्हापुर में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि डॉ. डीवाई पाटिल शिक्षा और समाज सेवा के जरिए लोगों की सेवा में हमेशा आगे रहे। उन्होंने खासकर गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम किया। उनके निधन से दुख हुआ है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और चाहने वालों के साथ हैं। ओम शांति।

#### गुजरात ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया की आसान

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस ने पासपोर्ट सत्यापन की एक सरल प्रक्रिया शुरू की है, जिसके तहत आवेदकों को नियमित सत्यापन के लिए पुलिस स्टेशनों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब यह प्रक्रिया केवल नागरिकता व आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच तक सीमित रहेगी, सिवाय कुछ खास मामलों के। पासपोर्ट सत्यापन को अधिक पारदर्शी, कुशल व नागरिक हितैषी बनाने के साथ-साथ आवेदकों को होने वाली अनावश्यक असुविधा को कम करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक ने राज्यभर के सभी पुलिस स्टेशनों और पुलिस अधिकारियों को नए निर्देश जारी किए।

#### बंगाल में भाजपा ने नए सदस्य बनाने पर लगाई रोक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सरकार बनाने वाली भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान को अस्थायी रूप से रोक दिया है और अगले आदेश तक अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं को शामिल करने से इनकार कर दिया है।

## फिलीपींस : सैनिकों-विद्रोहियों के बीच मुठभेड़ तीन एनपीए सदस्य ढेर

**मनीला,**(एजेंसियां)। फिलीपींस के उत्तरी हिस्से के अब्रा प्रांत में मंगलवार को सैनिकों और विद्रोहियों के बीच हुई मुठभेड़ में न्यू पीपल्स आर्मी (एनपीए) के तीन सदस्य मारे गए। अधिकारियों के मुताबिक, इलाके में तलाश अभियान के दौरान सैनिकों का सामना करीब दस संदिग्ध एनपीए सदस्यों से हुआ। इसके बाद हुई मुठभेड़ में तीन संदिग्ध विद्रोही मारे गए। मीडिया समाचार एजेंसी के अनुसार, सैनिकों ने बाद में उनके शव बरामद किए और साथ ही तीन अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए। स्थानीय प्रशासन और सेना ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत अधिकारियों को देने की अपील की है। क्षेत्र में सुरक्षा अभियान अभी जारी है। इससे पहले, 30 जुलाई को मध्य फिलीपींस के ओरिएंटल मिंडोरो प्रांत में सेना और एनपीए के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में दो विद्रोही मारे गए थे, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## पाकिस्तानः कराची में अज्ञात लोगों ने पुलिसकर्मी पर की फायरिंग, एक पुलिसकर्मी की मौत




■ **पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हमलावरों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया**

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कराची शहर में जमाली ब्रिज के पास अज्ञात हमलावरों ने पुलिसकर्मी पर फायरिंग की। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को बताया कि इस गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जमाली ब्रिज के पास ड्यूटी कर रहे एक पुलिस कांस्टेबल और उसके साथी पर हथियारबंद लोगों ने गोलियां चलाईं, जिससे वह घायल हो गया। पाकिस्तान के मीडिया एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई, जबकि उसके साथी को इस घटना में कोई चोट नहीं आई। हमले के बाद, पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हमलावरों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। यह घटना पाकिस्तान में, खासकर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के सीमावर्ती प्रांतों में कानून लागू करने वाले कर्मचारियों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों में बढ़ोतरी के बीच हुई।

### पीओके में प्रेस पर शिकंजाः पत्रकार हिरासत में और इंटरनेट भी बंद

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) लगातार हुक्मरानों और सुरक्षा बलों की बर्बरता का शिकार हो रहा है। इन दिनों तनाव चरम पर है। इस बीच मीडिया की आवाज उठाने वाले स्वतंत्र पत्रकार संगठन ने कब्जे वाले इस क्षेत्र में मीडिया कर्मियों की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। संगठन ने इंटरनेट ब्लैकआउट, दूरसंचार सेवाओं पर रोक, रिपोर्टिंग पर पाबंदी और पत्रकारों को हिरासत में लेने या उन्हें अगवा करने जैसी घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया है।प्रेस स्वतंत्रता संगठन 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' (सीपीजे) ने पाकिस्तानी अधिकारियों से पत्रकारों पर कार्रवाई तुरंत बंद करने, सूचना तक पहुंच बहाल करने और पीओके में स्वतंत्र रिपोर्टिंग की अनुमति देने की मांग की। सीपीजे ने पीओके में पत्रकारों पर जारी कार्रवाई को उजागर करते हुए कहा, 'स्वतंत्र कश्मीरी पत्रकार सैयद फरहाद अली शाह विरोध प्रदर्शनों की कवरेज के कारण अभी भी हिरासत में हैं।

## दो साल बाद अपने देश लौटना चाहती हैं शेख हसीना : वीना सीकरी



**दो साल पहले 5 अगस्त 2024 को, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत आई थीं : वीना सीकरी**

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना 5 अगस्त को एक कार्यक्रम को वर्चुअल मोड में संबोधित करेंगी। हाल ही में उन्होंने ये भी कहा कि वो दिसंबर तक अपने देश लौटना चाहती हैं। उनका ये फैसला क्या सही साबित होगा? क्या भारत-बांग्लादेश के रिश्तों पर इसका कुछ असर पड़ेगा? पूर्व राजनियक और बांग्लादेश की पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी ने मीडिया से बातचीत में तमाम संभावनाओं पर प्रकाश डाला। बांग्लादेश में भारत की पूर्व हाई कमिश्नर वीना सीकरी ने कहा, ' ठीक दो साल पहले 5 अगस्त 2024 को, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत आई थीं और तब से वह यहीं हैं। आप जानते हैं, वह बेशक भारत सरकार की सरपरस्ती में यहां रह रही हैं। काफी दिनों से वो शांत थीं लेकिन वह अपने लोगों से बात करने के लिए आजाद हैं। वो अपने लोगों से मिलती हैं, दूसरों से बात करने के लिए स्वतंत्र हैं। निकाले जाने के दो साल बाद उन्होंने अपने देश वापस लौटने की इच्छा जताई है तो इसमें गलत कुछ भी नहीं है।सीकरी ने बांग्लादेश में 2024 के दौरान हुए छात्र आंदोलन को लेकर कहा, 'जो हुआ वो छात्रों के गुस्से का नतीजा नहीं था लेकिन वो एक सत्ता को बदलने की सुनियोजित सियासत का हिस्सा था। ऐसा मैं इसलिए कह रही हूं क्योंकि अब भी बांग्लादेश की जनता खुश नहीं है।

### मदद

*भारत ने एक बार फिर श्रीलंका की मदद के लिए बढ़ाया हाथ*

# डेंगू से लड़ाई के लिए दिया 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान

**कोलंबो,** (एजेंसियां)। डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के श्रीलंका के प्रयासों में भारत ने एक बार फिर मदद का हाथ बढ़ाया है। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने मंगलवार को श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नलिंदा जयतिस्सा को 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान ( कीटनाशक रसायन) सौंपा। झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'भारत डेंगू के खिलाफ लड़ाई में श्रीलंका के साथ खड़ा है। भारत सरकार और जनता की ओर से उपहार के रूप में 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नलिंदा जयतिस्सा को सौंपकर खुशी हुई। इससे श्रीलंका में चल रहे डेंगू नियंत्रण प्रयासों को बल मिलेगा।



■ **श्रीलंका में डेंगू के दैनिक मामले 1000 से घटकर लगभग 500 रह गए**

भारत ने यह मदद ऐसे समय की है जब श्रीलंका भर के अस्पतालों में डेंगू वार्ड अभी भी भरे हुए हैं। हालांकि रोजाना आने वाले मामलों की संख्या में कमी आई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, श्रीलंका में डेंगू के दैनिक मामले जो कभी 1000 के आसपास पहुंच गए थे, अब घटकर लगभग 500 रह गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मामलों में गिरावट के बावजूद अस्पतालों पर दबाव कम नहीं हुआ है। कई सरकारी अस्पतालों के डेंगू वार्ड क्षमता से अधिक मरीजों का इलाज कर रहे हैं। गवर्नमेंट मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (जीएमओए) के सचिव प्रभात सुगतदासा ने कहा कि डेंगू पीक सीजन (डेंगू से लोग ज्यादा पीड़ित थे) के दौरान जो भीड़ थी उसमें थोड़ी कमी आई है, लेकिन अस्पतालों में अब भी इलाज के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। भारत श्रीलंका की मदद को हमेशा तैयार रहा है। 27 जुलाई को विभिन्न परियोजनाओं का जिक्र करते हुए झा ने कहा था कि श्रीलंका में विकास परियोजनाओं के लिए भारत की सहायता 7.5 अरब डॉलर से अधिक हो गई है। ये परियोजनाएं श्रीलंका के सभी 25 जिलों को कवर करती हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर लिखा, '7.5 अरब डॉलर से अधिक की सहायता, जिसमें 850 मिलियन डॉलर से अधिक अनुदान शामिल है, के साथ भारत की जन-केंद्रित परियोजनाएं आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, रेलवे, ऊर्जा और आजीविका के क्षेत्र में श्रीलंका में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। ' 14 जुलाई को संतोष झा और श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव अनिल जासिंघे ने देनियाया के बेस अस्पताल में चिकित्सा उपकरण आपूर्ति हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत भारत सरकार एसएलआर (श्रीलंकाई मुद्रा) 600 मिलियन का अनुदान देगी। यह अस्पताल आपदा-पीड़ित क्षेत्र में स्थित होने के कारण स्थानांतरित किया जा रहा है। 3 साल में इस लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद है।

### आज का इतिहास

1825- बोलीविया ने पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
1862- मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना।
1890- न्यूयॉर्क में विलियम केमलर को इलेक्ट्रिक चेयर में करंट से मौत की सजा दी गयी। विलियम ने एक महिला की कुल्हाड़ी से हत्या की थी। ये पहला मामला था जब इलेक्ट्रिक चेयर के जरिए किसी को मौत की सजा दी गयी थी।
1906- प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चितरंजन दास और अन्य कांग्रेस नेताओं ने मिलकर 'वंदेमातरम' समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू किया।
1914- ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1925- सुरेन्द्र नाथ बनर्जी का निधन।
1926- अमेरिकी तैराक गेरट्रुड एडर्ल इंग्लिश चैनल को तैरकर पार करने वाली पहली महिला बनीं।
1945- जापान के हिरोशिमा में अमेरिकी विमानों ने एटम बम गिराये।
1960- क्यूबा ने देश की तमाम संपत्ति का राष्ट्रीयकरण किया।

### सुडोकू 7354

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### वर्ग पहेली 7354

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | २० | | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | ■ | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**
१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, शुमारी, किसी क्षेत्र की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. पासपोर्ट
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक, श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लेन-देन का हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**
१. अनियंत्रित निरंकुशहीन
२. हठात्
३. कलेवा नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्गा
११ आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा :उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान:उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

### वर्ग पहेली-7353

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्रे | मा | २ ला | प | ■ | ■ | ३ ब | लि | ४ हा | री |
| क्षा | ■ | भ | ■ | ५ व | जू | द | ■ | हा | ■ |
| ६ गा | य | क | ■ | ज | ■ | ७ त | र | का | री |
| र | ■ | ८ र | ९ ज | नी | क | र | ■ | र | ■ |
| ■ | १० प | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ११ स्वा | ■ | १२ ऋ |
| १३ प | रि | श्र | म | ■ | १४ आ | ■ | १५ द | र्प | ण |
| ■ | ण | ■ | १६ त | ह | म | त | ■ | ■ | मु |
| १७ प्र | ति | ज्ञा | ■ | ■ | द | ■ | १८ सं | १९ यु | क्त |
| शं | ■ | ■ | २० प्रा | र्थ | नी | २१ य | ■ | व | ■ |
| २२ सा | धा | र | ण | ■ | ■ | २३ दि | वा | क | र |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

# खेल जगत

## मैं प्रशंसकों की बधाइयों के लिए आभारी हूं: उन्नति

**देहरादून।** ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारतीय दल ने कुल 39 पदक जीत पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। इन 39 पदकों में एक पदक उन्नति शर्मा का भी था। उन्नति ने कांस्य पदक जीता। पदक जीतकर स्वदेश लौटीं, उन्नति शर्मा का देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्नति शर्मा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'मैं बहुत खुश हूं और अपने परिवार व राज्य के लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मुझे देश भर से लोगों की बधाईयां मिली हैं और मैं सचमुच आभारी हूं। कृपया मुझे अपना समर्थन देते रहें। मेरा सभी के लिए यही संदेश है कि अपने खेल को पूरी लगन और कड़ी मेहनत के साथ खेलते रहें। हार-जीत तो सफर का हिस्सा है। अगर आप ईमानदारी से काम करते रहेंगे और समर्पित रहेंगे, तो एक दिन आप भी इस मुकाम तक पहुंच जाएंगे।



## एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27

# दिसम्बर से शुरू हो रहे नए सीजन में भारतीय महिला टीम की होगी वापसी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की महिला और फ्रांस की पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बाद 8 दिसंबर,2026 से शुरू होने वाले 2026-27 के नए सीजन से एफआईएच प्रो हॉकी लीग में लौटेंगी। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2025-26 में आठवें स्थान पर रहकर 2026-27 के नए सीजन में खेलने का हक बरकरार रखा है। 2026-27 के नए सीजन में कुल 144 मैच खेले जाएंगे और दुनिया की दिग्गज टीमें एफआईएच प्रो हॉकी लीग खिताब के लिए जद्दोजहद करेंगी। एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 के नए सीजन का का आगाज 8 से 13 दिसंबर, 2026 में अर्जेंटीना में होगा। यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) ने बुधवार को लुसाने ( स्विट्जरलैंड) में की। एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 सीजन के मैच भारत में 13 से 28 फरवरी, 2027 तक होंगे और इसमें भारत व अर्जेंटीना(पुरुष), जर्मनी (पुरुष), ब्रिटेन, स्पेन की टीमें शिरकत करेंगे।

■ भारत में मुकाबले 13 से 28 फरवरी तक होंगे

■ 2026-27 के नए सीजन में कुल 144 मैच खेले जाएंगे



एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, 'एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अब तक बेहतरीन हॉकी की बानगी देखने को मिलती रही है। इसमें दुनिया के धुरंधर खिलाड़ी अपने अपने देश की हॉकी टीमों के लिए खेलते हैं। मुझे भारतीय महिला हॉकी टीम व फ्रांस की पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच हॉकी प्रो लीग में फिर से स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। भारत और फ्रांस की हॉकी टीमों के एफआईएच प्रो हॉकी लीग में लौटने से इस सीजन का रोमांच और बढ़ जाएगा। एफआईएच की ओर मैं राष्ट्रीय हॉकी संघों, हॉकी खिलाड़ियों,मेजबान, व्यावसायिक भागीदार,प्रसारकों और हॉकी प्रशंसकों का आभार जताता हूं, जिन्होंने एफआईएच प्रो हॉकी लीग को वास्तव में 'बेहतरीन हॉकी खिलाड़ियों की लीग' बनाने के लिए लगातार योगदान दिया है। हमारे एथलीट, नेशनल एसोसिएशन, मेजबान, कमर्शियल पार्टनर, ब्रॉडकास्टर और फ़ैन्स का शुक्रिया, जिन्होंने प्रो लीग को सच में 'बेहतरीन खिलाड़ियों की लीग' बनाने के लिए लगातार अपना योगदान दिया है। मैं अग्रिम रूप से ही आने वाले एफआईएच प्रो हॉकी लीग सीजन के लिए इसमें शिरकत करने जा रही जा रही सभी टीमों को इसमें कामयाब होने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 के नए सीजन का आगा 8 से 13 दिसंबर, 2026 में अर्जेंटीना में होगा और इसमें अर्जेंटीना और चीन की महिला टीमें और ब्रिटेन और फ्रांस की पुरुष टीमें शिरकत करेंगी। इसके नए सीजन के शुरुआती मैच एक और नए बेहद प्रतिस्पर्द्धी सीजन की नींव रख देंगे और हर अंक एफआईएच प्रो हॉकी लीग खिताब के लिए अहम होगा। इसमें दुनिया के हॉकी के मुरीद ओलंपिक, विश्व कप और महाद्वीपीय हॉकी चैंपियनों के बीच तेज रफ्तार हॉकी मैचों,गजब की हॉकी कलाकारी और दिलचस्प मुकाबलों की आस कर सकते हैं। भारत की महिला और फ्रांस की पुरुष हॉकी टीमों ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप खिताब जीत कर एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 के नए सीजन में फिर से खेलने का अधिकार पाया है। भारत की महिला और फ्रांस की पुरुष हॉकी टीमें एक बार फिर दुनिया की बेहतरीन टीमों के खिलाफ खेलेंगी और इस 'बेहतरीन टीमों की लीग' में नई उम्मीदों, रोमांचक हॉकी मैचों की नई कहानी लिखने के इरादे से उतरेंगी। भारत की महिला और फ्रांस की पुरुष हॉकी टीमों की वापसी से पहले से ही बेहद प्रतिस्पर्धी दुनिया की इस मजबूत एफआईएच प्रो हॉकी में और मजबूती आएगी और दुनिया हॉकी के और रोमांचक हॉकी मुकाबलों की बानगी देख सकेगी।

### एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026-27 सीजन में शिरकत करने वाली टीमों के मैचों के स्थान व तारीखें

- **अर्जेंटीना, स्थान अभी तय होना है (8 से 13 दिसंबर, 2026)** : अर्जेंटीना और चीन( महिला टीमें) और ब्रिटेन और फ्रांस की पुरुष टीमें ।
- **स्पेन ,वेलेंशिया(14 से 22 दिसंबर, 2026)** : स्पेन, बेल्जियम, जर्मनी,नीदरलैंड।
- **अर्जेंटीना स्थान अभी तय होना है (9 से 14 फरवरी, 2027):** अर्जेंटीना (महिला), भारत(महिला) और जर्मनी (महिला) टीमें।
- **भारत , स्थान अभी तय होना (13 से 28 फरवरी, 2027):** भारत व अर्जेंटीना (पुरुष), जर्मनी (पुरुष), ब्रिटेन, स्पेन।
- **ऑस्ट्रेलिया , गोल्ड कोस्ट (13 से 21 फरवरी, 2027)** : ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम व चीन की महिला टीमें, फ्रांस (पुरुष), नीदरलैंड।
- **बेल्जियम, वर्वे((12 से 27 जून, 2027)** : बेल्जियम, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, चीन (महिला टीमें), ब्रिटेन, भारत और स्पेन ।
- **जर्मनी, बर्लिन व स्थान अभी तय होना ((12 से 27 जून, 2027):** जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, चीन (महिला टीमें), ब्रिटेन, भारत और फ्रांस (पुरुष टीमें)।
- **नीदरलैंड, स्थान अभी तय होना (15 से 27 जून, 2027)** : नीदरलैंड, अर्जेंटीना, ब्रिटेन, भारत और स्पेन।

# मैं भारत को फिर हॉकी विश्व चैम्पियन बनाने की कोशिश करुंगा : मोहित

## गोलरक्षक पीआर श्रीजेश से बतौर गोलरक्षक हमने बहुत कुछ सीखा

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कर्नाटक के गोलरक्षक एचएस मोहित का मात्र 24 बरस की उम्र में भारत के लिए पहला हॉकी विश्व कप में खेलने का सपना पूरा होने जा रहा है।

एचएस मोहित अनुभवी सूरज करकेरा के साथ 15 से 30 अगस्त तक एफआईएच बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में चुने गए दो गोलरक्षकों में से एक हैं। मोहित भले ही सूरज जितने अनुभवी गोलरक्षक नहीं हैं लेकिन उन्होंने बतौर के रूप में अपनी मुस्तैदी से हर किसी को प्रभावित किया है। मोहित ने अपने जीवट और बहादुरी से राष्ट्रीय हॉकी चयनकर्ताओं को प्रभावित कर भारतीय टीम में चुनने को मजबूर किया। मोहित भारत के लिए हॉकी विश्व कप में खेलने के लिए मिले मौके को भुनाने को तैयार हैं। भारत ने अब तक केवल 1975 में अशोक कुमार सिंह के निर्णायक गोल से पाकिस्तान को 1975 में हॉकी विश्व कप फाइनल में 2-1 से हरा कर मात्र एक बार खिताब जीता है। भारत ने एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2025-26 में अपना अभियान नीदरलैंड ,जर्मनी और इंग्लैंड पर यादगार जीत के साथ खत्म किया और इससे वह एफआईएच हॉकी विश्व कप में बुलंद हौसले से उतरेगा। भारतीय टीम की हॉकी विश्व की तैयारियों की बाबत मोहित ने कहा, 'नीदरलैंड और जर्मनी को एफआईएच प्रो लीग में हराने से हमें बहुत आत्मविश्वास मिला है। मुझे लगता है कि विश्व कप में हम उम्मीद के मुताबिक तैयार हैं। निजी तौर पर मेरा लक्ष्य भारत के लिए मैदान पर उतर पूरी शिद्दत से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। मेरी सोच हमेशा ही भारत के लिए बड़े टूर्नामेंट में बतौर गोलरक्षक नुमाइंदगी करने की थी। जब मैं भारत के लिए जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में खेला था तब हम पदक नहीं जीत पाए और चौथे स्थान पर है। तभी से मेरा सपना भारत के लिए कुछ बड़ा करने का था। मुझे इससे पहले इससे बड़ा मौका नहीं मिला है। मैं भारत को एक बार फिर हॉकी विश्व चैंपियन बनाने की कोशिश करूंगा।' मोहित संयोग से ही गोलरक्षक बन गए। मोहित की बतौर हॉकी खिलाड़ी स्कूल में यात्रा संयोग से शुरू हुई। मोहित चूंकि खासे लंबे कद के थे और उनकी स्कूल टीम में कोई गोलरक्षक उपलब्ध नहीं था तो तो उनके कोच का मानना था कि अपनी लंबे के चलते वह गोल स्तंभ की बहुत मुस्तैदी से हिफाजत कर सकते हैं तो उन्हें टीम का गोलरक्षक बना दिया गया। संयोग से मोहित को बतौर गोलरक्षक मिला मौका जल्द ही शानदार करियर में बदल गया। तब से सीनियर भारतीय हॉकी टीम में बतौर गोलरक्षक चुने जाने से पहले मोहित ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में नुमाइंदगी की।



नीदरलैंड और जर्मनी को एफआईएच प्रो लीग में हराने से हमें बहुत आत्मविश्वास मिला है : मोहित

# दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेने के लिए श्रीलंका पहुंची टीम इंडिया

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेने के लिए शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम श्रीलंका पहुंच गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर टीम इंडिया का वीडियो शेयर किया है। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में टीम इंडिया पहले भारत से श्रीलंका के लिए रवाना होती हुई नजर आ रही है। वीडियो में कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव समेत बाकी खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। इसके बाद वीडियो में भारतीय टीम श्रीलंका पहुंचते हुए भी दिख रही है, जहां वह एयरपोर्ट से बस में रवाना होती हुई नजर आ रही है। इस यात्रा के दौरान भारतीय खिलाड़ी जमकर मस्ती करते हुए भी दिख रहे हैं। ध्रुव जुरेल फोटोग्राफी करते हुए नजर आ रहे हैं।भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होना है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। इसके बाद दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत 23 अगस्त से होनी है, जिसकी मेजबानी कोलंबो का सिंहली स्पोर्ट्स क्लब का मैदान करेगा। सीरीज के आगाज से पहले टीम इंडिया तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलेगी, जिसका आगाज 7 अगस्त से होना है। टेस्ट सीरीज के आगाज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका है। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट से न उबर पाने के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। बुमराह के स्थान पर जम्मू-कश्मीर के युवा तेज गेंदबाज आकिब नबी को टीम में शामिल किया गया है।



■ भारत-श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होगा शुरू

## सार संक्षेप

### ला लीगाः चोट के कारण किके गार्सिया शुरुआती राउंड से बाहर

**मैड्रिड।** नए ला लीगा सीजन के लिए एस्पनयोल की तैयारियों को बड़ा झटका लगा है। अनुभवी स्ट्राइकर किके गार्सिया टेंडन की चोट के कारण सीजन के शुरुआती हफ्तों में नहीं खेल पाएंगे, उन्हें सर्जरी की जरूरत होगी। 36 वर्षीय फॉरवर्ड शनिवार को इंग्लिश चैंपियनशिप टीम मिडिल्सब्रा के खिलाफ एस्पनयोल के प्री-सीजन फ्रेंडली मैच के दौरान चोटिल हुए थे। इंग्लिश क्लब के लिए खेल चुके गार्सिया को सिर्फ 18 मिनट में ही मैदान छोड़ना पड़ा और उनके स्थान पर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी उतारा गया। जब टीम बार्सिलोना लौटी, तो मेडिकल जांच में गार्सिया के दाहिने पैर में टेंडन डैमेज की पुष्टि हुई। इस चोट ने नए सीजन से पहले कोच मनोलो गोंजालेज को बड़ा झटका दिया है। बुधवार को गार्सिया की सर्जरी होगी, जिसकी पुष्टि 'एस्पनयोल' ने की है। हालांकि, क्लब ने उनके ठीक होने के लिए कोई आधिकारिक समय-सीमा नहीं बताई है, लेकिन स्पेनिश मीडिया की रिपोर्ट्स से संकेत मिलता है कि अनुभवी स्ट्राइकर के कम से कम दो महीने तक बाहर रहने की उम्मीद है, जिससे वे ला लीगा सीजन के शुरुआती चरण से बाहर हो जाएंगे।

### कोलो कोलो फुटबॉल क्लब से आधिकारिक तौर पर जुड़े वोजिन्हा

**सैंटियागो।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में केप वर्डे के लिए बतौर गोलकीपर यादगार प्रदर्शन करने वाले गोलकीपर वोजिन्हा आधिकारिक तौर पर चिली के क्लब कोलो कोलो से जुड़ गए हैं। क्लब में शामिल होने पर वोजिन्हा का भव्य स्वागत हुआ। वोजिन्हा को फैंस ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 का बेस्ट गोलकीपर चुना था। वह अपने प्रदर्शन के कारण जमकर सुर्खियां बटोरने में सफल रहे थे। जून में पुर्तगाली सेकंड-डिवीजन टीम चावेस से अलग होने के बाद वोजिन्हा एक फ्री एजेंट के तौर पर आए थे। 40 साल के वोजिन्हा ने कोलो कोलो के सैंटियागो हेडक्वार्टर में पेपरवर्क पूरा करने से पहले एक मेडिकल टेस्ट पास किया। कोलो कोलो में उनके आने की घोषणा जुलाई में की गई थी, लेकिन वीजा की समस्या और निजी दिक्कतों की वजह से उनके क्लब से जुड़ने में देरी हुई। सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, 40 साल के वोजिन्हा, जिनका पूरा नाम जोसिमार जोस एवोरा डायस है, को सैंटियागो के मोन्यूमेंटल डेविड अरेलानो स्टेडियम में दर्जनों मीडिया प्रतिनिधित्व के सामने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश किया गया।

### द हंड्रेडः मैनचेस्टर सुपर जायंट्स के कप्तान बने बटलर

**मैनचेस्टर।** 'द हंड्रेड 2026' के मौजूदा सीजन के बीच मैनचेस्टर सुपर जायंट्स (एमएसजी) को एक झटका लगा है। टीम के कप्तान एडेन मार्करम निजी कारणों से टूर्नामेंट को बीच में ही छोड़कर घर लौट गए हैं। उनके स्थान पर माइकल ब्रेसवेल को टीम में शामिल किया गया, जबकि कप्तानी का जिम्मा जोस बटलर को मिला है। 'क्रिकइन्फो' की रिपोर्ट के अनुसार, एडेन मार्करम 'द हंड्रेड 2026' के शेष मैच नहीं खेल सकेंगे। मार्करम निजी कारणों के चलते इंग्लैंड में जारी टूर्नामेंट के बीच में ही साउथ अफ्रीका लौट गए हैं। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'मैनचेस्टर सुपर जायंट्स पुष्टि कर सकती है कि पुरुष टीम के कप्तान एडेन मार्करम निजी कारणों से साउथ अफ्रीका लौट गए हैं। सुपर जायंट्स में हर कोई इस समय एडेन को शुभकामनाएं देता है और इस साल की प्रतियोगिता के दौरान टीम में उनके योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देता है।' एडेन मार्करम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), एसए20 और द हंड्रेड में सुपर जायंट्स फ्रेंचाइजी की तीनों टीमों का हिस्सा हैं। मार्करम ने द हंड्रेड में अब तक कुल 5 मैच खेले हैं, जिसमें 23.40 की औसत के साथ 117 रन बनाए।

# गोल्फः दीक्षा डागर लंदन चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी

**लंदन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। दीक्षा डागर 2 मिलियन डॉलर की लंदन चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। हर्टफोर्डशायर के सेंचुरियन क्लब में 6-9 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के साथ लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) का यूनाइटेड किंगडम लेग अपने आखिरी हफ्ते में प्रवेश कर रहा है। दीक्षा के साथ 120 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जा रहे हैं, जिनमें अदिति अशोक, प्रणवी उर्स और रूकी (नए खिलाड़ी) अवनि प्रशांत भी शामिल हैं। चारों खिलाड़ी एलईटी सीजन के आखिरी दौर में अपनी लय बनाए रखने की कोशिश करेंगी। दीक्षा दो बार एलईटी खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। वह 2026 में टूर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं। पिछले हफ्ते एआईजी विमेंस ओपन में कट से बाहर होने के बावजूद, दीक्षा 'एलईटी रेस टू कोस्टा डेल सोल' स्टैंडिंग में आठवें स्थान पर हैं। वह फिलहाल सबसे ऊंची रैंकिंग वाली भारतीय हैं। दीक्षा अपने तीसरे एलईटी खिताब की तलाश में हैं। साल 2023 में टॉप-3 में रहने वालीं दीक्षा 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' पर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को और बेहतर बनाना चाहती हैं। पांच बार की एलईटी चैंपियन अदिति अशोक जानी-पहचानी जगह पर वापसी कर रही हैं। हालांकि, इस सीजन में वह अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर नहीं आ सकी हैं, लेकिन भारतीय स्टार उस निरंतरता को फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगी।



■ दीक्षा के अलावा 120 खिलाड़ी इस टूर्नामेट में हिस्सा लेंगे

# वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को 5 विकेट से हराया

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। मयंक गोसाई (3/13 व अविजित 19 रन) के हरफनमौला खेल और कप्तान आयुष दुसेजा की 44 रन की पारी की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी 20 क्रिकेट लीग मैच में मंगलवार देर रात पांच विकेट से हरा कर तीन मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान (26 रन, 15 गेंद,एक छक्का, चार चौके), प्रांशु विजरन (26 रन, 23 गेंद, एक छक्का, तीन चौके) और विसन पांचाल (24 रन, 12 गेंद, दो छक्के व दो चौके) की उपयोगी पारियों के बावजूद एक समय पांच विकेट 12 ओवर में 98 रन पर गंवाने वाली बराबर लड़खड़ाती साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 19.5 ओवर मे 160 रन पर सिमट गई। वेस्ट दिल्ली लॉयंस की ओर से तेज गेंदबाज मयंक गुंसाई(3/13), कुलवंत खेजरोलिया(2/31), ऑफ स्पिनर शुभम दुबे (2/32), मनन भारद्वाज (2/34) और नीतिश राणा ने एक इकाई के रूप में बेहतरीन गेंदबाजी की। कृष यादव (41 रन, 36 गेंद, एक छक्का, तीन चौके)की नीतिश राणा (32 रन,25 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट की 58 और कप्तान आयुष दुसेजा(44 रन,27 गेंद, एक छक्का, सात चौके) व मयंक गुसाईं (अविजित 19 रन,10 गेंद, एक छक्का, दो चौके) की पांचवीं विकेट की 38 रन की भागीदारी की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने 18.1 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया।

■ वेस्ट दिल्ली लायंस ने तीन मैचों में दूसरी जीत दर्ज की

दिल्ली प्रीमियर लीग-टी 20



**हमने योजना को अमली जामा पहनाया : दुसेजा**

अपनी वेस्ट दिल्ली लायंस की जीत पर कप्तान आयुष दुसेजा ने कहा, 'हमने पूरे मैच में सकारात्मक सोच रही और अपनी योजना को अमला जामा पहनाया। हमारे लिए यह बहुत अहम जीत है। पिछले मैच मे हार के बाद हम वापसी करना चाहते थे । बतौर कप्तान मैं अपनी टीम के खेल से बहुत खुश हूं। मयंक गोसाई ने गजब की गेंदबाजी की और खासे सक्षम हरफनमौला खिलाड़ी हैं। मयंक का टी 20 मैच में चार ओवर में मात्र 13 रन देकर चार ओवर में तीन विकेट चटकाना हमारी इस जीत में निर्णायक साबित हुआ। मयंक ने अपनी गेंदबाजी से मैच की तस्वीर ही बदल दी और वाकई मैन ऑफ द' मैच के हकदार थे। हमारे लिए दबाव में स्थितियों का आकलन कर धैर्य बनाए रखना अहम था।

**किस्मत हम पर मेहरबान थी : मोनू शुक्ला**

मोनू शुक्ला की 17 गेंदों पर 45 रन की तूफानी पारी से मैच को टाई कराने के बाद सुपर ओवर में तेज पारी खेल कर आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने बारिश से प्रभावित मैच में नई दिल्ली टाइगर्स पर रोमांचक जीत दर्ज की। मोनू ने अपनी टीम आउटर दिल्ली वॉरियर्स की इस रोमांचक जीत पर कहा,'हमारी टीम के लिए इस सीजन की पहली जीत दर्ज करना एक बेहतरीन अहसास है।

# सिनसिनाटी ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे अल्काराज

## पिछले सीजन में अल्काराज ने फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया था




अल्काराज एटीपी रैंकिंग में विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी है

**ओहायो,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 2 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सिनसिनाटी ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे। स्पेन का यह खिलाड़ी अपनी कलाई की चोट से उबरने में नाकाम रहा है, जिसके चलते उन्होंने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजक ने बुधवार को अल्काराज के टूर्नामेंट से हटने की पुष्टि की। उन्होंने बताया, 'कार्लोस अल्काराज सिनसिनाटी ओपन से हट गए हैं। हमारे 2025 के चैंपियन को ठीक होने के लिए शुभकामनाएं। अगले साल आपका स्वागत करने का इंतजार नहीं कर सकते।' अल्काराज ने आखिरी बार अप्रैल में बार्सिलोना ओपन टूर्नामेंट खेला था। उससे ठीक पहले, अप्रैल की शुरुआत में ही वो मोंटे-कार्लो मास्टर्स के फाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार, 23 साल के अल्काराज का इस सीजन में 22-3 का रिकॉर्ड है, और वह एटीपी रैंकिंग में विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी हैं। अल्काराज ने अपने सीजन की शानदार शुरुआत की थी और ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। मेलबर्न की ट्रॉफी ही आखिरी बड़ी ट्रॉफी थी जो उनके पास नहीं थी। सिनसिनाटी ओपन का मेन ड्रॉ 13 अगस्त से शुरू होगा और 23 अगस्त तक चलेगा। मई में दुनिया के नंबर 2 खिलाड़ी ने विंबलडन और क्वीन्स क्लब चैंपियनशिप दोनों से नाम वापस ले लिया था, क्योंकि वह अपनी दाहिनी कलाई की लगातार चोट से ठीक हो रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने रोम में हुए इटैलियन ओपन और फ्रेंच ओपन में भी हिस्सा नहीं लिया था। पिछले सीजन अल्काराज ने जानिक सिनर को फाइनल में हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया था। इस साल की शुरुआत में लॉरियस अवार्ड्स में अल्काराज को 'स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला था।

# बारिश के चलते आयरलैंड-अफगानिस्तान के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच रद्द

**नॉर्दन आयरलैंड,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। बुधवार को खराब मौसम के कारण ब्रेडी क्रिकेट क्लब में टॉस तक नहीं हो सका। यहां सुबह से बारिश जारी रही। इसके बाद भारतीय समय के अनुसार शाम 4:27 पर बारिश रुकी और ग्राउंड स्टाफ धीरे-धीरे कवर हटाते नजर आए, लेकिन कुछ देर बाद फिर से बारिश ने फैंस को निराश कर दिया। काफी इंतजार के बाद भी जब मौसम साफ नहीं हो पाया, तो आखिरकार मैच रद्द करने का फैसला लिया गया। सीरीज का दूसरा मुकाबला इसी मैदान पर 7 अगस्त को खेला जाना है। उम्मीद है कि उस मैच में बारिश फैंस का मजा किरकिरा नहीं करेगी। इस सीरीज का तीसरा, चौथा और पांचवां मैच बेलफास्ट स्थित सिविल सर्विस क्रिकेट क्लब में आयोजित होगा। आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच वनडे इतिहास में साल 2010 से अब तक कुल 33 मैच आयोजित हुए हैं, जिसमें 18 मैच अफगानिस्तान के पक्ष में रहे, जबकि 13 मुकाबले आयरलैंड ने जीते। इनके अलावा, 2 मुकाबले बेनतीजा रहे हैं।



# अर्थ जगत

**आरबीआई ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया, महंगाई का घटाया**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया। वहीं खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान भी मामूली घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी उथल-पुथल का घरेलू आर्थिक गतिविधियों पर भी कुछ असर पड़ सकता है।



## सोने में 4,021 रुपये तक की बढ़त

# चांदी की कीमतों में 6,510 रुपये की तेजी



*नई दिल्ली। बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखी जा रही है। हफ्ते के तीसरे दिन जहां सोने के भाव में लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिल रही है, तो वहीं दूसरी तरफ चांदी की कीमतें 2 प्रतिशत से भी ज्यादा की तेजी के साथ कारोबार कर रही है। बताते चलें कि सोने और चांदी के भाव में कल भी शानदार तेजी देखने को मिली थी।*

**सोने के भाव में 2 प्रतिशत तक की तेजी**-बुधवार को सुबह लगभग 11.19 बजे, 5 अक्टूबर की डिलीवरी वाला सोना 2114 रुपये (1.47 प्रतिशत) की बंपर तेजी के साथ 1,46,413 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था। आज सोने ने 512 रुपये की बढ़त लेकर 1,44,811 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार शुरू किया था, खबर लिखे जाने तक, सोने का भाव 4021 की बढ़त लेकर 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे हाई से लेकर 1,44,811 रुपये प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे लो तक पहुंच चुका था। यानी, कल के बंद भाव की तुलना में आज सोने की कीमतें 4,021 रुपये तक बढ़ चुकी हैं।

सोने की तुलना में आज चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। बुधवार को 4 सितंबर की डिलीवरी वाली चांदी की कीमत 4490 रुपये (2.03 प्रतिशत) की जोरदार तेजी के साथ 2,26,105 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार कर रही थी। आज चांदी ने 2384 रुपये की शानदार तेजी के साथ 2,23,999 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार शुरू किया था, जो मंगलवार को 2,21,615 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। खबर लिखे जाने तक, चांदी का भाव 2,26,543 रुपये प्रति किलोग्राम के इंट्राडे हाई से लेकर 2,23,244 रुपये प्रति किलोग्राम के इंट्राडे लो तक पहुंच चुका था। अंत में कारोबार के दौरान चांदी 6510 रूपए की बढ़त लेकर 228400 रूपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। कल के बंद भाव की तुलना में आज चांदी का भाव 4,928 रुपये तक बढ़ चुका है।

**कल सर्राफा बाजार में कैसा रहा था कारोबार**-मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, जबकि चांदी के भाव बिना किसी बदलाव के स्थिर रहे। अखिल भारतीय सर्राफा संघ द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये चढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। जबकि, चांदी की कीमतें बिना किसी बदलाव के 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं

# एलपीजी सिलेंडर पर सरकार जल्द वसूल सकती है नया शुल्क

## रसोई गैस और नेचुरल गैस का बनेगा रिजर्व

*नई दिल्ली। एलपीजी और पाइप्ड नेचुरल गैस का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं के लिए आने वाले समय में अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार रणनीतिक ईंधन भंडारण योजना के लिए करीब 42 अरब डॉलर (लगभग 3.99 लाख करोड़ रुपए) जुटाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। हालांकि, सरकार की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।*

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत एलपीजी और प्राकृतिक गैस उपभोक्ताओं से मामूली शुल्क लिया जा सकता है। इस राशि का उपयोग देश में एलपीजी, एलएनजी और अन्य ईंधन के रणनीतिक भंडारण ढांचे को विकसित करने के लिए किया जाएगा। यदि इस योजना को मंजूरी मिलती है, तो पहली बार भारत का रणनीतिक ईंधन भंडार कार्यक्रम कच्चे तेल के साथ-साथ एलपीजी और एलएनजी को भी शामिल करेगा।

**कितनी हो सकती है बढ़ोतरी** - मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पेट्रोलियम मंत्रालय एलपीजी पर 1.29 रुपए प्रति किलोग्राम शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है। इससे 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 18 रुपए की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, प्राकृतिक गैस पर 1.43 रुपए प्रति मानक घन मीटर शुल्क का भी प्रस्ताव बताया गया है। इन दोनों शुल्कों से हर साल करीब 1.5 अरब डॉलर जुटाए जाने का अनुमान है।

**42 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान** -रिपोर्ट के अनुसार, अगले 10 वर्षों में इस रणनीतिक भंडारण कार्यक्रम पर लगभग 42 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान है। इसमें भंडारण इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के साथ-साथ ईंधन का रणनीतिक स्टॉक तैयार करने पर भी खर्च किया जाएगा। कच्चे तेल के रणनीतिक भंडार पर होने वाला खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि एलपीजी और प्राकृतिक



गैस के भंडारण ढांचे के लिए प्रस्तावित शुल्क से राशि जुटाई जा सकती है। यह प्रस्ताव पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और भारत की आयातित ऊर्जा पर निर्भरता को देखते हुए तैयार किया गया है। फिलहाल यह विभिन्न मंत्रालयों के स्तर पर विचाराधीन है और इसे अभी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी नहीं मिली है। इसलिए किसी भी शुल्क को लेकर अंतिम फैसला होना अभी बाकी है।

# दो दिवसीय नेशनल गारमेंट एक्स्पो 8 से



*जबलपुर, देशबन्धु। जबलपुर गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर एसोसिएशन परिसर में 8 एंव 9 अगस्त को नेशनल गारमेंट एक्स्पो लगने जा रहा है। पत्रवार्ता में जबलपुर गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर के प्रबंध संचालक दीपक जैन ने बताया कि एक्स्पो में प्रदेश एंव अन्य प्रदेशों से लगभग 700 से 800 व्यापारिक प्रतिनिधियों की आने की संभावना है।*

जबलपुर गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर एसोसिएशन महाकौशल के जबलपुर शहर में शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना है। जो कि लगभग 8.5 एकड़ में निर्मित है, जिसमें 200 इकाईयों कार्यरत है हमारे क्लस्टर में मुख्य रूप से शर्ट्स, लोवर कुर्ता-पेजामा शेरवानी वेडिंग सूट्स फॉरमल सूटस पेंट सलवार सूट, कोर्ड सेट, प्लाजो, स्कूल, कॉरपर गंध स्पोट यूनिफार्मका निर्माण कार्य होता है। जो देश के विभिन्न हिस्सों में निर्यात किया जाता है। जबलु का रेडीमेड उद्योग देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। नेशनल गारमेंट एक्स्पो फेयर लगाने का उद्देश्य नगर, स्वंय के प्रदेश, एंव दूसरे प्रदेशों में जबलुपर के रेडीमेड उत्पादों का प्रचार-प्रसार करना है। जिससे क्लस्टर के व्यवसायियों को व्यवसायिक प्लेटफार्म मिल सके एंव इकाईधारकों की सहज सुलभ अप्रोच व्यपारियों से बन सके। नेशनल गामेंट एक्स्पो फेयर में रात 8.00 से 10.00 बजे तक व्यपारियों और इकाईधारकों के मनोरंजन के लिये म्यूजिकल नाइट का प्रोग्राम भी रखा गया है साथ ही सभी व्यापारियों के लच की व्यवस्था रखी गई है। फेयर में कुछ बैंकों के भी स्टॉल रूप में सहभागिता है जो फेयर में आये व्यपारियों को अपनी योजनाओं के विषय में जानकारी देंगे ।

# रेपो दर को बरकरार रखना संतुलित कदम, आवास क्षेत्र में मांग,निवेश को मिलेगा समर्थन-रियल एस्टेट

*नई दिल्ली। जमीन, मकान के विकास से जुड़ी कंपनियों तथा विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में स्थिरता से घर खरीदारों तथा डेवलपर का भरोसा बढ़ेगा, आवास की मांग को समर्थन मिलेगा और क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि को गति मिलेगी। आरबीआई ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक बुधवार को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा।*

रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा, मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, आरबीआई का नीतिगत दर रेपो को यथावत रखना एक संतुलित फैसला है। इस समय रियल एस्टेट क्षेत्र की नीति में स्थिरता की जरूरत थी और केंद्रीय बैंक के इस कदम से डेवलपर और घर खरीदने वालों, दोनों का भरोसा बढ़ेगा। उम्मीद है कि ब्याज दरों में स्थिरता से घरों की मांग बनी रहेगी और क्षेत्र में तेजी जारी रहेगी।

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का आरबीआई का फैसला रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए स्थिरता और भरोसा लेकर आया है। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय विश्वास और नीतिगत निरंतरता का सकारात्मक संकेत देता है। ब्याज दरों का स्थिर माहौल डेवलपर और खरीदारों, दोनों को अधिक निश्चितता के साथ अपनी योजनाएं बनाने में मदद करता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, महंगाई पर मुख्य रूप से आपूर्ति पक्ष के दबाव और जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच नीतिगत दरों को यथावत रखने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के साथ-साथ वैश्विक और घरेलू स्तर पर उभरते जोखिमों पर सतर्क नजर बनाए रखने के केंद्रीय बैंक के संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, आरबीआई का फैसला ऐसे समय में एक संतुलित और दूरदर्शी कदम है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और बाहरी चुनौतियों का सामना कर रही है।

# कच्चे तेल बाजार में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की कोशिशों में प्रगति की खबरों के बाद बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड दोनों करीब तीन हफ्ते के सबसे निचले स्तर पर आ गए। ब्रेंट क्रूड लगभग 5 फीसदी टूटकर 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। वहीं अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 5 फीसदी से ज्यादा गिरकर 75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया।

## मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 95. 34 |
| एक यूरो | 109. 58 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 128. 83 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 66. 73 |
| एक जापानी येन | 0. 60 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-143500 चांदी-226200

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-143500 चांदी-226200

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 9000-10000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 12500-13000, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7300-7500 चना दाल मार्का 7500-8000, मसूर दाल एवरेज 7200-7500, मसूर दाल फाइन 7500-8000, उड़द छिलका 8500-9500, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9000- 9500, फाइन 10000-10500। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3300, बेस्ट 3700-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4800-5000,एचएमटी-5000-5500 फाइन-6000-6200, जेजेएल चालू 6500-6800, फाइन 7000-7200, बासमती कनकी चालू 3000-3300, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4500-5000, मोगरा- 5000-5500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 9000-10000, बेस्ट 10000-12000 पोहा- 4600-4700, फाइन 5200-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन-7000-8500 रु.।

# उतार-चढ़ाव भरे सत्र में सेंसेक्स 152 अंक बढ़कर बंद



*मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लगातार चौथी बार प्रमुख नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखने के बाद बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 152 अंक बढ़कर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 152.05 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 78,581 पर बंद हुआ। इसके*

**सत्र के पहले भाग में 79,055.38 का दिन का उच्चतम स्तर छुआ**

*17 शेयरों में बढ़त, 12 में गिरावट और एक शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ। सूचकांक की शुरुआत तेजी के साथ हुई और सत्र के पहले भाग में इसने 79,055.38 का दिन का उच्चतम स्तर छुआ।*

हालांकि, दोपहर बाद के सत्र में सूचकांक में गिरावट आई और यह 769.64 अंक गिरकर 78,285.74 के निचले स्तर पर पहुंच गया। सत्र के समापन से पहले ब्लूचिप बैंकिंग, ऑटो और पूंजीगत सामान शेयरों में आई तेजी ने सूचकांक को नुकसान से उबरने में मदद की। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 9.75 अंक या 0.04 प्रतिशत बढ़कर 24,624.65 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान इसने 24,677.60 का उच्च स्तर और 24,497.95 का निम्न स्तर छुआ।

# इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर में रोजगार की बंपर बहार



**2030 तक 4 करोड़ नौकरियों का अनुमान**

*मुंबई। इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग 2030 तक तीन से चार करोड़ नौकरियां पैदा कर सकता है। इस दौरान इंजीनियरिंग, ऊर्जा प्रणालियों और बैटरी प्रौद्योगिकियों में विशेष प्रतिभा की बढ़ती मांग के चलते नियुक्तियों में सालाना 15-20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।*

मानव संसाधन कंपनी एडेको इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया वाहनों और सार्वजनिक परिवहन में ईवी को अपनाने में तेजी आ रही है, इसलिए भारत का ईवी उद्योग अपने सबसे अधिक रोजगार-गहन चरण में प्रवेश कर रहा है। इसमें आगे कहा गया कि यह खंड वाहन निर्माण के अवसर से विकसित होकर अब एक पूरी तरह से एकीकृत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बन रहा है। रिपोर्ट कहती है कि ईवी क्षेत्र में 2030 तक तीन से चार करोड़ नौकरियां पैदा होने का अनुमान है, जिसमें 10-15 प्रतिशत प्रत्यक्ष और 85-90 प्रतिशत अप्रत्यक्ष नौकरियां होंगी।

यह रिपोर्ट 100 से अधिक कंपनियों के निष्कर्षों पर आधारित है। इसके मुताबिक, नियुक्तियों में सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5600, 8 एम एम 5380, 10 एम एम 52 60,12 एम एम, 5200 एवं 16 एम 52 00 रु.। तार- 72 रु. किलो।

# एमडीआर पर फैसला जल्दबाजी होगी, निवेश जरूरी-आरबीआई गवर्नर

*नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल 'इंतजार करें और देखें' का रुख अपनाना उचित होगा। डिजिटल भुगतान से जुड़े कानूनों में सरकार के प्रस्तावित संशोधनों के बाद मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होने की अटकलों के बीच उन्होंने यह बात कही।*

'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' व्यापारियों से लिया जाने वाला डिजिटल भुगतान शुल्क है। यह वह शुल्क है जो डिजिटल भुगतान प्रसंस्करण करने पर व्यापारी से बैंक या भुगतान सेवा प्रदाता वसूलते हैं। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा के बाद मल्होत्रा ने संवाददाताओं कहा कि डिजिटल भुगतान जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचा में निवेश जरूरी है और इसकी लागत किसी न किसी को उठानी होगी। इसके लिए दो विकल्प हैं। पहला, आम जनता कर के माध्यम से इसकी लागत उठाए। दूसरा, उपयोगकर्ता भुगतान मॉडल (यूजर पे) के तहत 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' लगाया जाए। मल्होत्रा ने कहा, ''फिलहाल सरकार डिजिटल भुगतान से जुड़े कानूनों में संशोधन ला रही है। हमारा ध्यान इस सार्वजनिक




अवसंरचना को और मजबूत तथा अधिक दक्ष बनाने पर है। आगे क्या होगा, इसके लिए इंतजार करना होगा।'' देश में एमडीआर का मुद्दा लंबे समय से चर्चा में है। बैंक और भुगतान उद्योग से जुड़े अन्य पक्ष इसे लागू करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सरकार ने अब तक इस पर कोई फैसला नहीं किया है। वहीं यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) जैसे डिजिटल भुगतान मंच का उपयोग लगातार तेजी से बढ़ रहा है। बाजार के कुछ जानकारों का मानना है कि भविष्य में व्यापारी और ग्राहक के बीच एक निश्चित सीमा से अधिक मूल्य के यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लागू किया जा सकता है, जबकि व्यक्तियों के बीच लेनदेन को इससे बाहर रखा जा सकता है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि डिजिटल भुगतान सेवा की लागत किसी न किसी को वहन करनी होगी। उन्होंने कहा कि 'यूजर पे' सिद्धांत के तहत लेनदेन करने वाले व्यापारी या उपयोगकर्ता से एमडीआर के रूप में शुल्क लिया जाता है। हालांकि, यदि एमडीआर नहीं भी लगाया जाता है, तब भी इस व्यवस्था की लागत अंततः आम जनता करों के माध्यम से वहन करती है। मल्होत्रा ने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें डिजिटल भुगतान अवसंरचना में निवेश जारी रखना है और इसके लिए साधन तलाशने होंगे। वह चाहे एमडीआर के जरये हो या फिर किसी अन्य माध्यम से। इस पर आगे की स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार करना होगा।'' आरबीआई के डिप्टी-गवर्नर रोहित जैन ने कहा कि केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (ई-रुपया) का उपयोग लगातार बढ़ रहा है और आरबीआई बैंकों को इसके नए उपयोग विकसित करने के लिए आग्रह कर रहा है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## अब हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया

# जान जोखिम में डालकर स्टॉप डेम के पिलरों से कूदकर जाते है स्कूल

### जनहित याचिका के रूप में सुनवाई करते हुए नोटिस जारी कर मांगा जवाब

### देशबन्धु ने अपने 2 अगस्त के अंक में प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित की थी खबर

**जबलपुर, देशबन्धु।** विदिशा जिले के गुलाबगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले चार गांव के छात्र-छात्राएं बेतवा नदी में स्टॉप डेम के बनाये गये पिलरों पर कूदकर स्कूल जाते है। छात्र-छात्राएं स्कूल जाने के लिए रोजाना अपनी जान जोखिम में डालते है। इस संबंध में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल ने मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

दरअसल तस्वीर के साथ प्रकाशित खबर में कहा गया था कि विदिशा जिले के गुलाबगंज तहसील स्थित बेतवा नदी में स्टॉप डेम के लिए पिलरों का निर्माण कर दिया गया है। नदी में बने 9 पिलरों का उपयोग छात्र-छात्राएं स्कूल जाने के लिए करते है। छात्र.छात्राएं संतुलन बनाते हुए एक.एक पिलर को कूदकर नदी को पार करते हुए शासकीय हाईस्कूल पलोह जाते है। स्कूलों जाने लिए छात्रों को रोजाना जान जोखिम में डालते है। छात्रों को मजबूरन ऐसा इसलिए करना पड़ता है कि सड़क मार्ग का रास्ता 10 से 15 किलोमीटर लंबा है। युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ तथा अधिवक्ता हिमांशु मिश्रा को कोर्ट मित्र अधिवक्ता नियुक्त करते हुए उनसे नदी में पुल बनाने या स्टॉप डेम बनाकर आने जाने के लिए रास्ता बनाने जाने के संबंध में सुझाव मांगे है। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि स्टॉप डेम के दोनों तरफ बेरिकेटिक कर चौकीदार की नियुक्ति की गयी है। न्यायिक अधिकारियों की टीम के द्वारा भी निरीक्षण किया गया है। किरमची बंधेरा के माध्यमिक स्कूल को अपग्रेड कर हाई स्कूल में तब्दील करने का प्रस्ताव लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा गया है। वर्तमान में उक्त स्कूल में अस्थाई तौर पर हाई स्कूल में तब्दील कर दो शिक्षकों को नियुक्ति किया गया है। युगलपीठ ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि अस्थाई तौर पर बनाये गये स्कूल में दो शिक्षक सभी विषय कैसे पढ़ा सकते है। इससे विद्यार्थियों की पढाई प्रभावित होगी। युगलपीठ ने इस संबंध में रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी करते हुए प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव और विदिशा कलेक्टर को नोटिस जारी करते हुए स्ट्टेस रिपोर्ट के साथ जवाब प्रस्तुत करने के आदेश जारी किये है। याचिका पर अगली सुनवाई 21 सितम्बर को निर्धारित की गयी है।





अपने भविष्य के लिए जान खतरे में डालता 'देश का भविष्य'

**स्कूल जाने उफनती बेतवा पार करने मजबूर छात्र**

**विदिशा, देशबन्धु।** शिक्षा व्यवस्था की दशा-दिशा सुधारने के दावों-वादों के बीच विदिशा जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें चार गांवों के स्कूली बच्चे उफनती बेतवा नदी पर बने स्टॉप डैम के संकरे हिस्सों पर छलांग लगाकर स्कूल पहुंच रहे थे। बारिश के बीच मौत को चुनौती देते इन बच्चों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो प्रशासन भी हरकत में आ गया। घटना ग्राम पंचायत जीवाजीपुर के पलोह गांव की है। यहां के साथ-साथ ककरुआ, इमलिया, बंधेरा और बहलोद चक के छात्र पलोह स्थित शासकीय हाई स्कूल में पढ़ने आते हैं। सड़क मार्ग से स्कूल पहुंचने पर 10 से 15 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है, जबकि स्टॉप डैम पार करने पर दूरी महज डेढ़ किलोमीटर रह जाती है। इसी वजह से बच्चे रोज इसी खतरनाक रास्ते को चुन रहे थे। बारिश के कारण बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ने से स्टॉप डैम और भी खतरनाक हो गया था। वायरल वीडियो में छात्र-छात्राएं तेज बहाव के बीच डैम के संकरे मोहरों पर छलांग लगाते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर एक भी बच्चा पैर फिसल जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। वीडियो सामने आते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्टॉप डैम से लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी। मौके पर चौकीदार तैनात कर दिए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि असली समाधान केवल रास्ता बंद करने से नहीं होगा। उनका मानना है कि इस क्षेत्र में स्थायी पुल का निर्माण जरूरी है। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया कि बंधेरा के स्कूल को हाई स्कूल में उन्नत करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। फिलहाल वहां कक्षा 9 और 10 के कुल 10 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। दो किलोमीटर से अधिक दूरी वाले छात्रों को पहले ही साइकिलें दी जा चुकी हैं और वे सड़क मार्ग से सुरक्षित स्कूल पहुंच सकते हैं, लेकिन समय बचाने के लिए डैम का रास्ता चुन रहे थे। प्रशासन ने यह भी बताया कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के माध्यम से स्टॉप डैम पर स्लैब डालने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे भविष्य में जरूरत पड़ने पर आवागमन अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। फिलहाल बारिश के मौसम को देखते हुए इस रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

## अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश

# सक्रिय मौसम प्रणालियां कमजोर, नहीं बरस रहा पानी, उमस से लोग परेशान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में मानसून की रफ्तार फिर धीमी पड़ गई है। लगातार पांच दिनों से कहीं भी व्यापक और भारी बारिश दर्ज नहीं होने से प्रदेश में वर्षा का घाटा बढ़कर 18 प्रतिशत तक पहुंच गया है। हालात यह हैं कि 55 में से 43 जिले सामान्य बारिश से पीछे चल रहे हैं और पूरे सीजन में अब तक औसत से करीब साढ़े तीन इंच कम पानी बरसा है।

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मौसम प्रणालियां पर्याप्त मजबूत नहीं रहीं, इसलिए प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश ही हुई। हालांकि, अब उत्तर भारत में सक्रिय दो चक्रवाती परिसंचरण और नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में अब तक औसतन 16 इंच (407.2 मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस समय तक 19.5 इंच (495.2 मिमी) बारिश हो जानी चाहिए थी। यानी प्रदेश सामान्य से करीब 18 प्रतिशत पीछे है और अब तक सामान्य वर्षा का आधा आंकड़ा भी पूरा नहीं हो सका।



### इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

दतिया, भिंड, छतरपुर, पन्ना और सतना में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। यहां औसतन 22 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है और सभी जिले सामान्य से पीछे हैं। वहीं पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी 15 प्रतिशत बारिश की कमी बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों में मानसून फिर जोर पकड़ सकता है और प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है।

# राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 का आयोजन 8 अगस्त से 13 अगस्त तक किया जाएगा। जबलपुर में यह परीक्षा एक परीक्षा केंद्र नेपियर टाउन स्थित शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे ( 12 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं 13 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक) तक होगी।

परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन के लिए आयोग ने जबलपुर संभाग हेतु सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रभात पाराशर को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। श्री पाराशर का मोबाईल नंबर 94251 03006 है। संभागीय पर्यवेक्षक संभाग किसी भी समय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर सकेंगे। परीक्षार्थी परीक्षा व्यवस्था से संबंधित शिकायत आयोग की हेल्पलाइन, ई-मेल अथवा संभागीय पर्यवेक्षक के मोबाइल नंबर पर दर्ज करा सकेंगे।

प्राप्त शिकायतों की जांच पर्यवेक्षक स्वयं करेंगे तथा आवश्यक होने पर कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक अथवा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा से प्रतिवेदन प्राप्त कर अपना अभिमत आयोग को भेजेंगे।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय प्रेक्षक परीक्षा से पहले भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करेंगे।

### 12 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अनूपपुर, देशबन्धु।** चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलाई शनिचरी बाजार में बुधवार सुबह 12 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार स्वामी विवेकानंद स्कूल में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत लक्ष्य दास सुबह अपने दादा से मोबाइल लेकर कमरे में गया था। कुछ देर बाद जब वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद खिड़की तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया, जहां छात्र फंदे से लटका मिला।

# बेटे ने लाठी से पीट-पीटकर ले ली पिता की जान, गिरफ्तार

### घरेलू विवाद में हुई वारदात, बीच-बचाव करने पहुंची मां भी घायल

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद एक युवक ने अपने ही पिता की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंची मां भी हमले में घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम देवरा बड़काटोला निवासी संजू बैगा उर्फ गुड्डी का अपने माता-पिता से घरेलू विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आरोपी ने पहले अपनी मां के साथ मारपीट की। पिता दऊआ बैगा जब बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपी ने उन पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दऊआ बैगा को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जयसिंहनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल ने बताया कि गंभीर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। मामले की विवेचना पूर्ण कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए अदालत में प्रस्तुत कर दिया गया है।



## राज्य सरकार ने यात्री बसों के किराए में इजाफा

# बसों का अधिकतम 2 रुपये प्रति किमी और रात को 10 प्रतिशत अतिरिक्त लगेगा



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार ने यात्री बसों के किराए में इजाफा कर दिया है। सामान्य मिनी बसों का अधिकतम किराया 2 रुपए प्रति किलोमीटर तय कर दिया है। किराया बढ़ोतरी को लेकर बस ऑपरेटरों ने 7 अगस्त से हड़ताल का ऐलान किया था। इससे पहले राज्य सरकार यात्री बसों की नई किराया सूची जारी कर दी है।

बस ऑपरेटर की मांग को देखते हुए परिवहन विभाग ने यात्री बस किराए को लेकर नई अधिसूचना जारी की है। यह नई दरें 5 अगस्त 2026 से प्रभावी हो गई है। अतिरिक्त रात्रि किराया डीलक्स नॉन एसी स्लीपर, डीलक्स एसी बस और सुपर लग्जरी कोच के किरायों पर चार्जेबल नहीं होगा। एक्सप्रेस बस सेवाओं के लिए कोई अतिरिक्त प्रभार नहीं किया जाएगा। परिवहन आयुक्त द्वारा समय-समय पर बस सेवाओं का रात्रिकालीन सेवा, डीलक्स, एसी डीलक्स और सुपर लग्जरी कोच सेवाओं के रूप में वर्गीकरण किया जाएगा।

### यात्री बसों का नया किराया

**वाहन का प्रकार - अधिकतम यात्री किराया**

**सामान्य मंजिली बस**- 2 रुपए प्रति यात्री प्रति किमी या न्यूनतम 10 रुपए

**रात्री बस सेवा**- सिटी बस छोड़कर सामान्य गाड़ी के किराए से 10 प्रतिशत अधिक

**डीलक्स बस (नॉन एसी)**- सामान्य गाड़ी के किराए से 25 प्रतिशत अधिक

**स्लीपर सामान्य**- मंजिली गाड़ी के किराए से 40 प्रतिशत अधिक

**डीलक्स बस (एसी)**- सामान्य मंजिली गाड़ी के किराए से 50 प्रतिशत अधिक

**सुपर लग्जरी कोच (एसी)**- सामान्य मंजिली गाड़ी के किराए से 75 प्रतिशत अधिक।

### भुसावल-कटनी एक्सप्रेस ट्रेन एक फेरा निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य रेल के भुसावल मण्डल में भादली-जलगांव रेलखण्ड पर पांचवी रेललाइन कनेक्शन के लिए प्री-एनआई एवं नॉनइंटरलॉकिंग कार्य के चलते कुछ रेलगाड़ियां प्रभावित रहेगी। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से संचालित गाड़ी संख्या 19013/19014 भुसावल-कटनी-भुसावल एक्सप्रेस ट्रेन को एक-एक ट्रिप के लिए निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन भुसावल से 12 अगस्त को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन कटनी से 14 अगस्त को निरस्त रहेगी।

## स्वास्थ्य विभाग की दबिश, अनियमितताएं मिली

# डॉक्टर लाल पैथलैब सील, जनता पाइल्स आयुर्वेदिक हॉस्पिटल को नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के कांचघर में डॉक्टर लाल पैथलैब्स पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दबिश दी, जहां पर जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाए जाने पर लैब को सील कर दिया गया। इसी तरह लेबर चौक पर जनता पाइल्स आयुर्वेदिक हॉस्पिटल को नोटिस दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से एक बार फिर हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई।

बताया गया है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी के निर्देश पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अमिता जैन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जया श्रीवास्तव, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील तथा सदस्य विकास श्रीवास्तव के जाँच दल द्वारा कांचघर स्थित डॉ. लाल पेथलैब्स सैंपल कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में इलाइट इंजीनियरिंग बायोमेडिकल बेस्ट का रजिस्टर प्राप्त नहीं हुआ।

डॉ. लाल पेथलैब्स सैंपल कलेक्शन सेंटर में कार्यरत टेक्नीशियन के पास न्यू दिल्ली पैरामेडिकल काउंसिल अथवा मध्य प्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल का रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। सेंटर को तत्काल सील कर उन्हें तीन दिवस का समय दिया गया है कि वह सेंटर से संबंधित व कार्यरत स्टॉफ के समस्त डॉक्यूमेंट लेकर सीएमएचओ कार्यालय में उपस्थित होंवे। लेबर चौक, स्नेह नगर जबलपुर स्थित जनता पाइल्स हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल का पंजीयन आयुर्वेदिक उपचार के लिए किया गया था लेकिन वहां एलोपैथिक दवाइयां प्राप्त हुई। इलाइट इंजीनियरिंग बायो मेडिकल वेस्ट का पंजीयन था परन्तु मेंटेनेंस रजिस्टर नहीं मिला।

अस्पताल को नोटिस देकर सभी कार्यरत स्टॉफ की शैक्षणिक योग्यता सर्टिफिकेट तथा अस्पताल के पंजीयन से संबंधित समस्त डॉक्यूमेंट लेकर विक्टोरिया सीएमएचओ ऑफिस में तीन दिन दिवस के अंदर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।









## मैहर से लौटते वक्त हादसा, आठ गंभीर रूप से घायल

# जबलपुर-नरसिंहपुर रोड पर पलटी बोलेरो, एक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मैहर से दर्शन कर लौट रही बुलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर बहोरीपार टोल नाका के पास पलट गई। बुलेरो पलटने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिवार के आठ सदस्यों को गंभीर चोटें आई है, जिन्हे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भरती कराया गया है। जहां पर चार लोगों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव निवासी रोहित मालवीय उम्र 35 वर्ष अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ मैहर में मां शारदा के दर्शन करने के बाद घर के निकले। जब चालक जबलपुर व नरसिंहपुर के बीच पडने् वाले बहोरीपार टोल नाका से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान सामने से आए भारी वाहन को साइड दिया, तभी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पलटते देख राह चलते लोगों में चीख पुकार मच गई, सभी लोग पहुंच गए, जिन्होने बुलेरों के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालकर पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां पर रोहित मालवीय को जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, वहीं कार चालक राजा राय उम्र 30 वर्ष, देवेंद्र साकुले 29 वर्ष, पलक साकुले 25 वर्ष, खुशबू मालवीय 30 वर्ष, श्यामाबाई मालवीय 80वर्ष, सोमवती मालवीय 50 वर्ष के शरीर पर गंभीर चोटें आई है, इसके अलावा दो बच्चे अथर्व 7 वर्ष व चीनी 2वर्ष भी घायल हुए है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि सुबह के वक्त चालक को नींद का झोंका आया जिससे यह हादसा हुआ है।



### 13 साल की मासूम से बंधक बनाकर दुष्कर्म

**सिंगरौली, देशबन्धु।** सिंगरौली जिले के सरई थाना क्षेत्र में एक 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां ने सरई थाने में शिकायत दर्ज कराई कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे उनकी 13 वर्षीय बेटी अस्पताल के सामने अकेली बैठी थी। इसी दौरान रेलवे कंपनी में कार्यरत दो युवक उसे जबरन अपने साथ ले गए। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने बच्ची को नदी किनारे ले जाकर पूरी रात बंधक बनाए रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। बुधवार सुबह आरोपी पीड़िता को अस्पताल के बाहर छोड़कर फरार हो गए।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 112
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 116
छोटा ब्रॉयलर - रु. 122
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 126
मुर्गा मीडियम - रु. 120
मुर्गा बड़ा - रु. 116
मुर्गा जम्बो - रु. 116
मो.-9039925000, 9425800409

समदड़िया सिनेमा
FOR PRIVATE SCREENING 7999968989
SPIDER MAN BRAND NEW DAY 3D HINDI
8:30AM 11:15AM 12:30PM 3:15PM
5:00PM 8:00PM 10:45PM 11:45PM
DHAMAAL 4
11:00AM 3:45PM 6:20PM 8:30PM 11:15PM
DIL DEEWANA HO GAYA
12:15PM
JAN NETA
9:00AM 3:00PM 11:00PM
BHAI TERA STAR HAI
9:30AM 1:30PM 9:00PM
THE BOSE FILE 6:15PM
THE ODYSSEY (HINDI) 9:15AM
SPIDER MAN (ENGLISH) 6:00PM
SPIDER MAN 2D (HINDI) 2:00PM 9:00APM